CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28°C
न्यूनतम : 23°C

नई दिल्ली, सोमवार 18 अगस्त 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 136 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 23 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग को दी नसीहत

पेज 2



सूर्य कुमार यादव ने फिटनेस टेस्ट किया पास

खेल टाइम्स




निर्वाचन आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस, जवाब 'NEXT'

सम्पादकीय



पाकिस्तान में बाढ़ से हालात हुए बेकाबू 327 लोग गंवा चुके जान

पेज 12

# राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा शुरू

## भाजपा की साजिश एसआईआर कराने और बिहार के चुनाव भी चुराने की है: राहुल गांधी

सासाराम, वार्ता

**राहुल गांधी** ने रविवार को बिहार के सासाराम से मतदाता अधिकार यात्रा की शुरुआत की।

यात्रा बिहार में 16 दिनों तक चलेगी और करीब 1,300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव जीतने के चार महीने बाद बीजेपी महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव जीत जाती है। जबकि ओपिनियन पोल हमारे पक्ष में था। हालांकि जब हमने इसकी गहराई से पड़ताल की, तो पता चला कि




विधानसभा चुनाव से पहले हर विधानसभा क्षेत्र में लाखों वोटर जोड़े गए, जिसकी बदौलत भाजपा चुनाव जीत गई। अब यही कारनामा बिहार विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर के

**बिहार में 16 दिनों तक चलेगी और करीब 1,300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी यात्रा**

जरिये बिहार में किया जा रहा है। उन्होंने पूछा कि आखिर भाजपा हर चुनाव कैसे जीत जाती है। उन्होंने कहा कि एसआईआर के माध्यम से जो वोट चोरी की जा रही है, उसे हम पूरे बिहार की जनता को दिखाएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि यह संविधान और मताधिकार को बचाने की लड़ाई है। हम गरीबों के वोट की चोरी नहीं होने -शेष पृष्ठ दो पर

# जम्मू-कश्मीर के कठुआ में तीन जगह बादल फटा, सात की मौत

नई दिल्ली, वार्ता

**जम्मू- कश्मीर** व हिमाचल प्रदेश में रविवार सुबह बादल फटा है। जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की ये बीते 3 दिन में दूसरी घटना है। रविवार को कठुआ जिले में बॉर्डर से सटे इलाके में 3 जगह बादल फटा। जोद घाटी इलाके में 7 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हैं।

जोद के अलावा मथरे चक, बगार्ड-चंगड़ा और दिलवान-हुटली में भी लैंडस्लाइड हुई। लैंडस्लाइड के बाद जोद गांव का शहर से संपर्क टूटा गया था, काफी मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम गांव पहुंची। घरों में कई फीट तक पानी-मलबा भरा है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कठुआ डिप्टी एसपी राजेश शर्मा ने कहा कि लैंडस्लाइड में 2 से 3 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। 6 लोगों के फंसे होने की सूचना है। जांगलोट समेत नेशनल हाईवे पर कई जगह पर सड़क को नुकसान पहुंचा है। रेलवे ट्रैक भी बाधित है। वहीं -शेष पृष्ठ दो पर



**बीते तीन दिन में दूसरी घटना, कई घायल, हिमाचल के कुल्लू में भी बादल फटने से तबाही**

### मुंबई में भारी बारिश, चंडीगढ़-मनाली हाईवे बंद यूपी में बाढ़ में फंसी गर्भवती की नाव पर मौत

**नई दिल्ली।** कुछ दिन के ब्रेक के बाद मानसून एक बार फिर से एक्टिव हो गया है। हिमालय के राज्यों में बादल फटने की घटनाएं हो रही हैं। वहीं मैदानी इलाकों बाढ़ का पानी फसलों और रिहायशी इलाकों को नुकसान पहुंचा रहा है। मुंबई शहर, पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग के अलावा कोंकण और गोवा में अचानक बाढ़ आने की संभावना है। उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में अस्पताल जा रही गर्भवती महिला की नाव पर ही मौत हो गई। मड़इया गांव बाढ़ के पानी से घिरा है। ऐसे में परिजनों ने प्रसव पीड़ा होने पर नाव से आशा कार्यकर्ता को बुलाया। आशा कार्यकर्ता ने जांच के बाद अस्पताल ले जाने को कहा। पडिण्त और आशा कार्यकर्ता जमुना को नाव में लिटाकर अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन महिला ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मध्य प्रदेश में भी बाढ़ के हालात हैं।

### उपराष्ट्रपति चुनाव में सीपी राधाकृष्णन होंगे एनडीए के उम्मीदवार



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की बैठक में इस पर सहमति बनी। नड्डा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसका ऐलान किया। राधाकृष्णन 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान एनडीए शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 सितम्बर को वोटिंग होगी। उसी दिन काउंटिंग भी होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है। दरअसल, जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था।

# सीईसी की राहुल गांधी को चेतावनी

## सीईसी ने कांग्रेस नेता के आरोपों को किया सिरे से खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला है। सीईसी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता के आरोपों को सिरे से खारिज किया।

उन्होंने कहा कि सिर्फ पीपीटी दिखाने से, वो भी जिसमें आंकड़े चुनाव आयोग के नहीं हैं, झूठ सच नहीं हो जाता। आपको सबूत देना होगा। उन्होंने राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोलते हुए चेतावनी दी कि हलफनामा दें या देश से माफी मांगें? तीसरा कोई रास्ता नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सात दिन में हलफनामा नहीं दिया, तो आरोप निराधार मान लिए जाएंगे। उन्होंने बिहार एसआईआर की कवायद में जल्दबाजी के आरोप पर कहा कि कुछ लोग गुमराह कर रहे हैं कि एसआईआर की कवायद इतनी जल्दी क्यों की जा रही है? आप बताइए कि मतदाता सूची को चुनाव से पहले दुरुस्त करना चाहिए या बाद में? ऐसे में चुनाव आयोग अपना काम ही कर रहा है। जनप्रतिनिधित्व कानून कहता है कि आपको हर चुनाव से पहले मतदाता सूची को दुरुस्त करना होगा। यह चुनाव आयोग की कानूनी जिम्मेदारी है। फिर सवाल उठा कि क्या चुनाव समिति बिहार के सात करोड़ से ज्यादा मतदाताओं तक पहुंच पाएगी? सच्चाई यह है कि यह काम 24 जून को शुरू हुआ था। पूरी प्रक्रिया लगभग 20 जुलाई तक पूरी हो गई थी। दो एपिक वाले मतदाता कार्ड पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि डुप्लिकेट ईपीआईसी दो तरह से हो सकते हैं। एक तो ये कि एक व्यक्ति जो पश्चिम बंगाल में है, जो अलग व्यक्ति है, उसके पास एक ईपीआईसी नंबर है और दूसरा व्यक्ति जो हरियाणा में है, उसके पास वही ईपीआईसी नंबर है।



**कहा: हलफनामा दें या देश से माफी मांगें, तीसरा कोई रास्ता नहीं**

### सीईसी ने वार्ता में पत्रकारों के सवाल का कोई जवाब नहीं दिया: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि चुनाव आयोग ने जिंदा लोगों को मरा हुआ घोषित कर दिया। इस पर पत्रकार वार्ता में पत्रकारों के सवाल का कोई जवाब नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने उन लोगों को भी वोटर लिस्ट से हटा दिया, जिन्होंने अभी लोकसभा चुनाव में वोट डाला था। इस आरोप का भी कोई जवाब नहीं दिया गया। चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस बैक फायर कर गई है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि चुनाव आयोग ने एक बार फिर डिजिटल, मशीन-रीडेबल वोटर रोल देने से इन्कार कर दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग अब सीसीटीवी फुटेज न देने के लिए बहाने पर बहाना बना रही है। पहले वोट चोरी दबे पांव, दुबक कर की, अब एसआईआर के नाम पर खुलेआम की जा रही है।

### शुभांशु का स्वदेश आगमन पर भव्य स्वागत

**नई दिल्ली।** एक्सिओम-4 मिशन के तहत आईएसएस की यात्रा करने वाले पहले भारतीय ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का अमेरिका से स्वदेश पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।




# SIR विवाद के बीच मोदी का विपक्ष पर तंज

## दिल्ली-एनसीआर को लगभग 11 हजार करोड़ की दी सौगात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने रविवार को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) को लगभग 11 हजार करोड़ रुपये की सौगात दी।

उन्होंने दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं में दिल्ली खंड का द्वारका एक्सप्रेसवे और अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 (यूईआर-2) शामिल हैं। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उपस्थित रहे। इस दौरान पीएम मोदी ने एक जनसभा को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज भाजपा की सरकार दिल्ली के चारो तरफ है। यह दिखाता है जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है। यही आशीर्वाद कुछ लोग बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। वे जनता से दूर हो चुके हैं। जमीन से दूर हो चुके हैं। जहां ये कार्यक्रम हो रहा है, उस स्थान का नाम रोहिणी, जन्माष्टमी का उल्लास और संयोग से मैं भी द्वारिकाधीश की भूमि से हूं। पूरा माहौल कृष्णमय हो गया है। अगस्त का ये महीना आजादी और क्रांति के रंग में रंगा होता है। आजादी के इसी महोत्सव के बीच आज देश की राजधानी दिल्ली, देश में हो रही विकास क्रांति की साक्षी बन रही है। उन्होंने कहा कि थोड़ी देर पहले दिल्ली को द्वारका एक्सप्रेस वे और अर्बन एक्सटेंशन रोड की कनेक्टिविटी मिली है। इससे दिल्ली के, गुरुग्राम के और पूरे एनसीआर के लोगों की सुविधा बढ़ेगी। दफ्तर आना-जाना, फैक्ट्री आना-जाना और आसान होगा, सभी का समय बचेगा। हमारे -शेष पृष्ठ दो पर

**दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया उद्घाटन**

**जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है, यही आशीर्वाद कुछ लोग बर्दाश्त नहीं कर पा रहे, वे जनता से दूर हो चुके हैं**



## संक्षिप्त समाचार

### सोशल मीडिया पर विधायक पूजा पाल के खिलाफ अभद्र टिप्पणी, केस दर्ज

**प्रयागराज।** विधायक पूजा पाल को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटरद्ध पर अभद्र भाषा और आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले उमेश यादव के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। यह कार्रवाई अधिवक्ता श्याम चन्द्र पाल की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर की गई है। उमेश यादव के ही खिलाफ कौशाम्बी के पिपरी थाने में भी मुकदमा दर्ज कराया गया है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि उमेश यादव ने कई बार एक्स पर विधायक पूजा पाल के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। इससे न केवल चायल क्षेत्र की महिलाओं की भावनाएं आहत हुई बल्कि समूचे समाज को ठेस पहुंची। विशेष रूप से सेफर्ड, पाल, बघेल, धनगर, गडेरिया एवं चरवाहा समाज के लोगों ने इस पर आपत्ति जताई। कर्नलगंज थाना प्रभारी राजेश ने बताया कि तहरीर के आधार पर उमेश यादव के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गांव की गाय, गांव की तरक्की विजन को साकार करने की तैयारी

**लखनऊ।** ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई उड़ान देने की दिशा में उप्र गो सेवा आयोग ने पतंजलि योगपीठ के साथ साझा रणनीति बनाई है। हरिद्वार स्थित पतंजलि योगपीठ में उप्र गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने योग गुरु बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के सह-संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण से विस्तृत चर्चा की। इस बातचीत में उप्र में गो संरक्षण, पंचगव्य उत्पाद, प्राकृतिक खेती और बायोगैस संयंत्रों के प्रसार को बढ़ावा देने पर सहमति बनी है।

# उत्तर प्रदेश में सुदृढ़ हो रही बैंकिंग व्यवस्था

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र में वित्तीय समावेशन की नीति और सरक. ारी योजनाओं को बैंकों से जोड़ने की रणनीति ने आमजन का विश्वास बैंकिंग व्यवस्था पर और मजबूत किया है। इसके चलते शहरों के साथ-साथ कस्बों और गांवों तक बैंकों का नेटवर्क मजबूत हुआ है। इसके साथ ही, बैंकों का सीडी रेशियो भी बेहतर हुआ है।

जून 2025 के आंकड़ों में इसे स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है, जो प्रदेश की आर्थिक मजबूती और बैंकिंग गतिविधियों में आई तेजी को साफ दर्शाते हैं। अधिकृत सूत्रों के अनुसार जून 2025 तक राज्य में बैंकों की जमा राशि 1.86 लाख रुपए करोड़ वृद्धि के साथ 19.39 लाख करोड़ तक पहुंच गई है। जून 2024 की तुलना में यह 10. 60 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि रही। वहीं ऋण वितरण के आंकड़े में 0.93 लाख करोड़ रुपए (8.79 प्रतिशत) की वार्षिक वृद्धि दर्ज हुई है। जून 2025 में यह कुल 11.45 लाख करोड़ रुपए रहा। यह इस बात का प्रमाण है कि राज्य में निवेश और क्रेडिट का माहौल लगातार बेहतर हो रहा है। प्रदेश का सीडी रेशियो मार्च 2025 में 59.04 प्रतिशत था, जो जून 2025 में मामूली बढ़त के साथ 59.05 प्रतिशत पर स्थिर रहा। यह स्थिरता संतुलित बैंकिंग व्यवस्था का संकेत देती है। वहीं जिलावार आंकड़े दर्शाते हैं कि कई जिलों में सीडी रेशियो में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। 80 फीसदी से अधिक सीडी रेशियो वाले जिलों की संख्या बढ़ रही है।

# अखिलेश ने चुनाव आयोग को दी नसीहत

## कहा- आयोग के साहसी कदम पर टिका कई पीढ़ियों का भविष्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि चुनाव आयोग को नसीहत देते हुए कहा है कि उनका एक सही और साहसिक क़दम देश की अनंत पीढ़ियों का भविष्य और कल्याण सुनिश्चित कर सकता है।

अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग से यह अपील ऐसे समय में की है, जब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बिहार के सासाराम जिले से वोट अधिकार यात्रा की शुरुआत की है। कुछ दिनों पहले ही संसद के मानसून सत्र के दौरान एसआईआर के मुद्दे को लेकर समूचे विपक्ष ने जोरदार प्रदर्शन किया था। यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर आयोग से अनुरोध करते हुए लिखा- चुनाव आयोग को सुधार ही नहीं, आमूलचूल परिवर्तन की अपरिहार्यता है।

आज लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक दायित्व उनके कंधों पर है। माना उनके ऊपर कई प्रकार के अवांछित दबाव काम कर रहे हैं, लेकिन वो ये न समझें कि वो अकेले हैं। उन्होंने लिखा है कि जब चुनाव आयोग सही रास्ते पर चल निकलेगा, तो करोड़ों भारतवासियों का साथ उसका रक्षा कवच बन जाएगा। सत्य के मार्ग पर चलनेवालों के साथ जनता और जन विश्वास स्वयं चलने लगता है। यादव ने कहा है कि चुनाव आयोग का एक सही और साहसिक क़दम देश की अनंत पीढ़ियों का भविष्य और कल्याण सुनिश्चित कर सकता है। सबको अंतरात्मा की आवाज़ सुननी चाहिए।

# सुनवाई में देरी न्याय की नींव पर आघात: हाईकोर्ट

**21 साल बाद भी दहेज उत्पीड़न के मुकदमे का ट्रायल न शुरू होने पर अदालत ने जताई नाराजगी**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 21 साल पुराने दहेज उत्पीड़न के मुकदमे में अब तक ट्रायल शुरू नहीं होने पर नारा. जगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि सुनवाई में देरी न्याय की नींव पर आघात है। इस टिप्पणी संग न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की अदालत ने मेरठ की सुधा अग्रवाल उर्फ सुधा गर्ग की याचिका स्वीकार कर ली।

मामला मेरठ के नौचंदी थाना क्षेत्र का है। कोर्ट ने मुरादाबाद की अदालत को आदेश दिया कि मुकदमे की सुनवाई दिन-प्रतिदिन या साप्ताहिक आधार पर हो, बिना वजह स्थगन न दिया जाए। साथ ही आरोपी अगली तारीख से हर पेशी पर मौजूद रहें। गैर हाजिरी पर आरोपी का बेल बान्ड जब्त कर गैर-जमानती वारंट जारी किए जाएं और जरूरत पड़ने पर आरोपी को हिरासत में लेकर पेश किया जाए। याचिका में बताया गया कि पीड़िता का विवाह 2003 में हुआ। आरोप है कि 2004 में ससुराल वालों ने दहेज की मांग के चलते उसे घर से निकाल दिया। इसके बाद बच्चों से भी अलग कर दिया गया। पत्नी ने ससुरालियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र दाखिल कर दिया। इसी दौरान आरोपियों ने हाईकोर्ट से स्थगन आदेश ले लिया, जो वर्ष 2010 तक चला। स्थगन आदेश खत्म होने के बाद अब तक न गवाही हुई, न आरोप तय हुआ।

## भाजपा के साथ मिलीभगत कर काम करने का आरोप

# चुनाव आयोग ने फिर बड़ा झूठ बोला: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



**सीईसी ज्ञानेश कुमार की प्रेस वार्ता के बीच ही मुख्य निर्वाचन आयुक्त पर पार्टी ने बोला हमला**

चुनाव आयोग ने फिर बड़ा झूठ बोला। ये कहना है कांग्रेस पार्टी का। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने रविवार को जब प्रेस वार्ता कर राहुल गांधी को कड़े शब्दों में माफी मांगने को कहा तो देश की मुख्य विपक्षी पार्टी ने आयोग पर भाजपा के साथ मिलीभगत कर काम करने के आरोप लगाए।

खास बात ये रही की प्रेस वार्ता के बीच ही कांग्रेस पार्टी ने पलटवार किया और सोशल मीडिया मीम के सहारे देश की शीर्ष चुनावी संस्था पर हमला बोला। कांग्रेस ने कहा कि चुनाव आयोग का यह दावा कि वह सत्ताधारी पार्टी और विपक्ष के बीच कोई अंतर नहीं करता, हास्यास्पद है। पार्टी ने कहा कि सीईसी ने राहुल गांधी की तरफ से उठाए गए किसी भी प्रश्न का सार्थक उत्तर नहीं दिया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि चुनाव आयोग न केवल अपनी अक्षमता बल्कि पक्षपात के लिए भी पूरी तरह से उजागर हो गया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सवाल किया कि क्या चुनाव आयोग बिहार एसआईआर प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट के 14 अगस्त के आदेश को अक्षरशः लागू करेगा? श्वोट चोरीश के आरोपों पर सीईसी ज्ञानेश कुमार की प्रतिक्रिया पर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने केवल चुनाव आयोग की तरफ से दिए गए आंकड़ों से ही तथ्यों को उजागर किया है। इससे पहले पार्टी के आधिकारिक एक्स हैंडल पर वीडियो के उस अंश को भी शेयर किया गया, जिसमें सीईसी ज्ञानेश कुमार कहते सुने जा सकते हैं कि आयोग के सामने पक्ष-विपक्ष कोई नहीं होता। सब बराबर होते हैं। दूसरी विंडो में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की वीडियो क्लिप का इस्तेमाल किया गया है, जिसमें वे भाजपा से भी हलफनामा मांगने की चुनौती देते सुने जा सकते हैं। एक अन्य सोशल मीडिया मीम में कांग्रेस पार्टी ने पीएम मोदी की एआई जेनरेटेड फोटो का इस्तेमाल किया है। इसमें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ दो अन्य निर्वाचन आयुक्तों डा. विवेक जोशी और डा सुखबीर सिंह को भी दिखाया गया है। कार्टून जैसी इस प्रस्तुति में कांग्रेस पार्टी ने पीएम मोदी की तस्वीर के सामने लिखा है, बोल ए रहे हैं, शब्द मेरे हैं। एक अन्य सोशल मीडिया पोस्ट में कांग्रेस पार्टी किसी फिल्म के क्लिप की मीम इस्तेमाल कर आयोग और भाजपा पर मिलीभगत के आरोप लगाए। पार्टी ने इसके साथ बहुत याराना लगता है जुमले का भी इस्तेमाल किया।

### राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा पर भाजपा का तंज

**नई दिल्ली।** बिहार के सासाराम से शुरू हुई राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा पर भाजपा ने तंज कसा है। भाजपा नेता सीआर केसवन ने इसे संविधान बदनाम यात्रा करार दिया। वहीं भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि राहुल गांधी झूठ की नींव कहानी गढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। इसके अलावा बिहार भाजपा के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने यात्रा को पंक्चर टायर कहा। राहुल गांधी और कांग्रेस की मतदाता अधिकार यात्रा बिहार में 16 दिनों तक चलेगी और करीब 1,300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। भाजपा नेता सीआर केसवन ने राहुल गांधी पर अलोकतांत्रिक और छलपूर्ण तरीके से भय फैलाने की रणनीति के तहत संविधान खत्म करने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

# सरकारी अस्पतालों में भर्ती मरीजों को मिलेगी नि:शुल्क एसडीपी

**लखनऊ।** उप्र के सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने वाले मरीजों को सिंगल डोनर प्लेटलेट्स (एसडीपी) निशुल्क उपलब्ध होगा। इसके लिए उन्हें डोनर उपलब्ध कराना होगा। वहीं निजी अस्पतालों में भर्ती मरीजों को इसके लिए 9500 रुपए देने होंगे। इस बावत प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने आदेश जारी कर दिया है।

प्रदेश के मंडलीय चिकित्सालयों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत एफरेसिस मशीन लगी हुई हैं। यह मशीन शरीर से प्लेटलेट्स और प्लाज्मा सहित रक्त के विभिन्न तत्वों को अलग करती है। इसके जरिए सिंगल डोनर प्लेटलेट्स (एसडीपी) भी तैयार की जाती है। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने स्वास्थ्य महानिद. ेशक को पत्र भेजकर इसका शुल्क निर्धारित कर दिया है। उन्होंने बताया कि सरकारी चिकित्सालयों में भर्ती मरीजों को एफरेसिस मशीन द्वारा एसडीपी की जरूरत पड़ने पर कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह सुविधा डोनर उपलब्ध कराने की स्थिति में ही दी जा सकेगी। वहीं निजी अस्पतालों में इलाज करा रहे मरीजों को एसडीपी कनलिए भुगतान करना होगा।



**सेंसेक्स** 80597.66
**निफ्टी** 24631.30



**सोना रु.** 100023
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 114933
प्रति किलो



# जीएसटी सुधार का दिखेगा बाजार पर असर

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों का रुख मुख्य रूप से घरेलू स्तर पर जीएसटी सुधारों की घोषणा के साथ वैश्विक कारकों से प्रभावित होगा।

उम्मीद की जा रही है कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में होने वाले बड़े बदलावों की घोषणा का बाजार पर अनुकूल प्रभाव होगा, हालांकि निवेशक और ज्यादा विवरण की प्रतीक्षा कर सकते हैं। इसके अलावा ट्रंप-पुतिन वार्ता के बाद रूस-यूक्रेन संघर्ष के समाधान की दिशा में गति तेज होने की उम्मीद जगी है। देखने वाली बात होगी की दुनिया भर के शेयर बाजारों में इस पर कैसी प्रतिक्रिया रहती है। ट्रंप-पुतिन वार्ता से पहले बीते सप्ताह शेयर बाजारों में तेजी रही। बाजार में चार दिन कारोबार हुआ, जिसमें सोमवार, बुधवार और गुरुवार को तेजी रही, जबकि मंगलवार को गिरावट रही। शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर बाजार बंद रहे। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 739.87 अंक ( 0 . 9 3 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त में 80,597. 66 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी 268 अंक यानी 1.10 प्रतिशत चढ़कर 24,631.30 अंक पर पहुंच गया।

लगातार छह साप्ताहिक गिरावट के बाद शेयर बाजारों में तेजी आई है। वहीं 100 शेयरों पर आधारित निफ्टी-100 सूचकांक में 1.17 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी दर्ज की गयी। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.89 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0. 68 प्रतिशत बढ़त में रहा। सेंसेक्स की 30 में से 23 कंपनियों में साप्ताहिक तेजी रही, जबकि सात अन्य कंपनियों में गिरावट दर्ज की गयी। सप्ताह के दौरान इटरनल का शेयर सबसे अधिक 5.83 प्रतिशत चढ़ा। टाटा मोटर्स में 4.93 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 3.79 फीसदी और सनफार्मा में 3.52 फीसदी की तेजी रही। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 2.75 प्रतिशत, मारुति सुजुकी का 2.72 प्रतिशत और एशियन पेंट्स का 2.18 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एलएंडटी, इंफोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी, पावरग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा और रिलायंस इंडस्ट्रीज में साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गई। अडानी पोर्ट्स ने सबसे ज्यादा 1.79 प्रतिशत का नुकसान उठाया। बजाज फाइनेंस में 1.76 प्रतिशत, टाटा स्टील में 1.71 प्रतिशत और आईटीसी में 0.72 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट रही। आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर और टीसीएस के शेयर भी गिर कर बंद हुए।

### रुपये में दो पैसे की मामूली मजबूती

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में लौटी तेजी और विदेशी संस्थागत निवेशकों के फिर लिवाल होने से बीते सप्ताह रुपए में भी साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के अवकाश के कारण गत सप्ताह चार दिन ही कारोबार हुआ। इस दौरान भारतीय मुद्रा उतार-चढ़ाव से गुजरती हुई दो पैसे की मजबूती के साथ 87.61 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुई। इससे पहले के सप्ताह में रुपया 0.49 प्रतिशत टूटकर 87.59 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। शेयरों बाजारों की साप्ताहिक तेजी से रुपए को समर्थन मिला। गत सप्ताह प्रमुख सूचकांकों में करीब एक प्रतिशत की बढ़त देखी गयी। इसके अलावा बैंकों ने भी डॉलर की बिकवाली की जिससे रुपए को समर्थन मिला।

# चावल-चीनी नरम, गेहूं महंगा, दालें सस्ती

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह गेहूं के औसत भाव बढ़ गए, जबकि चावल में गिरावट रही। गुड़ और चीनी के साथ दालों में भी नरमी रही। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

घरेलू थोक बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 17 रुपए घटकर सप्ताहांत पर 3,785.57 रुपए प्रति क्विंटल पर रही। वहीं गेहूं पांच रुपए महंगा होकर 2,854.79 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत आठ रुपए उतर गई और यह 3,309.36 रुपए प्रति क्विंटल हो गया गया। वनस्पति की औसत कीमत में 38 रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक तेजी देखी गई। पाम ऑयल भी 19 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सप्ताह के दौरान सूरजमुखी तेल 23 रुपए और सोयो तेल 49 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सरसों तेल और मूंगफली तेल के दाम स्थिर रहे। बीते सप्ताह दाल-दलहनों के औसत भाव टूट गए। दलहन बाजार में चना दाल औसतन 21 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल 20 रुपए और तुअर दाल 76 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल और दाल मूंग 43.43 रुपए प्रति क्विंटल उतर गयी। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव करीब 28 रुपए प्रति क्विंटल उतर गए।

चीनी भी 16 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7937.43 रुपए, मसूर काली 8120.61 रुपए, मूंग दाल 10109.35 रुपए, उड़द दाल 10421.31 रुपए, अरहर दाल 10757. 94 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2854.79 रुपए और चावल 3785.57 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4311.90 रुपए और गुड़ 4964.94 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

राव नदीम एडवोकेट जिन्दाबाद
आवाम-ए-हिन्द पार्टी जिन्दाबाद
ऑल इण्डिया
आवाम-ए-हिन्द पार्टी
मिशन-2027
नया विजन-हमारा मिशन
हिन्दू-मुस्लिम साथ चलेगा,
एकता का राज चलेगा।



राव नदीम एड.
राष्ट्रीय अध्यक्ष
साथियों हक और इंसाफ के लिए अपनी आवाज बुलंद करने के लिए आवाम-ए-हिन्द पार्टी से जुड़कर राव नदीम एड. के हाथों को मजबूत करें।
Ph. 9027879829, 9411626066

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**राहुल गांधी ....** देंगे। मतदाता अधिकार यात्रा कार्यक्रम में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि मैं इस मंच से आपको बता रहा हूं कि पूरे देश में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव चुराए जा रहे हैं। बीजेपी की ताजा साजिश बिहार में एसआईआर कराने और बिहार के चुनाव भी चुराने की है। हम सब इस मंच पर आपको यह बताने आए हैं कि हम उन्हें यह चुनाव नहीं चुराने देंगे। सांसद राहुल गांधी ने कहा कि पूरा देश जानता है कि चुनाव आयोग क्या कर रहा है। पहले देश को पता नहीं था कि वोट कैसे चुराए जा रहे हैं।, लेकिन हमने प्रेस कॉन्फ्रेंस में साफ कर दिया कि वोट कैसे चोरी किए जा रहे हैं। मुझे पता है कि पीएम मोदी सही मायने में जातिगत जनगणना नहीं करवाने जा रहे हैं, लेकिन इंडिया ब्लॉक देश में सही मायने में जातिगत जनगणना सुनिश्चित करेगा। हम वोट चोरी को खत्म करेंगे और एसआईआर की सच्चाई को उजागर करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि लालू जी, डाक्टर की सलाह के बावजूद यहां आने के लिए आपका तहे दिल से शुक्रिया।

**जम्मू-कश्मीर...** हिमाचल प्रदेश में मानसून की बारिश में तबाही नहीं थम रही। रविवार सुबह 4 बजे के करीब कुल्लू के टकोली में बादल फटा। कुल्लू के पनारसा, नगवाई में भी फ्लैश फ्लड के बाद चारों तरफ मलबा बिखरा है। वहीं, मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर में 19 अगस्त तक तेज बारिश की संभावना जताई है। 11 जिलों जम्मू, रियासी, उधमपुर, राजौरी, पुंछ, सांबा, कठुआ, डोडा, किश्तवाड़, रामबन और कश्मीर के कुछ हिस्सों में बादल फटने और लैंडस्लाइड की भी चेतावनी है। रविवार सुबह करीब 4 बजे के करीब कुल्लू के शालानाला में बादल फटा। इससे कुल्लू और मंडी के कई इलाकों में भारी नुकसान हुआ है।

**एसआईआर....** व्यापारी, कारोबारी और किसानों को विशेष लाभ होने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का भारत क्या सोच रहा है, उसके सपने और संकल्प क्या हैं? ये सब कुछ आज पूरी दुनिया अनुभव कर रही है। दुनिया, जब भारत को देखती है, परखती है, तो उसकी पहली नजर हमारी राजधानी दिल्ली पर पड़ती है। दिल्ली को हमें विकास का ऐसा मॉडल बनाना है, जहां सभी को महसूस हो कि हां, ये विकसित होते भारत की राजधानी है।

दिल्ली को बेहतरीन शहर बनाने का जो बीड़ा हमने उठाया है, वो निरंतर जारी है। आज भी हम सभी इसके साक्षी बने हैं। द्वारका एक्सप्रेस वे हो या फिर अर्बन एक्सटेंशन रोड, ये दोनों सड़कें शानदार बनी हैं। पेरिफेरल एक्सप्रेस वे के बाद अब अर्बन एक्सटेंशन रोड से दिल्ली को बहुत मदद मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि अर्बन एक्सटेंशन रोड की एक और विशेषता है। ये दिल्ली को कूड़े के पहाड़ों से मुक्त करने में मदद कर रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बैराज के पिलर बैरिंग खिसकने से बंद है बिजनौर का रास्ता

**मीरापुर।** गंगा बैराज के पुल पर पिछले लगभग पखवाड़े से आवागमन पूरी तरह बंद है। इसका मुख्य कारण गेट नंबर 28 के पिलर की बैरिंग का खिसकना बताया जा रहा है। एनएचएआई (राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) के विशेषज्ञों ने पुल का निरीक्षण कर स्थिति का बारीकी से अध्ययन किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बैरिंग की नियमित रिपेयरिंग न होने और आयल की कमी के चलते यह समस्या उत्पन्न हुई है। इससे पुल पर आवागमन करना यात्रियों के लिए खतरे से खाली नहीं था।

शिवालिक पर्वतीय क्षेत्र में लगातार हो रही भारी वर्षा से गंगा में जलस्तर तेजी से बढ़ा है। इस समय गंगा बैराज का पानी खतरे के निशान के आसपास बह रहा है, जिससे पुल की स्थिति और भी संवेदनशील हो गई है। एहतियातन प्रशासन ने पुल पर भारी वाहनों सहित चार पहिया यातायात को पूर्ण रूप से बंद कर दिया है। केवल पैदल यात्री और दोपहिया वाहन सवारों को ही आवाजाही की अनुमति दी गई है। एनएचएआई अधिकारियों ने जानकारी दी कि विशेषज्ञ टीम ने पूरे पुल का सर्वेक्षण पूरा कर लिया है और क्षतिग्रस्त बैरिंग की मरम्मत का कार्य शीघ्र ही शुरू कर दिया जाएगा। अधिका. रियों का कहना है कि जैसे ही पानी का दबाव कम होगा, रिपेयरिंग कार्य तेजी से कराया जाएगा ताकि आवागमन सुचारू हो सके। स्थानीय लोगों और यात्रियों को उम्मीद है कि मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद जल्द ही पुल पर सामान्य यातायात बहाल हो जाएगा। तब तक प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और अनावश्यक रूप से पुल पर दबाव न बढ़ाएं।

## लम्बित विवेचनाओं को पूरा करने के निर्देश

**छपार।** एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने छपार थाने पहुंच कर सीओ सदर रवि शंकर के साथ निरीक्षक व उपनिरीक्षकों की बैठक ली ओर लम्बित विवेचनाओं का जल्द ही निस्तारण करने के निर्देश दिये उसके बाद सीओ सदर ने पुलिस के साथ छपार में फ्लैग मार्च किया। रविवार को एसपी सिटी दोपहर बाद थाने पहुंचे ओर घंटों तक थानाध्यक्ष व उपनिरीक्षकों के साथ बैठक में जनता से कुशल व्यवहार करने ओर पीड़ित की तुरंत सुनवाई कर कार्रवाई करने कू निर्देश दिये ओर लम्बित विवेचनाओं का जल्दी ही निस्तारण के निर्देश दिये उसके बाद सीओ सदर ने थानाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह व समस्त उपनिरीक्षकों के साथ छपार में हाइवे की दोनों ओर सर्विस रोड पर फ्लैग मार्च किया। सीओ सदर ने बताया कि रात्रि में चोरों के आने की अफवाह से लोगों में दहशत को देखते हुए सभी गांवों में फ्लैग मार्च निकाले जा रहे हैं।

# सीएम से मिलने वाले कॉलेज प्रबंधक पर लगे गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** आर्य समाज दयानन्दगर बढ़ौत रोड बुढाना पर एक अति महत्वपूर्ण बैठक हुई। आयोजित बैठक में आर्य समाज की सम्पत्तियों को अवैध रूप से कब्जा कर खुर्द बुर्द करने वाले डीएवी इण्टर कॉलेज बुढ़ाना के प्रबंधक परिवार अरविंद गर्ग पर भ्रष्टाचार करने और उसकी जमीन बेचने के साथ ही कालेज को अपनी दुकान बनाने समेत अनेक गम्भीर आरोप लगाए गये। आर्य विद्या सभा के जिला मंत्री अनूप सिंह राठी ने गम्भीर आरोप लगाया तो बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि प्रशासन ने कार्यवाही नहीं की तो धरना प्रदर्शन कर अधिकारियो का घेराव किया जाएगा। यह बैठक जिला आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा आयोजित की गयी। जिसमें जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष हरिओम त्यागी, मुजफ्फरनगर शहर आर्य समाज के प्रधान मुकेश आर्य, आर्य समाज दयानन्द नगर बुढाना के प्रधान प्रवीण राणा, संयोजक संजीव पंवार, डीएवी इण्टर कालेज के पूर्व अध्यक्ष राजीव गर्ग, गुरुकुल नारंगपुर से अलका शास्त्री व रश्मि आर्या व काफी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। दूसरी और गौरतलब है कि अभी कुछ दिन पहले ही कथित आरोपी अरविंद गर्ग लखनऊ में जाकर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले थे। ऐसे में इन पर इस तरह के आरोप लगना चर्चा का विषय बना है।

# जन्माष्टमी पर्व पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**खतौली।** नगर में जन्माष्टमी पर्व की धूमधाम देखने लायक रही। शनिवार की देर रात तक 'राधे-राधे बाके बिहारी', 'नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की' जैसे जयकारों से पूरा नगर गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं उल्लास के साथ ठाकुरजी को झूला झुलाया। मंदिरों में देर रात तक भारी भीड़ उमड़ी रही। इस बार नगर की कई झांकियों में पहले जैसी रौनक न होने के बावजूद, राधे-कृष्ण का रूप धरे छोटे-छोटे बच्चों ने स्कूटर, बाइकों व माता-पिता के कंधों पर बैठकर नगर का भ्रमण किया। उन्हें देखकर नगरवासी भाव-विभोर हो उठे। झांकी आयोजकों व मंदिर समितियों ने इन नन्हे राधा-कृष्ण रूपी बच्चों को पटका पहनाकर सम्मानित भी किया। नगर के सिद्धपीठ दुर्गा मंदिर, राम मंदिर होली चौक, शिव मूर्ति, झारखंड महाद. वालय, थानेश्वर महादेवालय, नागेश्वर मंदिर, केला देवी मंदिर आवास विकास, गोरी शंकर गोरी मंदिर, छोटा केदारनाथ जानसठ तिराहा सहित कई स्थानों पर राधा-कृष्ण व खाटू श्याम जी की आकर्षक झांकियां सजाई गईं। इन झांकियों को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। देर रात नगर के प्राचीन शिव मंदिर 'छोटा केदारनाथ' (जानसठ तिराहा) पर जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मंदिर को रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया गया। विशेष रूप से फूलों से सजा कान्हा जी का झूला और खाटू श्याम जी की झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। दर्शन के लिए देर रात तक भारी भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी रात मुस्तैद रहा। थाना प्रभारी ब्रिजेश कुमार शर्मा ने भी मंदिर पहुंचकर दर्शन किए और आशीर्वाद लिया।



मंदिर समिति की ओर से आयोजन की देखरेख में मुख्य रूप से विवेक रहेजा, मदन छाबड़ा, मोहित रहेजा, कन्नू अरो. रा, माधव ठकराल, ध्रुव सपड़ा, डॉ. सचिन, राजेंद्र सैनी, अभिषेक कौशिक, हर्ष सैनी, गुरुदत्त अरोरा, विकास कौशिक, विभांशु शर्मा, शिवम रहेजा, सिमरन सैनी, प्रगति प्रजापति, खुशबू कश्यप, रवि ग्रोवर, सहित अन्य सदस्य सक्रिय रहे।

# श्रद्धा के साथ मनाई श्रीकृष्ण की छठी, छोले-चावल का प्रसाद बांटा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** जन्माष्टमी महोत्सव के बाद रविवार को नगर में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। अपार श्रद्धा और विश्वास के साथ श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की छठी का उत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया। परंपरा के अनुसार श्रीकृष्ण जन्म के छह दिन बाद यह पर्व घर-घर में मनाया जाता है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर छोले और चावल का प्रसाद बांटा। सुबह से ही भक्तों ने अपने-अपने घरों में तथा धार्मिक स्थलों पर पूजा-अर्चना की। भगवान श्रीकृष्ण को पीले वस्त्र पहनाकर उनका श्रृंगार किया गया। मक्खन-मिश्री का भोग अर्पित किया गया।

महिलाओं ने मंगल गीत गाए और पुरुषों ने भजन-कीर्तन कर माहौल को भक्ति रस में रंग दिया। खतौली रेलवे रोड स्टेशन के समीप भक्तों ने विशेष आयोजन किया। प्रमोद जैन, सौरभ जैन, प्रवेश, विपिन बागड़ी, लवली, विपिन जैन, रवि और पिंकू जैन सहित अन्य श्रद्धालुओं ने मिलकर छठी महोत्सव मनाया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए और भगवान श्रीकृष्ण की महिमा का गुणगान किया। आयोजकों ने बताया कि भारत त्योहारों का देश है। यहां हर पर्व समाज को जोड़ने और लोगों को एकता व भाईचारे का संदेश देने का काम करता है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण की छठी का पर्व न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा है बल्कि सामाजिक समरसता का प्रतीक भी है। श्रद्धालुओं ने प्रसाद स्वरूप छोले-चावल वितरित की। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी ने बड़े उत्साह के साथ इस प्रसाद को ग्रहण किया। पूरे दिन नगर का वातावरण भक्तिमय रहा।

# राज्यमंत्री कपिल देव ने महादेव मंदिर भवन का किया शिलान्यास

**जानसठ।** राज्य सरकार के विकासोन्मुखी ख्रष्टिकोण एवं 'समग्र विकास-सबका साथ' की भावना के अनुरूप, उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने रविवार को जानसठ स्थित पाण्डव कालीन प्राचीन श्री ज्ञान्श्वर महादेव मंदिर परिसर में भवन निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। ज्ञात रहे ,कि ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों के विकास के लिए सरकार द्वारा श्वंदनश योजना शुरू की गई है, इस योजना के अंतर्गत धार्मिक स्थानों पर संपर्क मार्ग, विश्राम स्थल, शेड, प्रार्थना की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पेंटिंग, इंटरलोकिंग, दर्शन पथ, घाटों का निर्माण आदि कार्य कराये जाते हैं नगरीय क्षेत्रों में धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण के लिए सरकार की ओर से शुरू की गई वंदन योजना के तहत इस बार जानसठ के पाण्डव कालीन प्राचीन श्री ज्ञान्श्वर महादेव मंदिर का चयन किया गया है यहां कायाकल्प के लिए एक करोड़ बत्तीस लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है नगर पंचायत के जरिये ज्ञान्श्वर महादेव मंदिर पर भवन निर्माण कार्य कराया जाएगा उत्तर प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने सर्वप्रथम पांडव कालीन प्राचीन ज्ञान्श्वर महादेव मंदिर के दर्शन कर पूजा अर्चना की और उसके बाद भूमि पूजन करते हुए एक करोड़ 32 लाख रुपए के बजट से स्वीकृत भवन का शिलान्यास किया राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास और सब का ब्विास के अंतर्गत निरंतर आगे बढ़ रही है और इसी क्रम में ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों को संवारने के लिए प्रदेश सरकार ने वंदन योजना शुरू की है। इसके तहत नगरीय क्षेत्रों में पुराने ऐतिहासिक स्थलों को सहेजने का काम किया जा रहा है। कपिल देव अग्रवाल ने कार्य दी संस्था को भी कड़े तेवर दिखाते हुए गुणवत्ता का ध्यान



रखने के निर्देश दिए। कार्यक्रम को चेयरमैन जानसठ डॉ. आबिद हुसैन पूर्व चेयरमैन प्रवेंद्र भड़ाना, पूर्व चेयरमैन यनेश तंवर, एलडीबी चेयरमैन बृजेश रस्तोगी ने संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ एवं राज्य मंत्री कपिल देव का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मुख्य रूप से राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, चेयरमैन जानसठ डॉ. आबिद, हुसैन मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रवीण तंवर, ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र सिंह, अधिशासी अधिकारी नीलम पांडे, नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष यनेश तंवर, प्रवेंद्र भड़ाना, सभासद सुशील कुमार, मोहम्मद अहसान, विशाल सैनी, आशु कंसल, विकास गुप्ता, गौरव भटनागर, धर्मेश सैनी, बाबर अंसारी, सतपाल प्रजापति, सुरेंद्र बंसल, राजीव गुप्ता, सुनील कश्यप, प्रदीप राणा आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### रोडवेज बस की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त

**छपार।** एक तेज़ गति से आ रही रोडवेज की बस ने कार में पीछे से टक्कर मार दी जिससे कार क्षतिग्रस्त है गई लेकिन किसी को चोट नहीं आई। पीड़ित कार चालक ने बस चालक के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रविवार को एक कार देहरादून से दिल्ली जा रही थी। कार जब बरला में ओवरब्रिज के निकट पहुंची तो पीछे से तेजगति से आ रही अलीगढ डिपो की बस ने टक्कर मार दी जिससे कार क्षतिग्रस्त है गई लेकिन किसी को चोट नहीं आई। मौके पर पहुंची पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया। कार चालक गौतम डोंगरा निवासी सुभाष नगर देहरादून ने बस चालक के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### ट्रेक्टर ट्रॉली की चपेट में आकर बाईक सवार गंभीर

**मोरना।** जलकर झुलसे युवक का उपचार कराने जा रहे बाइक सवार बेहड़ा-बिजनौर मार्ग पर ट्रेक्टर ट्रॉली की टककर से घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। थाना ककरौली क्षेत्र के गांव बेहड़ा सादात निवासी योगी आग से जलकर झूलस गया था। जिसे उसके साथी देवा सिंह,व देवांश बाइक द्वारा गंगदासपुर में वेद्य के पास उपचार के लिए लेकर जा रहे थे।जैसे ही वह बेहड़ा- बिजनौर मार्ग पर गांव कैडी निजामपुर के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आकर सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस द्वारा घायलों को भोपा सीएचसी लाया गया। जहां से गम्भीर हालत के चलते तीनों घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

### आर्कषण का केन्द्र रही जन्माष्टमी की झाकियां

**मोरना।** मोरना भोपा क्षेत्र मे जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। अनेक स्थानों पर सुन्दर झाकियों का प्रदर्शन किया गया व मंदिरों मे सजावट की गयी तथा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। मोरना भोपा क्षेत्र मे कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी से जुडी झांकियों मे भगवान के दर्शन को भारी भीड़ मौजूद रही।शुकतीर्थ गोड़िय मठ आश्रम मे सुन्दर सजावट की गयी व स्वामी भक्ति भूषण महाराज द्वारा विशेष पूजा की गयी तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मोरना मे स्थित शिवशक्ति लक्ष्मीनारायण मंदिर में रालोद के विधानसभा अध्यक्ष अमित ठाकरान ने दीप प्रज्वलित कर श्री कृष्ण जन्म महोत्सव का शुभारंभ किया। वहीं भोकरहेड़ी स्थित दरगाह शिव मंदिर व सेठो वाले मंदिर में भजन कीर्तन की प्रस्तुति दी गयी। वहीं बस स्टेण्ड सहित अनेक स्थानों सुन्दर झाकियों का प्रदर्शन किया गया। भोपा मे लाल पिंडी शिवमंदिर मे दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें युवाओं ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया।

### अवैध मस्कट के साथ युवक गिरफ्तार

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरगढ़-सिकंदरपुर मार्ग से पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध मस्कट एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है पुलिस ने पकड़े गए आरोपों का चालान करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है।

चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरगढ़-न्यामू मार्ग पर चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक विशाल राठी,कांस्टेबल राहुल कुमार,कांस्टेबल दीपक यादव के साथ मिलकर चेकिंग कर रहे थे चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने एक अवैध मस्कट बारह बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम आदेश पुत्र सूरजभान निवासी ग्राम न्यामू थाना चरथावल बताया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया की चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को अवैध मस्कट में कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

## खतौलीवासियों की बड़ी मांग

# संगम, वंदे भारत और राजरानी एक्सप्रेस का स्टेशन पर हो ठहराव

शाहटाइम्स सवांददाता

खतौली। औद्योगिक, शैक्षणिक और प्रशासनिक दृष्टि से तेजी से प्रगति कर रहा खतौली कस्बा पिछले दो दशकों से रेलवे सुविधाओं की उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। नगर और आसपास के हजारों लोगों की सुविधा को देखते हुए यहां प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग लगातार उठाई जा रही है, लेकिन अब तक इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

रविवार को नगर के प्रमुख नागरिकों ने एक बार फिर रेलवे स्टेशन मास्टर शलेन्द्र कुमार को रेल मंत्री और रेलवे महाप्रबंधक के नाम ज्ञापन सौंपकर संगम, वंदे भारत, राजरानी, सहारनपुर मेमो और अन्य महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव खतौली रेलवे स्टेशन पर कराने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में रमेश चंद, शुभम गोयल, विकास पाल, मनीष महाजन, राज. कुमार सैनी, विकास कुमार, गुलाब सिंह, अमित कुमार, विपिन बागड़ी, सुरेश चंद, सचिन शर्मा सहित कई नागरिक शामिल रहे। उनका कहना है कि खतौली की जनसंख्या एक लाख से अधिक है, साथ ही आसपास के सैकड़ों गांव भी इसी स्टेशन से जुड़े हुए हैं। यहां एशिया की सबसे बड़ी शुगर मिल, चार डिग्री कॉलेज, तहसील, ब्लॉक, सीएचसी और ट्रामा सेंटर मौजूद हैं। हजारों विद्यार्थी प्रतिदिन पढ़ाई के लिए आते हैं और बड़ी संख्या में लोग नौकरी व कारोबार के सिलसिले में दिल्ली, हरिद्वार व अन्य शहरों की यात्रा करते हैं। इसके बावजूद संगम, वंदे भारत और राजरानी जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनों का खतौली में ठहराव न होना, स्थानीय लोगों के लिए बड़ी समस्या बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मात्र चार हजार की आबादी वाला सकौती स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव दिया गया है, जबकि खतौली जैसे बड़े कस्बे को लगातार उपेक्षित किया जा रहा है। इससे यात्रियों को मजबूरी में मेरठ या मुजफ्फरनगर जाकर ट्रेन पकड़नी पड़ती है।

**टिकट खिड़की पर रोज अफरातफरी**

रेलवे सुविधाओं की कमी केवल ठहराव तक ही सीमित नहीं है। स्टेशन पर सिर्फ एक ही टिकट खिड़की है, जहां सामान्य टिकट और आरक्षण दोनों दिए जाते हैं। इस कारण लंबी कतारें लग जाती हैं और कई बार अफरातफरी में यात्रियों की ट्रेनें छूट जाती हैं। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि सामान्य और आरक्षण टिकटों के लिए अलग-अलग खिड़कियां खोली जाएं। कस्बे की तरफ पहले से बना टिकट विंडो रूम वर्षों से बंद पड़ा है और अब खंडहर का रूप ले चुका है।

लोगों का कहना है कि विभाग की



इस लापरवाही से यात्रियों को तो परेशानी हो ही रही है, साथ ही सरकार को लाखों रुपये के राजस्व की भी हानि हो रही है।

**रेल मंत्रालय से जल्द कार्रवाई की अपील**

नगरवासियों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन की राह अपनाई जाएगी। लोगों का कहना है कि खतौली जैसे बड़े कस्बे की उपेक्षा अब और बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# चिकित्सा कैंप की तैयारियां पूर्ण

**बुढ़ाना।** गांव मदीनपुर खिजरपुर में कल आईएएस एजुकेशनल हैल्थ एंड सोशल इशूज ट्रस्ट के तत्वाधान में एक भव्य नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जा रहा है। शविर में क्षेत्रीय जनता के स्वास्थ्य की जांच एवं उनको नि:शुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाएंगी और साथ ही विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा लोगों को स्वास्थ्य परामर्श भी दिया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बुढ़ाना उप जिला अधिक. ारी अपूर्वा यादव होंगी। आईएएस एजुक. ेशनल हैल्थ एंड सोशल इशूज ट्रस्ट के अध्यक्ष इंजीनियर मो अरशद शाह ने आज रविवार के दिन अपने आवास पर मीडिया को उक्त भव्य निशुल्क चिकित्सा कैंप की पूरी जानकारी देते हुए बतलाया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और उन्हें बीमारियों के प्रति जागरूक करना है। शिविर सुबह 10 बजे से प्रारम्भ होकर दोपहर 2 बजे तक चलेगा। बड़ी संख्या में ग्रामीण इस शिविर से लाभान्वित होंगे ऐसी उम्मीद जताई जा रही है। कैंप की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी है और लोगों में काफी उत्साह बना है।

# भगवान कृष्ण ने धरा के गौरव को किया समृद्ध : स्वामी ओमानंद

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महापर्व पर पीठाधीस्वर स्वामी ओमानंद महाराज ने बालकृष्ण भगवान का अभिषेक पूजन कर फल, मिष्ठान, माखन मिश्री, चोलाई और पंजीरी आदि का भोग लगाकर पालना झुलाया। इस अवसर स्वामी ओमानंद महाराज ने कहा कि द्वापर युग में इस पृथ्वी पर भगवान कृष्ण का यदुवंश में अवतरण विश्व की सबसे अनोखी तथा अद्भुत घटना है।

क्योंकि वह 64 विद्या तथा 16 कलाओं से संपन्न परिपूर्णता के अवतार और जीवंत आराध्य हैं। भागवत भी उन्हीं की वांग्मयी मूर्ति है। भगवान कृष्ण ने सभी गुणों की संपन्नता के साथ अवतार लेकर भारत की पावन धरा के गौरव को और समृद्ध किया, जिससे भारतीय



संस्कृति दैवीय शक्ति से संपन्न है। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण का जीवन तप-त्याग, पुरुषार्थ-परमार्थ, ज्ञान-वैराग्य और आनंद का सागर है। प्रत्येक लीला के माध्यम से भगवान कृष्ण ने सम्पूर्ण मानव जाति को एक संदेश दिया है, जो मनुष्य के कल्याण और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करते हैं तथा मानव के लिय एक वरदान तथा अमृत तत्व हैं, उनकी शिक्षाएं जीवन और मृत्यु के वास्तविक सत्य का बोध कराती हैं। भगवान कृष्ण भाव में बसते हैं।

इस अवसर पर कथाव्यास अचल कृष्ण शास्त्री, आचार्य अरुण, आचार्य सुमन, दीपक मिश्रा, ठाकुर प्रसाद, राजेंद्र, मनोज तथा दिल्ली, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र के हजारों श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

# पागल मादा पिटबुल गोशाला में घुसी, सेवक बाल-बाल बचा

**बुढ़ाना।** एक मादा पिटबुल कहीं से आकर अचानक गौशाला में घुस गयी। जो एक गौरक्षक के पीछे भाग खडी हुई। बड़ी मुश्किल गौरक्षक की जान बची। स्थानीय वन विभाग, बीडीओ और अन्य अधिकारियों को फोन पर इसकी जानकारी दी लेकिन कोई भी मौके पर नहीं पहुंचा।

तब जान की परवाह न करते हुए गौरक्षकों ने पिटबुल का रेस्क्यू किया और उसको गौशाला में जंजीर से बांध दी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के परासौली गांव में स्थित माधव गौशाला में आज रविवार के दिन अचानक से एक मादा पिटबुल घुस गयी और गौरक्षक अकबर अहमद के पीछे भाग पडी तो उसने शोर मचाकर अपने आपको बड़ी मुश्किल से एक कमरे में घुसकर बचाया। शोर सुनकर मौके पर गौरक्षक छोटा सैनी व अन्य गौरक्षक भी आ गये। तब उन्होंने संबंधित अधिकरियों को फोन किया लेकिन घंटों बाद भी कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा तो गौरक्षकों ने किसी अन्य व्यक्ति को नुक्सान ना पहुंचे खुद ही अपनी जान की परवाह न करते हुए रेस्क्यू किया और मादा पिटबुल को एक स्थान पर बांध दी। इसमें गौरक्षकों को भयंकर गर्मी में रेस्क्यू करने में पापड़ बेलने पड़े। गौरक्षक के अनुसार ये पिटबुल पागल हो गयी है।

जो एक बार अपने शिकार पर हमला करने के बाद उसको किसी भी सूरत में नहीं बख्शती है। कुल मिलाकर गौरक्षकों में इस पागल मादा पिटबुल को लेकर काफी दहशत बनी हुई है और वे संबंधित अधिकारियों के मौके पर नही आने पल पूरे गुस्साए हुए हैं।

# मंदिरों में झांकियां देखकर गदगद हुए बाल श्रद्धालु

**पुरकाजी।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर पुरकाजी व देहात में बड़ी धूमधाम से मंदिरों को सजाकर मनाया गया मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली जगह-जगह कार्यक्रम का आयोजन किया गया तरह-तरह की झांकियां बनाई गई ब्लॉक के गांव भौजाहेडी व पुरकाजी पाल धर्मशाला मंदिर में तरह-तरह के झांकियां बनाई गई जिनका यूपी रत्न पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर संदीप वर्मा ने फीता काटकर उद्घाटन किया उन्होंने कहा मंदिर न केवल हमारी आध्यात्मिक आस्था का केंद्र बल्कि सामुदायिक एकता और भाईचारे को भी मजबूत करता है श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर पुरकाजी बाजार में स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर संदीप वर्मा ने मधुर भजनों से सभी भक्तों का मन मोह लियाइस मौके पर पंडित संदीप शर्मा पंडित अनुज शर्मा भाजपा नेता संजय वर्मा मंडल अध्यक्ष अजय पवार मंडल महामंत्री विपिन गोयल अमित गोयल शिवकुमार पाल परीक्षत पाल उत्तम राणा मो. हनलाल टीटू पाल मुकेश पाल पप्पू धिमान गुरदास प्रजापत रणवीर सिंह वर्मा राजेंद्र गिरी नीतू पाल अजय पाल ठेकेदार शशिकांत पाल चंचल गिरी जॉनी पाल विपिन पाल नितिन प्रजापत अमित पाल रॉबिन गोयल अक्षय धीमान राय शर्मा अमित रक्षित सिंगल कार्तिक सिंघल कश्यप मौजूद रहे।

## 31 को मनाया जाएगा राधा अष्टमी का पर्व

**मीरापुर।** श्रीहरि संकीर्तन मंडल की एक विशेष बैठक का आयोजन लखोटिया सदन पर किया गया, जिसमें आगामी राधाष्टमी पर्व को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता मोहित लखोटिया ने की। इस दौरान तय किया गया कि राधाष्टमी का पर्व 31 अगस्त, रविवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।बैठक में समिति के संरक्षक घनश्याम दास अग्रवाल ने सुझाव दिया कि पर्व का आयोजन कस्बे के किसी प्रमुख स्थल पर होना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु इसमें शामिल हो सकें। वहीं, नीरज शारदा ने प्रस्ताव रखा कि सत्संग भवन सबसे उपयुक्त स्थान है, क्योंकि यह कस्बे के मध्य स्थित है और सभी के लिए आसानी से पहुंच योग्य है। उपस्थित सभी सदस्यों ने इस प्रस्ताव पर सहमति जताई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 31 अगस्त को सायं 7:30 बजे से भजन-कीर्तन का शुभारंभ होगा। इसके उपरांत राधा जी का विशेष श्रंगार कर पूजन-अर्चन किया जाएगा। विभिन्न प्रकार के व्यंजनों से राधा रानी को भोग अर्पित किया जाएगा।

# दल-बल के साथ काजी शिबली एडवोकेट आज़ाद समाज पार्टी में शामिल हुए



**मुजफ्फरनगर।** काजी शिबली एडवोकेट आज़ाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रविन्द्र भाटी के नेतृत्व में अपने समर्थकों के साथ पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वे राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आज़ाद की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। कार्यक्रम में पार्टी के मंडल प्रभारी डीपी सिंह, जिलाध्यक्ष दिनेश बावरा, पूर्व विधायक नवाजिश आलम, पूर्व प्रमुख रंजन वीर सिंह, एडवोकेट शाह फैसल अंसारी, अमीर आज़म, आबिद अली, सभासद जमाल राणा, हाजी आसिफ, राव जुनैद, एड. इरफान कुरेशी, एड. अमजद चौधरी, एडवोकेट कैफ मिर्जा, उमर पठान, सुनील मास्टर, सचिन सिंह, हाजी लककी, जुनैद हटेला, सरताज, शोएब खान, शोबी, अरसलान, आर्यन अब्बासी, कारी जियाउद्दीन, शौकत सैफी, फैसल फरीदी, सलमान कुरैशी, काजी जावेद, एड काजी उमरेज आदि मौजूद रहे। समर्थकों की भारी भीड़ देखकर राष्ट्रीय महासचिव रविन्द्र भाटी गदगद हो उठे और कहा कि काजी शिबली के शामिल होने से पार्टी को और मजबूती मिलेगी।

# सत्यपाल मलिक को श्रद्धांजलि देने पहुंचे दिग्गज

**मुजफ्फरनगर।** पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को जिले के दिग्गज नेताओं ने उनके सामाजिक और राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। रविवार को अखिल भारतीय जाट महासभा ने रिसॉर्ट में सभा में का आयोजन किया था कार्यक्रम में सर्व समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। सपा सांसद हरेंद्र सिंह मलिक, कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार और भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीयाध्यक्ष नरेश टिकैत मौजूद रहे। जाट महासभा के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी युद्धवीर सिंह भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी वक्ताओं ने सत्यपाल मलिक के सामाजिक और राजनीतिक योगदान को याद किया। सांसद हरेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

# अधिग्रहण के खिलाफ लामबंद ग्रामीणों ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**मुज़फ़्फ़रनगर।** ग्राम मुस्तफाबाद में मनाया गया भव्य रूप से स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम ग्राम पंचायत सचिवालय मुस्तफाबाद में आज स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्र ध्वज फहराकर राष्ट्रगान किया गया इसके बाद शहीदों को नमन करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की गई कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने विभिन्न विषयों पर अपनी बात रखी वहीं स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी प्रतिभाग किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से अतिथि के रूप में पहुँचे ब्लॉक प्रमुख अमित चौधरी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए ग्राम प्रधान जियाउद्दीन अहमद के गांव में कराए गए कार्यों की सराहना की उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान जियाउद्दीन ने अपने कार्यकाल में गाँव की बहुत सी समस्याओं का निदान किया है जिनमें मुख्य रूप से मुस्तफाबाद से होकर गुजरने वाली ऐसी सड़क जो कि आसपास के कई गांव को मिलाती है जिसमे पचेन्डॉ कला मेघा खेड़ी छोटा पचेन्डा व अन्य बहुत से ऐसे गांव हैं जिनके लोगो इसी सड़क से होकर अपने-अपने गांव को जाना पड़ता है वह लोग इस सड़क के बनने की पिछले कई वर्षों से राह देख रहे थे वहीं उन्होंने यह भी कहा कि इस सड़क को बनवाने के लिए ग्राम प्रधान द्वारा काफी प्रयास कर सड़क को बनवाया गया वहीं अंजुम गोहर ने अपने विचार रखते हुए कहा कि ग्राम प्रधान द्वारा घर-घर जल अभियान के तहत गांव में पानी की टंकी व पुलिया बनवाई गई वहीं जहां लगातार गंदगी रहती थी वहाँ उन्होंने उस गंदगी को हटाकर एक बच्चों के लिए बैडमिंटन कोर्ट बनवाया गांव के लोगों को वहां रहने वाली गंदगी से निजाद मिली तो वहीं बच्चों को खेलने के लिए एक अच्छा स्थान भी मिला है वही डॉक्टर योगेंद्र जी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि ग्राम प्रधान द्वारा घर-घर कूड़े के लिए रिक्शे व रेडे की व्यवस्था कराई गई वहीं चार कर्मचारियों द्वारा लगातार सड़कों से



कूड़ा हटाकर गांव को साफ सुथरा रखने का कार्य किया जा रहा है उन्होने कहा कि ग्राम प्रधान द्वारा कूड़े के निस्तारण के लिए आरआरसी सेंटर भी बनवाया गया जिसकी गांव को बहुत आवश्यकता थी वही ग्राम प्रधान मुस्तफाबाद जियाउद्दीन अहमद ने अपने विचार रखते हुए कहा कि जब मैं प्रधान बना तो गांव के लोगों को मुझसे बहुत सी अपेक्षाएं थीं मैंने अपने कार्यकाल में उन सभी अपेक्षाओं को पूरी करने की पुरजोर कोशिश की मेरे द्वारा एक सड़क बाईपास अढे से जो कि गांव का मुख्य मार्ग है उसके चौड़ीकरण का कार्य व दोनों और वृक्षारोपण कराए जाने का कार्य किया गया वहीं अढे पर चबूतरे का सौंदर्य करण भी कराया गया मैं जनता से यही कहूंगा कि मुझे आपके द्वारा प्रधान चुना गया था मैं भविष्य में भी आपके साथ ऐसे ही खड़ा रहूंगा कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद रहे ब्लॉक प्रमुख अमित चौधरी अंजुम पुत्री मास्टर फाजिल लाल राजेंद्र अग्रवाल जी बाबूराम उपाध्यक्ष जी भारती जी पचेन्डा कला शक्ति सिंह कला कालूराम संजीव चौधरी उर्फ मुन्नू डॉक्टर योगेंद्र संजय रहल मलक राज उपाध्यक्ष सहेंद्र बाबर गुलबहार मुबारक नौशाद व अन्य गांव के लोग मौजूद रहे।

# मेला छड़ियां का भाजपा नेता ने किया शुभारंभ

**बुढाना।** होली चोक पर सां. प्रदायिक सौहार्द के प्रतीक श्री जाहरवीर गोगा जी मेला छड़ियां के 27 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप में मन्दिर कमेटी के अध्यक्ष के नेतृत्व में बडी धूमधाम से मेले का शुभारंभ किया गया है। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष ने बताया कि इस बार श्री जाहरवीर गोगा जी मेले के 27 वर्ष पूरे हो जाने पर स्वर्ण जयंती वर्ष के रुप में 30 दिवसीय मेला छड़ियां का शुभारंभ किया गया और यह धार्मिक मेला पिछले 26 वर्षों से डीएवी रोड पर परम्परागत तरीके से लग रहा है। जिसमे काफी लोग हर साल प्रसाद चढ़ाकर मन्नतें मांगते हैं। यहां पर मुक. ेश शर्मा, भारत ठाकुर, रवि प्रताप सिंह, राजीव प्रताप सैनी, सचिन कोरी, अभिषेक, राहुल कुमार, आशु, सुमित मलिक जगमोहन ठाकुर, राजेश धनगर, सुभाष बड़ौदा, रजत गर्ग, मनीष मित्तल, विनीत संगल, निशांत संगल और अश्वनी संगल आदि लोग उपस्थित रहे।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास, देशभक्ति और गरिमा के साथ मनाया गया। यह भव्य आयोजन विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन स्थित सेमिनार हॉल में हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के गणमान्य अतिथि, शिक्षकगण, कर्मचारी और छात्र- छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीजीआई वर्ल्ड स्कूल द्वारा निकाली गई रंगारंग प्रभात फेरी से हुआ। इसके बाद औपचारिक सभा एवं एनसीसी कैडेट्स का आकर्षक मार्च पास्ट हुआ। राष्ट्रीय ध्वज को पूर्ण सम्मान के साथ फहराया गया। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख गणमान्य अतिथियों में चांसलर महेंद्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर नितिन अग्रवाल, वाइस चांसलर एवं मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार, प्रो-वाइस चां. सलर पियूष श्रीवास्तव तथा रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन, मो. निका अग्रवाल, शैली अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, आदि शामिल रहे। अपने संबोधन में चांसलर महेंद्र अग्रवाल ने कहा कि स्वतंत्रता हमारे वीर सेनानियों का अमूल्य उपहार है। वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल ने युवाओं को देश की असली ताकत बताते हुए शिक्षा, कौशल और मूल्यों के माध्यम से भारत को विश्व गुरु बनाने का आह्वान किया। प्रो-चांसलर नितिन अग्रवाल ने कहा कि हमें केवल अपने व्यक्तिगत विकास के लिए नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की सामूहिक प्रगति के लिए भी योगदान देना चाहिए। वाइस चां. सलर प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार ने कहा कि शिक्षा स्वतंत्रता की नींव है। प्रो -वाइस चांसलर पियूष श्रीवास्तव ने कहा कि स्वतंत्रता केवल अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों के साथ आती है। रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन ने तिरंगे को बलिदान, सेवा और निस्वार्थता का प्रतीक बताते हुए उसकी गरिमा बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर सभी निदेशक, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, सुभाष शर्मा मुख्य लेखा अधिकारी, संदीप सिंह, प्रोक्टर एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी, डॉ. अवधेश प्रताप सिंह, निदेशक स्कूल ऑफ एजुक. शन, सपना, प्रधानाचार्य सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल, सभी प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी, सुमित सिंह, निदेशक एडमिशन छात्र-छात्राएँ एवं अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने की नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम के द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। वार्ता में राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी, राष्ट्रीय महामंत्री अजय प्रमुख और राष्ट्रीय प्रवक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता अयूब अली ने तीन बड़ी घोषणाएँ की पहली एडवोकेट भूपेन्द्र चौधरी को भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम का प्रदेश अध्यक्ष मनो. नीत किया। दूसरा गीता निगम को प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा मनोनीत किया, तीसरा ललित भाटी गिरधरपुर को अध्यक्ष पाश्चिम उत्तर प्रदेश मनोनीत किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी ने कहा कि आज पूरे देश में किसान दुखी हैं हमारा संगठन किसानों के लिए संघर्ष करेंगे। राष्ट्रीय महासचिव अजय प्रमुख ने कहा कि सरकार किसानों को लूट रही है। राष्ट्रीय प्रवक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता अयूब अली जी ने कहा सरकार किसानों के साथ तानाशाही कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि प्रदेश में जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर किसानों को लूटने में लगे हैं। पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष ललित भाटी ने कहा कि गौतम बुद्ध नगर में ग्राम पंचायत समाप्त की जा रही है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति बदहाल है। इस अवसर पर प्रीति, साधना, डॉ इरफान जयसवाल, अंकित प्रधान, कृष्णवीर, नितिन, मोनू, विकास, अनुज, अरविन्द, अभय, मोहन, आलम खान, वकील खान, पवन चौधरी, देवेन्द्र चौधरी, रविन्द्र चौधरी, सुधीर लोर, विनोद राठी, सतवीर नेता जी, सौनवीर सिंह खुटैल, प्रवीण चौधरी, मोहित मलिक,जन हित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय त्यागी आदि सम्मानित साथी उपस्थित रहे।

# पीएमजेएफ लायंस क्लब ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** ऊर्जावान गवर्नर पी एम जे एफ लायन विनय सिसोदिया के आह्वान पर लायंस क्लब गाजियाबाद संकल्प द्वारा आज 15 अगस्त को संकल्प इंटरनेशनल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूम धाम से मनाया गया। स्कूल के छात्र छात्राओं के द्वारा रैली निकाली गई, भारत माता की जय के नारे लगाए गए। बच्चों को बूंदी और समोसा भी वित. रित किया गए। इस मौके पर अध्यक्ष लायन वंदना स्वरूप, सचिव लायन नेहा रैना, कोषाध्यक्ष लायन नलिनी नंद मौजूद रहीं।

# सुभास पार्टी ने धूमधाम से मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभास पार्टी) ने 79वां स्वतंत्रता दिवस पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय जगदीश नगर पर मनाया। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. अशोक श्रीवास्तव की धर्मपत्नी सुषमा श्रीवास्तव और बेटे कुमार अभिनव ने तिरंगा झंडा फहराकर तथा राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम शुरू किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव जी की बेटी प्रियंका श्रीवास्तव ने कहा कि भारत को अंग्रेजी हकूमत से लम्बे संघर्ष के बाद आज के दिन 15 अगस्त 1947 को आजादी मिली। आजादी के समय से आज तक भारत में लगभग सभी वस्तुओं का उत्पादन हो रहा है। सुभास पार्टी के संस्थापक सतेन्द्र यादव ने कहा कि अनेक कठिन परिस्थितियों का सामने करने के बाद हमारे क्रान्तिकारियों और महान विभूतियों के संघर्ष और बलिदान के बाद हमें आजादी प्राप्त हुई। सुभाष पार्टी के वरिष्ठ सदस्य और पार्टी के मुरादनगर से पूर्व विधायक प्रत्याशी मनोज शर्मा होदिया ने क्रांतिकारियों के विषय में जानकारी देते हुए 79 वे स्वतंत्रता दिवस की सभी को बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मनोज कुमार शर्मा 'होदिया',हरवीर सिंह, अनिल सिन्हा, नसरुद्दीन मलिक, दीपक वर्मा, राजीव कुमार, मीना कुमारी, विक्रांत सिंह, फरमान, कुमार अभिनव, शैलेंद्र श्रीवास्तव, सुनील सिंह, रामायण पांडे, राजीव राणा, विनोद गुप्ता, सुरेश कुमार, अमरनाथ शर्मा, राजेंद्र यादव, मुनेश कुमार, कमल यादव, जसविंदर सिंह सन्नी, सुजीत तिवारी, विनोद अकेला, अवधेश कुमार, दिग्विजय कुमार, विजय सिंह, ए एन रवि, केशव वालिया, हरीश कुमार शमी, प्रभा शंकर, मुनिराज चौहान, पन्नालाल प्रसाद, अशोक शर्मा, गौरव सूर्यवंशी, राजीव रैना, आदित्य गौतम, सुरेश राणा, विवेक त्यागी, दिनेश चंद माथुर, अनिल श्रीवास्तव, कौशल कुमार, संजय कुमार, प्रियंका श्रीवास्तव, गोपाल सिंह, प्रमोद श्रीवास्तव, व्यास पांडे, संजय श्रीवास्तव, राम नरेश ठाकुर, मनोज कुमार शर्मा, शिवकुमार सिंह, हरवीर सिंह, सुबोध कुमार शर्मा, इरशाद बेग, नीतू शर्मा, तरुण शर्मा, पुनीत कुमार समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

एक नजर

# अखिल भारत हिंदू महासभा ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अखिल भारत हिंदू महासभा द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह ग्लोबल पब्लिक स्कूल सत्यम एनक्लेव साहिबाबाद में संपन्न हुआ। जिसमे स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें मुख्य अतिथि अखिल भारत हिन्दू महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्षा राजश्री चौधरी ने ध्वजारोहन किया एवं उन्होंने कहा बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ मातृभूमि एवं देश प्रेम की भावना भी होनी चाहिए जिससे हमारे देश का भविष्य उज्जवल हो कार्यक्रम में विशिष्ट उपस्तिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ नीरन गौतम राष्ट्रीय अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ एडवोकेट दिनेश शर्मा, राष्ट्रीय प्रभारी (भ्रष्टाचार एवं उन्मूलन सभा) सुशील शर्मा, जिला अध्यक्ष गाजियाबाद विशाल कौशिक, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव, आनंद शर्मा, स्कूल की प्रधानाचार्य एवं जिला उपाध्यक्ष पूजा पांडे, सचिव दिलीप शुक्ला, मंडल अध्यक्ष बंटी कुमार आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम में गोपाल बिहारी सिन्हा राष्ट्रीय प्रभारी संपूर्ण भारत अखिल भारत हिंदू महासभा द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर भेजा गया संदेश भी समाज तक पहुँचाया।

# दिवाकर मॉडल स्कूल में मनाया स्वतंत्रता दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** दिवाकर मॉडल स्कूल श्याम पार्क एक्सटेंशन में गत वर्षो की भांति इस बार भी स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति की भावना से परिपूर्ण जोश व उल्लास के साथ बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के संस्थापक गजे सिंह त्यागी, प्रबंधक लक्ष्य त्यागी व विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. शिल्पा त्यागी ने ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया । विद्यालय के संस्थापक गजे सिंह त्यागी ने ध्वजारोहण कर विद्यार्थियों में देश प्रेम की भावना का संचार करते हुए उनमें देश के प्रति समर्पित रहने के भाव को जागृत किया। विद्यार्थियों ने पूर्ण उत्साह के साथ अपनी विभिन्न प्रतिभाओं का प्रदर्शन करते हुए अनेक सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को आनंदित किया स विद्यालय में बनाए गए चारों दलों के कप्तान छात्रों के नेतृत्व में ध्वज के साथ निकली परेड ने तो कार्यक्रम में अद्भभूत देशभक्ति से परिपूर्ण समां ही बाँध दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. शिल्पा त्यागी ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए स्वतंत्रता के सही मायने समझाएं और देशभक्ति की भावना का विद्यार्थियों में संचार करने का प्रयास किया। अंत में, राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गई। कार्यक्रम के उपरांत समस्त छात्रों, शिक्षकगण एवं सभी कर्मचारियों हेतु जलपान की व्यवस्था की गई।

# आरआईसीटी सेंटर पर मनाया गया आजादी का जश्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासि. चव विजय कौशिक के अंबेडकर रोड स्थित आरआईसीटी कंप्यूटर सेंटर में ध्वजारोहण कर कर धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्य मंत्री चौधरी नीरपाल सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे इस पावन अवसर पर उन्होंने सभी को स्वतन्त्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव रविंदर चौहान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू प्रदेश सचिव ऑडी त्यागी, चौधरी भूपेन्द्र सिंह,महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी, खेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष संजीव चौधरी, महानगर अध्यक्ष संजीव अरोड़ा,जिला सचिव दिनेश शर्मा ,युवा महानगर अध्यक्ष तुषार कौशिक नौशाद अहमद विनीत गॉड एवं संस्था की शिक्षिका नीलम ज्योति नीरू तनु सहित छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

# दयाल पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दयाल पब्लिक स्कूल निरंकारी कॉलोनी सेक्टर 12 विजय नगर में स्वतंत्रता दिवस को बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इसमें ध्वजारोहण विद्यालय के प्रबंधक सरदार दामोदर सिंह जग्गी द्वारा किया गया। तदुपरांत रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें राष्ट्रीय गान के उपरांत देश भक्ति गीत के साथ-साथ कृष्ण जन्माष्टमी की झलकियां प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष सरदार हरप्रीत सिंह जग्गी व उपप्रबंधक के दयाल सिंह जग्गी मैं सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई दी और देश पर मर मिटने वाले शहीदों को नमन किया, विद्यालय की प्रधानाचार्य सतविंदर कौर व उप प्रधानाचार्य दीपेंद्र कौर ने सभी अभिभावकों व बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें स्वतंत्रता दिवस के महत्व को बताया।

# जन्माष्टमी के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर रिवर हाइट्स सोसाइटी राज नगर एक्सटेंशन में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सोसाइटी के बच्चों ने भक्ति भजन एवं नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए, लोगो ने काफी बढ़ चढ़ कर समारोह मे हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बालकिशन गुप्ता (बालू भाई) भी उपस्थित रहे। बालकिशन गुप्ता जो कि राष्ट्रीय व्यापार मंडल के गाजियाबाद से जिलाध्यक्ष भी हैं एवं पूर्वोत्तर रेलवे बोर्ड के मेंबर भी हैं। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति को बनाए रखने के लिए ऐसी प्रोग्राम हमारी भावी पीढ़ी को जोड़ कर रखते हैं। इस अवसर पर रिवर हाइट्स AOA टीम से गौरव वर्माणी, ओपी निर्माण, अनुकेश शर्मा, विंकित रावल, राजीव गर्ग, आलोक शर्मा, शेखर आनंद, पंडित अशोक भारतीय आंसू पाठक समीर शर्मा स्तुति भूषण उपस्थित रहे।

# रालोद ने विधानसभा क्षेत्र में चलाया सदस्यता अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** राष्ट्रीय लोकदल द्वारा ग्राम खिरवा व दुरवेशपुर में सदस्यता अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान सेकड़ो लोगों ने राष्ट्रीय लोक दल की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर विधायक हाजी गुलाम मोहम्मद प्रदेश सचिव रणवीर सिंह व एससी आयोग के सदस्य नरेंद्र खजूरी ने कहा कि रालोद किसानों, मजदूरों एवं गरीबों की सच्ची हितेषी है। हर वर्ग का आदमी रालोद से जुड़ा हुआ है। रालोद आगे भी सब सभी वर्ग के लोगों के हित के लिए अपना कार्य करती रहेगी। उन्होंने बताया की सदस्यता अभियान के दौरान काफी संख्या में लोग राष्ट्रीय लोक दल से जुड़ रहे हैं। सभी कार्यकर्ता मिलकर इस अभियान को सफल बनाएंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय लोक दल के विधायक हाजी गुलाम मोहम्मद प्रदेश सचिव रणवीर सिंह दहिया, एससी आयोग के सदस्य नरेंद्र खजूरी, विनय मललापुर, अरविंद तोमर मोनू ढिडाला, सचिन चौधरी, रजा खिरवा, नसीम प्रधान दुरवेशरजा जैदी, प्रधान जी हसन मेंहदी, मनव्वर प्रधान, दीपक कसाना, अरविंद जाटव, अमरपाल प्रधान, अब्बास जैदी, अफसर जैदी, शान जैदी,आदि मौजूद रहे।

# कौशांबी में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**साहिबाबाद।** 79 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल एवं पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल द्वारा कौशांबी सेंट्रल पार्क में पप्पू चौपाल केपी ग्रुप ताली ग्रुप करवा कौशांबी योगा ग्रुप द्वारा आयोजित जयपुरिया एनक्लेव सोसायटी द्वारा आयोजित कौशांबी प्लॉट एरिया द्वारा आयोजित कौशांबी के ए ब्लॉक द्वारा आयोजित कौशांबी कैलाश त्रिशूल टावर द्वारा आयोजित वैशाली सेक्टर एक गढ़वाल समाज द्वारा आयोजित वैशाली सेक्टर 1 साउथ द्वारा आयोजित वैशाली सेक्टर 1 प्लॉट एरिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने मनाया आजादी का पर्व



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर हर वर्ष की भांति रागनी के कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें रागनी कलाकारों ने देश भक्ति के गीतों से सभी को सरोबार कर दिया। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, जिलाध्यक्ष सौदान सिंह गुर्जर, जिला महासचिव सुरेन्द्र सिंह नागर, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार गौड़, राजेश भारद्वाज, कुलदीप सिंह, जिला सचिव रामसकल ठाकुर, कोषाध्यक्ष नरेश सिंह खरकिया, जिला चौयरमेन इकबाल खान, जिला महामंत्री नमन तनेजा, जिला सचिव कमलजीत सिंह, जिला सह सचिव राजेन्द्र सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# मदरसे में फहराया गया तिरंगा झंडा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोनी।** पूर्व विधायक हाजी जाकिर ने लोनी जिंतुल इस्लामी मदरसा में ध्वजारोहण किया। इस मौके पर बच्चों ने देश भक्ति के नजम व गीत पेश किए और देश की आजादी के लिए कुर्बानी देने वाले सभी हिन्दू मुसलमान शहीदों को याद किया अपने संबोधन में हाजी जाकिर ने कहा कि देश की आजादी में हमारे बुजुर्गों ने बड़ी कुबानिया दी है हिन्दू मुस्लिम सभी ने एकजुट होकर देश से अंग्रेजों को निकालने का काम किया था। पूर्व विधायक ने बताया कि उन के मरहूम दादा मुस्तफा अली आजाद हिंद फौज के सिपाही थे। इस मौके पर मौजूद हाजी बाबू कुरैशी ने बच्चों के प्रस्तुत कार्यक्रम की प्रशंसा की।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जफर अली उर्फ राजू फुरकान कुरैशी समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# अपेक्स बिल्डर के खिलाफ बीकेयू का जोरदार प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (भानु) के बैनर तले आज सिद्धार्थ विहार स्थित अपेक्स बिल्डर के खिलाफ जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि बिल्डर सतनाम ने बिहार के ठेकेदार परमल से पूरा कार्य करवा लेने के बावजूद लगभग 5 करोड़ रुपये की बकाया राशि पिछले तीन वर्षों से रोक रखी है। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह ठेकेदार और श्रमिकों के साथ सरासर अन्याय है। बिल्डर द्वारा भुगतान रोके जाने से ठेकेदार व उससे जुड़े सैकड़ों परिवार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं और उनका जीवन-यापन प्रभावित हो रहा है। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन (भानु) के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, प्रदेश व जिले के सभी पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता दूर-दराज क्षेत्रों से आकर धरने में शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में प्रशासन से ठोस कार्रवाई करने की मांग की।

# किशोरी ने 11 माह के बच्चे को बेड में छिपाया, दम घुटने से मौत

## सबक याद न करने पर मौलवी ने एक सप्ताह पहले की थी किशोरी की पिटाई, क्षुब्ध होकर किशोरी ने घटना को दिया अंजाम





**शाह टाइम्स संवाददाता**
**छपरौली।** टांडा गांव स्थित मदरसे में पढ़ने वाली किशोरी को मौलवी ने पीटा तो उसने मौलवी के रिश्तेदार के बेटे को बेड में छिपा दिया। दम घुटने से बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी किशोरी को हिरासत में ले लिया है।

बताया गया कि मौलवी ने सबक याद न करने पर एक सप्ताह पहले किशोरी की पिटाई की थी। इससे क्षुब्ध होकर किशोरी ने मौलवी के रिश्तेदार शहजाद के 11 माह के बेटे दलहा को शनिवार को बेड में छिपा दिया। दम घुटने से दलहा की मौत हो गई। रविवार को मौलवी के कमरे में रखे बेड से बच्चे का शव बरामद किया गया। यह पूरी घटना मदरसे में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस किशोरी को पकड़कर थाने ले गई और सीसीटीवी कैमरे की फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पूछताछ में किशोरी ने बताया कि मौलवी ने उसकी पिटाई कर दी थी। इसी बात से गुस्सा होकर उसने बच्चे को बेड में छिपा दिया था। पुलिस पूरी घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## उधार देने से मना करने पर पहलवान ने हलवाई के बेटे का उठाके पटका



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**दोघट।** थाना क्षेत्र के दाहा गांव में एक पहलवान ने हलवाई के बेटे को धोबी पछाड़ लगा दी। घटना में हलवाई का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना उस समय हुई जब हलवाई सतीश का बेटा वंश दुकान पर बैठा था। पहलवान कपिल वहां पहुंचा और उधार में सामान मांगा। वंश ने जब उधार देने से मना किया तो कपिल ने उसे उठाकर जमीन पर पटक दिया। यह पूरी घटना दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। दोघट थाना प्रभारी सूर्यदीप सिंह के अनुसार, मामला दर्ज कर आरोपी कपिल को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## प्रेमिका से मिलने उसके घर गए युवक को पकड़कर परिजनों और ग्रामीणों की पिटाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** थाना सिंघावली अहीर क्षेत्र के बिलोचपुरा गांव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में युवक अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचा था। रात करीब दो बजे प्रेमी-प्रेमिका को आपत्तिजनक हालत में परिजनों और ग्रामीणों ने देख लिया। इसके बाद दोनों को कमरे में ही पकड़ लिया गया।

वायरल वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि युवक को नग्न अवस्था में लाठी-डंडों से पीटा जा रहा है। आरोपियों ने लड़की की भी बेरहमी से पिटाई की। युवक खून से लथपथ हो गया और बार-बार गलती मानने की गुहार लगाता रहा। वहीं प्रेमिका रोते हुए उसे छोड़ देने की विनती करती दिखी, लेकिन भीड़ ने उसकी भी पिटाई कर दी। घटना के बाद गांव में चर्चा का माहौल है।

वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई है। थाना सिंघावली अहीर पुलिस ने मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

## प्रवेश ने वर्ल्ड पुलिस गेम्स में गोल्ड मैडल जीतकर किया जनपद का नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर में दिल्ली पुलिस के एएसआई प्रवेश तोमर ने अमेरिका के अलबामा में 27 जून से 6 जुलाई तक आयोजित वर्ल्ड पुलिस गेम्स में गोल्ड मैडल जीतकर इतिहास रचा। प्रवेश तोमर मूल रूप से बागपत जिले के सूप गांव के रहने वाले हैं जिन्होंने वर्ल्ड पुलिस गेम डिस्कस थ्रो में गोल्ड मैडल और शर्ट फुट में रजत पद जीतकर क्षेत्र के साथ-साथ देश का नाम रोशन किया। दो पदक जीत कर राष्ट्र को गौरांवित किया। इससे पहले 2023 में कनाडा में आयोजित वर्ल्ड पुलिस गेम में शॉर्ट फुट में गोल्ड मैडल जीत चुके प्रवेश ने 2022 में नीदरलैंड में आयोजित शॉर्ट फुट में गोल्ड मैडल और डिस्कस थ्रो में कहां से मैडल प्राप्त किया था। इसके अलावा चीन में आयोजित शॉर्ट फुट गोल्ड मैडल एवं डिस्कस थ्रो 2021 में सिल्वर मेडल भी अपने नाम किया था। साथ ही स्पेन में आयोजित वर्ल्ड मास्टर एथलीट चैंपियनशिप में 2018 में पांचवा स्थान हासिल किया जबकि 2017 में इसी प्रतियोगिता में शॉर्ट फूड डिस्कस थ्रो में हैमर थ्रो में कांस्य पदक जीता था। आज बड़ौत के कोताना रोड स्थित अखिल भारतीय जाट एकता एसोसिएशन जिला कार्यालय पर संगठन के पदाधिकारी ने न सिर्फ प्रवेश तोमर का जोरदार स्वागत किया बल्कि उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना भी की। अध्यक्षता कर रहे डा.मनोज बिश्नोई ने बताया कि प्रतिभाएं कभी किसी सुविधा की मोहताज नहीं होती बल्कि प्रतिभा हमेशा अभाव में ही अपना रंग दिखाती है यह जिले के साथ-साथ प्रदेश का सौभाग्य है ऐसी प्रतिभाएं जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाते हैं वह कहीं ना कही समाज के युवाओं के लिए प्रेरणादाई होते हैं।



वही इस अवसर पर रकम सोलंकी प्रदेश अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ ने कहा कि यह हमारे लिए गौरव की बात है कि हम प्रवेश को सम्मानित कर रहे हैं। हमारी अखिल भारतीय जाट एकता संगठन जो भी क्षेत्र का बालक अपने प्रदेश और राष्ट्र का नाम ऊंचा करता है। उसे सम्मानित करने का कार्य करती है। स्वागत कार्यक्रम में यशपाल, अजय निरवाल, अरविंद तोमर देशपाल तोमर, विकास विवेक बालियान हरपाल सिंह उपस्थित रहे।

## एक नजर

### तिरंगे झंडे को सलामी देते हुए किया गया ध्वजारोहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर के कोताना गांव में दुर्गा ब्रिक ईट भट्ठे पर स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में तिरंगे झंडे को सलामी देते हुए ध्वजारोहण किया गया। ईंट भट्ठा निर्माता डायरेक्टर वरिष्ठ समाजसेवी अर्जुन मलिक ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुधीर मलिक के अलावा भट्ठे के सभी मजदूरों ने भाग लिया। ध्वजारोहण के उपरांत सभी मजदूरों को मिष्ठान खिलाकर स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई देकर सभी मजदूरों को हर्षोल्लास के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी अर्जुन मलिक ने कहा कि झंडा देश की आन बान शान है हमें अपने अमर शहीदों पर भी गर्व है जिन्होंने देश में आजादी के लिए अपनी जान गंवा कर देश का नाम रोशन किया।

### कोतवाली में किया एक आरोपी ने हिरासत से भागने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**खेकड़ा।** कोतवाली में एक आरोपी ने हिरासत से भागने का प्रयास किया। पुलिस ने उसे कोतवाली के मुख्य गेट पर ही पकड़ लिया। आरोपी को उसकी मां और बहन की शिकायत पर हिरासत में लिया गया था।

घटना उस समय हुई जब पुलिसकर्मी आरोपी को हवालात में ले जा रहे थे। इसी दौरान आरोपी ने पुलिसकर्मियों को चकमा देकर भागने का प्रयास किया। हालांकि, आसपास मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों की सतर्कता से वह कोतवाली के मुख्य द्वार से आगे नहीं बढ़ पाया। खेकड़ा सीओ रोहन चौरसिया ने बताया कि आरोपी अभी पुलिस हिरासत में है। उससे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आरोपी थाने से फरार नहीं हुआ, बल्कि गिरफ्तारी के दौरान भागने की कोशिश की थी। अधिकारियों ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है।

### कार्यकर्ताओं ने अजय राय के हाथों को मजबूत करने का लिया संकल्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ नेताओं ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के यशस्वी तेजस्वी ऊर्जावान अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार अजय राय का सफलतापूर्वक दो वर्ष पुरे होने पर खुशी का इजहार किया। अति उत्साहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दी। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के हाथों को मजबूत करने का संकल्प लिया। गरीब बस्ती झुग्गी झोपड़ी मे फल वितरण किया। बडौत शहर अध्यक्ष रामहरी पंवार ने कहा अजय राय का दो वर्ष का कार्यकाल किसान मजदूर गरीब दलित शोषित छोटे व्यापारीयो के हितो की रक्षा के लिए व कांग्रेस कर्यकर्ताओ के सम्मान में बेहद बेहतरीन शानदार शराहनीय रहा है। प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं को ऊर्जा व संजीवनी मिली कांग्रेस मजबूत हुई। ओमवीर दुहण ने कहा आगामी 2027 विधान सभा चुनाव अजय राय के नेतृत्व में गर्मजोशी मजबूती के साथ लडा जायेगा। पार्टी का जनाधार तेजी से बढ रहा है। बिजेन्द्र शर्मा डा.सुभाष शर्मा शोकेन्द्र तोमर ने कहा आज युवा राहुल गांधी के साथ जोर शोर से जुड रहा है। राहुल गांधी की महनत कांग्रेस की नीतियों विचारधारा से प्रभावित होकर मजबूती के साथ महिलाएं युवा पीढ़ी देश मे परिवर्तन के मूड मे है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष बिजेन्द्र शर्मा महासचिव डाक्टर सुभाष शर्मा सचिव औमवीर दुहण वार्ड अध्यक्ष शोकेन्द्र तोमर वार्ड अध्यक्ष आमिर खान वार्ड अध्यक्ष परवेज सोमपाल शर्मा फुरकान कंट्रोल रूम प्रभारी अनुज कुमार ओकार दत्त आदि रहे।

### अपने पालतू जानवरों का समय पर टीकाकरण कराएं:जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** जिलाधिकारी ने कहा कि हमारे समाज की सभ्यता का स्तर इस बात से मापा जा सकता है कि हम अपने से कमजोर और निर्भर प्राणियों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं। यह अभियान बागपत को न केवल रेबीज-मुक्त बनाएगा, बल्कि एक मानवीय और जिम्मेदार समुदाय के रूप में पहचान भी देगा। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने पालतू जानवरों का समय पर टीकाकरण कराएं और इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। यह पहल बागपत के लिए एक सकारात्मक उदाहरण है कि कैसे हम सार्वजनिक स्वास्थ्य, पशु कल्याण और संवैधानिक मूल्यों को एक साथ जोड़ सकते हैं।


**सूचना**
मेरा पंजाब नेशनल बैंक का खाता संख्या- 0512001700087124 शाखा अमीनगर सराय जनपद बागपत की चेक बुक जिसमें पांच चेक साइन किए हुए हैं तथा एटीएम कार्ड वास्तव में कहीं खो गया है।
इरफान पुत्र नीन्ना निवासी मावी खुर्द, जनपद बागपत।


## सट्टा लगाने के लिए आए दबंगों ने परिवार पर किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बड़का गांव में सट्टा लगाने वालों की खाईवड़ी नहीं रूक रही है। हर रोज गांव में झगड़ा हो रहा है। गली में बाहर से आने वाले लोगों का दिन निकलते ही सट्टा लगाने के लिए एक मकान पर जमावड़ा लग जाता है, जिसमें मोहल्ले के लोग परेशान हो जाते हैं। बाहर से आए लोगों ने गांव के ही लोगों के साथ मिलकर एक परिवार पर हमला बोलते हुए उनको गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसमें कई लोगों को चोट आई है। घायल लोगों ने गली मोहल्ले में सट्टा लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पूर्व में भी कई बार बड़का गांव की गली में सट्टा लगाने को लेकर झगड़ा हो चुका है। थानें में तहरीर देकर दबंग लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।




## अभियान के माध्यम से की जाएगी बेजुबान जानवरों के जीवन की रक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** यह संक्रमण सभी स्तनधारी जीवों में हो सकता है। इस अभियान के माध्यम से उन बेजुबान जानवरों के जीवन की रक्षा की जाएगी, जो रेबीज वायरस के कारण असमय मृत्यु का शिकार हो जाते हैं। जानवरों में इसके लक्षणों में अचानक व्यवहार में बदलाव, अत्यधिक आक्रामकता या असामान्य शांति, भूख न लगना, पानी पीने में डर (हाइड्राफोबिया), अत्यधिक लार टपकना, चलने में कठिनाई, दौरे पड़ना और लकवा शामिल हैं। लक्षण प्रकट होने के बाद अधिकांश जानवर 7 से 10 दिनों के भीतर मर जाते हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा.अरविंद त्रिपाठी ने बताया कि लक्षण आने के बाद इस बीमारी का कोई स्थायी इलाज संभव नहीं है, इसलिए समय पर रोकथाम ही एकमात्र प्रभावी उपाय है। पालतू जानवरों में 3 माह की उम्र के बाद पहला टीका और उसके बाद हर साल बूस्टर डोज लगवाना आवश्यक है। यह अभियान केवल रोग-निवारण नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश भी देता है। संविधान हमें यह स्मरण कराता है कि जीव-जंतु हमारे पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र का अभिन्न हिस्सा हैं। उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा में योगदान देना हमारा नैतिक, सामाजिक और संवैधानिक कर्तव्य है। जब हम अपने पालतू जानवरों को टीका लगवाते हैं, तो हम न केवल उन्हें एक घातक बीमारी से बचाते हैं, बल्कि मानव समाज को भी संभावित संक्रमण से सुरक्षित करते हैं।

## मस्जिद में नमाज पढ़ने गए बुजुर्ग के साथ की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** गौना गांव में स्वतंत्रता दिवस पर एक बुजुर्ग के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना मस्जिद में जुम्मे की नमाज के दौरान हुई। पीड़ित की पहचान इस्लामू के रूप में हुई है।

घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित के बेटे आबिद ने बताया कि उनके पिता जब मस्जिद में नमाज पढ़ने गए थे। इस दौरान गांव के ही दो व्यक्तियों ने पहले गाली-गलौज की। फिर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। मस्जिद में मौजूद अन्य नमाजियों ने बीच-बचाव कर बुजुर्ग को बचाया। आबिद ने आरोप लगाया है कि दोनों आरोपी पैरोल पर छूटे सजायाफ्ता अपराधी हैं। उन्होंने बताया कि उनके परिवार को इन दोनों से लगातार जान का खतरा है।



पीड़ित परिवार ने चांदीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी अतर सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच में दोषी पाए जाने पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर सामने आया है।

## पालतू पशुओं के लिए व्यापक टीकाकरण अभियान किया जाएगा शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** जीव-जंतुओं के प्रति करुणा, पर्यावरणीय संतुलन की रक्षा और स्वस्थ समाज निर्माण की भावना को साकार करने हेतु, जिलाधिकारी के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा रेबीज की रोकथाम के लिए रविवार को पशु चिकित्सालय बागपत से पालतू पशुओं के लिए एक सघन और व्यापक टीकाकरण अभियान शुरू किया जाएगा जिसके अंतर्गत जिलेभर में पशु चिकित्सालयों पर विशेष टीकाकरण कैंप लगाए जाएंगे।

यह पहल न केवल जनस्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51(ए)(जी) के अंतर्गत प्रत्येक नागरिक के मूल कर्तव्य प्राकृतिक पर्यावरण, जिसमें वन्य जीव शामिल हैं, का संरक्षण और सुधार करना तथा जीव-जंतुओं के प्रति करुणा रखना की प्रत्यक्ष अभिव्यक्ति भी है। अभियान के अंतर्गत जनपद के 33 पशु चिकित्सालयों में पालतू पशुओं जैसे कुत्ता, श्वान पालतू बिल्ली आदि का एंटी-रेबीज टीकाकरण किया जाएगा। वर्तमान में इन चिकित्सालयों में 1100 डोज उपलब्ध हैं, जिससे अधिक से अधिक पालतू पशुओं को कवर करने का लक्ष्य रखा गया है। वैक्सीनेशन नोडल अधिकारी डा. राजकुमार रावत को नियुक्त किया गया है। कुत्ते एवं श्वान के टीकाकरण से संबंधित किसी भी जानकारी हेतु 9458240723 पर संपर्क किया जा सकता है। रेबीज एक घातक वायरल बीमारी है, जो न केवल मनुष्यों बल्कि जानवरों के लिए भी लगभग 100प्रतिशत घातक होती है। यह वायरस जानवरों और मनुष्यों, दोनों के तंत्रिका तंत्र पर हमला करता है और मस्तिष्क में सूजन पैदा करता है। एक बार लक्षण प्रकट हो जाने के बाद इसका कोई इलाज संभव नहीं है, और पीड़ित की मृत्यु निश्चित होती है। यही कारण है कि समय पर और नियमित टीकाकरण ही इसका सबसे प्रभावी बचाव है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, भारत में 99प्रतिशत से अधिक रेबीज संक्रमण के मामले कुत्तों के काटने से होते हैं। संक्रमित लार के माध्यम से यह वायरस काटने, खरोंचने या खुले घाव, आंख, नाक या मुंह की श्लेम झिल्ली पर लगने से फैलता है।

## मस्जिद में बुजुर्ग से मारपीट करने वाले युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** गौना गांव में दो युवकों ने मस्जिद में नमाज अदा करने गये युवक के साथ मारपीट की थी जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था। पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा कायम कर हिरासत में ले लिया है।

गौना निवासी आबिद पुत्र इस्लामू ने बताया कि 15 अगस्त के दिन उसके बुजुर्ग पिता इस्लामू लगभग दो बजे जुम्मे की नमाज पढने गये थे जहा गांव के ही नकसन व हासिम पुत्र जिलेदीन ने उनके पिता के साथ पहले गाली गलौच की और फिर मारपीट की थी। मस्जिद में नमाज पढने वाले अन्य लोगो ने उसके पिता की जान बचायी थी। उसने बताया था कि नकसन और हासिम सजायफता मुजरिम है जो पैरौल पर जिनसे उन्हें खतरा है। उसने चांदनगर थाने पहुंच दोनो आरोपियों के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की थी। वही मामले की वीडियो भी वायरल हो गयी थी। पुलिस ने दोनो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। जहां उनके खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है। थाना प्रभारी अतर सिंह ने बताया कि दोनो युवक के खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है।

## रक्तदान शिविर में किया 49 रक्तदाताओं ने रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर में खिदमत सोसाइटी के तत्वाधान में खिदमत रक्तदान शिविर का आयोजन तीरंगा चौक बड़ौत नगर में किया गया, जिसमें 49 रक्तदाताओ ने रक्तदान किया, जिसमे खिदमत सोसाइटी के सदस्यों का रक्तदान करने में मुख्य रूप से योगदान रहा।

शिवाय चेरीटेबल ब्लड बैंक की प्रभारी डा. रीवा चौधरी ने रक्तदान करने के फायदे बताते हुए कहा कि रक्तदान करने से दिल का दौरा और कैंसर की संभावनाए कम हो जाती है। इसके अलावा और भी बहुत से फ़ायदे होते हैं। रक्तदान 18 से 65 साल तक के पुरुष और महिला कर सकता है। रक्तदान के लिए हीमोग्लोबिन की मात्रा 12.5 ग्राम होनी चाहिए। रक्तदान 3 से 4 महीने के बाद करना चाहिए। सोसायटी के अध्यक्ष डा.इरफ़ान मलिक ने शिविर को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद किया। इस मौक़े पर सहजाद ठेकेदार, नदीम मुल्तानी, डा.आरिफ ने खिदमत सोसायटी की सदस्यता ग्रहण की, खिदमत रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि एड जयवीर सिंह तोमर, ग्रोवेल स्कूल के प्रबंधक विश्वास चौधरी, प्रमुख समाजसेवी हलीम चौधरी ने सयुक्त रूप से रीवन काट के शिविर का सुभारम्भ किया। शिविर मे रक्तदान करने वालों को सोसायटी द्वारा माला पहनाकर गिफ्ट भेट किया गया तथा कैम्प मे भाग लेने वाले सभी सम्मानित क्षेत्रवासियो का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। बड़ौंत थाना प्रभारी मनोज चहल, महिला जिलाध्यक्ष प्रज्ञा चौधरी, आशमा खानम, डा.योगेश जिंदल, अंकुर जैन, लियाक़त चौधरी, तेजपाल सिंह, अमित चिकारा, प्रवीण वर्मा, आदि का विशेष योगदान रहा। सोसायटी के डा. इरफ़ान मलिक, समीर हसन, इरफ़ान बॉन्टेक्स, जावेद प्रधान, असलम मिर्जा, बिलाल अल्वी, आरिफ कुरैशी, सहजाद ठेकेदार, नदीम मुल्तानी, डा.आरिफ अली, इमरान कुरैशी, सलीम मुल्तानी, रासिद पठान, हाजी ग्यासुद्दीन, हाफिज सलाउद्दीन, सावेज कुरैशी, उस्मान कुरैशी, हाफिज सुबराती, विकास मलिक, इस्लाम मलिक, अरशद अल्वी, हनी मलिक आदि उपस्तिथ रहे।



# एमबीबीएस पास कर लौटे छात्र का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रूस के साथ युद्ध होने के कारण यूक्रेन छोड़कर उज्बेकिस्तान में जाकर एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने वाले छात्र के वापस लौटने पर परिजन, सगे संबंधी और मोहल्ले वालों ने जोरदार ढंग में अभिनंदन कर हौंसले की जमकर सराहना करते हुए भारतीय सरकार के कदम की भी खूब प्रशंसा की।

गढ़ के मोहल्ला चौधरियान में रहने वाले साजिद फौजी का बेटा चौधरी सैफ अली एमबीबीएस की पढ़ाई कर वापस घर लौटा तो परिजन और सगे संबंधियों समेत मोहल्ले वालों ने जोरदार ढंग में अभिनंदन कर उसके हौंसले को जमकर सराहा। सैफ अली ने बताया कि रूस के साथ युद्ध प्रारंभ होने पर वहां एमएबीबीएस की पढ़ाई कर रहे



भारत समेत अन्य देशों के हजारों मेडिकल छात्रों को देश छोड़ना पड़ा था। चार साल की पढ़ाई यूक्रेन में पूरी करने के बाद उसे पड़ोसी देश उज्बेकिस्तान में दाखिला लेकर दो साल की पढ़ाई करनी पड़ी थी। युद्ध के दौरान कई सप्ताह तक खौफ के साये में रहने के बाद भारत लौटना पड़ा था। जिसके बाद उज्बेस्ततान में जाकर पढ़ाई करनी पड़ी। सैफ अली ने बताया कि रूस के साथ युद्ध प्रारंभ होने पर भारत समेत कई देशों के हजारों मेडिकल छात्र बुरी तरह फंस गए थे, परंतु भारतीय सरकार ने सराहनीय ढंग में प्रभावी कदम उठाते हुए भारत के सभी छात्रों को सकुशल तरीके से देश में वापस बुला लिया था। जिसके बाद वैकल्पिक तौर पर व्यवस्था कराते हुए मेडिकल छात्रों का दाखिला उज्बेकिस्तान यूनिवर्सिटी में करा दिया गया था। जहां से एमबीबीएस के कोर्स की पढ़ाई पूरी करते हुए भारत में आकर गरीब मजदूरों समेत सीमित आय वर्ग वाले मरीजों का सुलभ और सस्ते ढंग में उपचार करने का मौका प्राप्त हुआ है। इस दौरान फल सब्जी आढ़त एसोसिएशन के अध्यक्ष यामीन पप्पू, हाजी शराफत अश्क, काशिफ चौधरी, राहत तालिब, परवेज चौधरी, शरियत अली, हाजी शकील, तारिक राणा, अंसार चौधरी, मशकूर खां, बदरुल इस्लाम, अजीम यूसु, मोनू चौधरी, वासिद अली समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया विहिप का स्थापना दिवस और जन्माष्टमी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस और भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव नगर के श्रीराम मंदिर, कबाड़ी बाजार में बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। विहिप की स्थापना 1964 में कृष्ण जन्माष्टमी के पावन दिन पर हुई थी, जिसका उद्देश्य दुनिया भर के हिंदुओं की आवाज को मजबूती प्रदान करना है। इस अवसर पर शाम 8 बजे हनुमान चालीसा का पाठ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, स्थानीय निवासियों, मातृशक्ति और बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला संपर्क प्रमुख अरुण अग्रवाल दादरी वाले रहे। उन्होंने विहिप के सेवा, सुरक्षा और संस्कार के कार्यों पर प्रकाश डाला। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष गिरीश त्यागी फायर वाले, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख अजय सुंदर नारायण सिंह त्यागी, जिला कोषाध्यक्ष योगेश भारती, गौ रक्षा प्रमुख ऋतिक त्यागी और अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। विहिप के पदाधिकारियों ने हिंदू समाज को कृष्ण जन्माष्टमी और विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का प्रसाद वितरित किया गया।

# स्वतंत्रता दिवस पर लिया समाजहित का संकल्प

**शाह टाम्स संवाददाता**

**हापुड़।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर चौधरी समाज ने पहली बार इतनी भव्य और ऐतिहासिक तैयारियों के साथ एकजुट होकर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर समाज के सभी वर्गों के लोग बड़ी संख्या में एकत्र हुए और राष्ट्रगान व तिरंगा झंडा फहराकर आज़ादी के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों और युवाओं ने संकल्प लिया कि चौधरी समाज अब न सिर्फ अपनी एकजुटता बनाए रखेगा, बल्कि समाजहित और राष्ट्रहित के कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेगा। विशेष रूप से यह निर्णय लिया गया कि समाज का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। जो भी छात्र आगे पढ़ाई करना चाहता है, उसे चौधरी समाज एकता मंच हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। चाहे वह आर्थिक हो या सामाजिक समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी हसीन चौधरी ने घोषणा की कि मैं इस संस्था के लिए तन-मन-धन से हमेशा तैयार हूं। यदि कमेटी को कभी भी किसी जायज़ कार्य के लिए ज़रूरत पड़े, तो मेरे घर के दरवाज़े हमेशा खुले हैं। समाज और देशहित के हर कार्य चाहे गरीब बच्चों की शादी हो या फिर शिक्षा का मामला में चौधरी समाज एकता मंच हमेशा साथ खड़ा रहेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि नरेंद्र अग्रवाल ने चौधरी समाज की एकजुटता और इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि जब समाज के लोग



इस तरह की संस्थाओं और कमेटियों के माध्यम से आगे आएंगे, तभी समाज का वास्तविक विकास संभव है। ऐसे प्रयास न केवल समाज को मज़बूत करते हैं बल्कि राष्ट्र की प्रगति में भी योगदान देते हैं। कार्यक्रम में प्रो. नफीस चौधरी, हसनेन चौधरी, राशिद चौधरी, डर. सद्दाम इंसाफ, अफजाल पत्रकार जाहिद चौधरी, समीर चौधरी, हाजी दिलशाद चौधरी, गुड्डू चौधरी, डा. अबरार त्यागी, चौधरी शौकीन, अनीस चौधरी, शाकिर नवाब, चौधरी महफूज, चौधरी मोबिन, डा. अबरार त्यागी आदि सम्मानित व्यक्तित्व शामिल रहे।

# चोरी की घटना में फरार चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिम्भावली पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चोरी की घटना में फरार चल रहे एक चोर को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से चोरी का जनरेटर बेचकर प्राप्त 2,700 रुपये की नकदी बरामद की है। थाना प्रभारी सुमित तोमर ने बताया कि हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं चोरों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना सिम्भावली पुलिस द्वारा चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चोरी की घटना में फरार चल रहे एक चोर पिन्टू उर्फ प्रेमपाल पुत्र बालकिशन निवासी ग्राम तिगरी थाना सिम्भावली जनपद हापुड़ को तिगरी तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से चोरी



का जनरेटर बेचकर प्राप्त 2,700 रुपये की नकदी बरामद हुई है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# इनरव्हील क्लब हापुड़ ग्रेटर ने शिवा पब्लिक स्कूल में मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** 15 अगस्त के शुभ अवसर पर इनरव्हील क्लब हापुड़ ग्रेटर द्वारा शिवा पब्लिक स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके बाद बच्चों को प्रसाद और अन्य उपयोगी वस्तुओं का वितरण किया गया।

विद्यालय की प्रिंसिपल सुमन अग्रवाल के मार्गदर्शन में बच्चों ने शानदार सांकृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। देशभक्ति गीतों, नृत्य और भाषणों से वातावरण देशभक्ति की भावना से सराबोर हो गया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष राध्या



गुप्ता ने बच्चों को देशभक्ति की राह पर चलने और पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बच्चों का असली शस्त्र है और इससे ही वे देश और समाज की प्रगति में योगदान कर सकते हैं। कार्यक्रम में क्लब की सचिव वैभवी मित्तल, रेनू अग्रवाल और पारुल मित्तल विशेष रूप से मौजूद रहीं।

# नाबालिग बच्चे के कार चलाने का वीडियो वायरल, काटा 10 हज़ार का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िले में एक नाबालिग बच्चे के कार चलाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद, यातायात पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 10,000 रुपये का चालान काटा है। यह घटना हापुड़ में हुई, जहाँ एक नाबालिग को कार चलाते हुए देखा गया और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में नाबालिग की लापरवाही और यातायात नियमों का उल्लंघन साफ दिख रहा था। यातायात पुलिस ने इस वीडियो को संज्ञान में लिया और जाँच के बाद वाहन मालिक पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत जुर्माना लगाया है। यातायात प्रभारी छविराम ने सभी



अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को कोई भी वाहन चलाने की अनुमति न दें। पुलिस ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि दोबारा ऐसा पाया गया तो कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार नाबालिगों का वाहन चलाना न केवल गैरकानूनी है, बल्कि इससे सड़क पर अन्य लोगों की सुरक्षा को भी बड़ा खतरा होता है।

## एक नजर

### वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत, साथी घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुचेसर चौपला।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के स्याना रोड स्थित दयानतपुर कट के पास बृहस्पतिवार की रात एक बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में नयाबास गांव निवासी संदीप 27 वर्षीय की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि उसका साथी अरुण गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार जिला बुलंदशहर के नयाबास गांव निवासी संदीप पुत्र राधे श्याम अपने गांव निवासी दोस्त अरुण के साथ कुचेसर चौपला की प्लाईबोर्ड फैक्टरी में नौकरी कर रहा था। दोनों दोस्त बाइक से ही आना जाना करते थे। बृहस्पतिवार की रात दोनों फैक्टरी से डयूटी खत्म करके वापस गांव के लिए बाइक लेकर निकले थे। जैसे ही दोनों बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के दयानतपुर कट के पास पहुंचे तो किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे संदीप और उसका साथी अरुण गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची बाबूगढ़ पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी सिखेड़ा में भर्ती कराया। दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए मेरठ मेडिकल के लिए रेुर कर दिया। मेरठ मेडिकल में रात में ही उपचार के दौरान संदीप की मौत हो गई। मृतक की शादी करीब आठ वर्ष पहले मोनिका से हुई थी। वहीं, अरुण की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस का कहना है कि परिजनों की तरु से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। िर भी वाहन और चालक की तलाश की जा रही है।

### सर्राफा कारोबारी ने 2086 ग्राम सोना हड़पने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सराफ कारोबारी ने बंधेल के गहनों का कारोबार करने वाले व्यापारी पर 2086 ग्राम सोना हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सराफा बाजार निवासी कुश गोयल ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी गोयल जूलर्स के नाम से गंगा मार्केट सराफा बाजार में दुकान है। छज्जूपुरा निवासी प्रमोद कंसल उनके नियमित ग्राहक रहे हैं। प्रमोद कंसल बंधेल के गहने बनवाते थे। उनका पुत्र आकाश कंसल भी अपने पिता के साथ व्यापार करता था। वर्तमान में प्रमोद कंसल का देहांत हो चुका है। प्रमोद कंसल के समय और उनके बाद का आकाश पर 2086 ग्राम सोना बाकी चला आ रहा है। आरोप है कि बार बार तकादा करने पर वह बहकाता रहा। आकाश कंसल की माता विनीता भी यह कहती रहीं कि धीरे-धीरे तुम्हारा सोना या इसके बदले में तुम्हारे पैसे दे देंगे, लेकिन सख्ती से तकादा करने पर आरोपी अभद्रता और झूठे मुकदमे में फंसवाने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित का कहना है कि सोने की कीमत करीब दो करोड़ से अधिक है। सीओ जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# एल्यूमीनियम व्यापारी के चालक पर लगाया 12 लाख की चोरी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मुरादाबाद के एल्यूमीनियम व्यापारी हाजी मोहम्मद इस्लाम ने अपने ड्राइवर चांद पर 12 लाख रुपये चोरी करके फरार होने का आरोप लगाया है। एल्यूमीनियम व्यापारी हाजी मोहम्मद इस्लाम की शिकायत के आधार पर सम्बंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार व्यापारी ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वे अपने बेटे की शादी के लिए मेरठ से 12 लाख रुपये लेकर वापस आ रहे थे। रास्ते में वे बाबूगढ़ के शिवा ढाबा पर चाय पीने के लिए रुके। उन्होंने पैसों से भरा थैला गाड़ी में ही ड्राइवर के पास छोड़ दिया और परिवार के साथ नीचे उतर गए। जब वे वापस लौटे तो ड्राइवर पैसों और गाड़ी सहित गायब हो चुका था। पीड़ित ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। बाबूगढ़ थाना के प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी ड्राइवर की तलाश की जा रही है। उन्होंने जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया।

# सावधान:यहां मेरठ रोड पर सड़क में हो रहे है मौत के गड्डे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुर्द्रश्वर।** गढ़-मेरठ मार्ग सड़क के गड्डे हादसों की वजह बने हुए हैं, जिनकी वजह से कई राहगीरों की मौत होने के बाद भी अधिकारी कोई सुध लेने को तैयार नहीं है।

समय समय पर सीएम योगी ने जर्जर हो चुकीं सड़कों को पूरी तरह गड्डा मुक्त कराने की घोषणा की थी, जिस पर गढ़ क्षेत्र में महज नाम मात्र को ही अमल हो पाया है। वजह गढ़ मेरठ मार्ग जो कि मुख्य सड़क है,उसमे कई जगह गहरे गड्डे होने के साथ ही गड्डे हादसों को न्यौता दे रहे हैं। गड्डों में टायर गिरने से लगातार हादसे होते आ रहे हैं। अलग अलग स्थानों से आने वालों को परेशानी झेलने के साथ ही हादसों का शिकार भी होना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इन गड्डो में टायर गिरकर सुबह से शाम तक दर्जनों वाहन के एक्सल और बेरिंग टूट जाते हैं, जहां हर समय मौत का खतरा बना रहता है,उक्त हाइवे पर गहरे गड्डे होने की एक वजह हजारों ओवरलोड वाहनों की आवाजाही न थम पाना भी है।

सोनू नायक,भूपेंद्र, नकुल त्यागी हैदरपुर,दीपक शर्मा और सुमित त्यागी आदि ने सड़कों में हुए गड्डों को तत्काल प्रभाव से बंद कराने की मांग की है। इस संबंध मे एसडीएम राम यादव का कहना है कि सड़कों में हो रहे गड्डों को शीघ्र ही ठीक कराया जाएगा। जिससे राहगिरो को समस्या न होने के साथ-साथ कोई हादसा ना हो सके।



# करोड़ों की आमदनी के बाद भी जलभराव होने से पार्किंग स्थल के अंदर तालाब जैसी स्थिति बनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुद्रेश्वर।** करोड़ों की आमदनी होने के बाद भी जलभराव की समस्या से निजात न मिलने से पार्किंग स्थल में तालाब जैसी स्थिति बनने पर बाहरी प्रांतों से आने वाले गंगा भक्तों समेत स्थानीय लोगों को खूब दिक्कत झेलने को मजबूर होना पड़ रहा है।

अति व्यस्तम दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे किनारे स्थित मुक्ति धाम ब्रजघाट में प्रतिदिन दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हजारों गंगा भक्तों का आगमन होता है। जो गंगा मैया में आस्था की डुबकी लगाने के साथ ही बच्चों का मुंडन, दिवंगतों का दाह संस्कार और अस्थि विसर्जन जैसे विभिन्न अनुष्ठान करते हैं। प्रतिमाह पूर्णिमा और अमावस्या समेत कार्तिक मेला और ज्येष्ठ दशहरा के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़कर लाखों में पहुंच जाती है।

हरिद्वार के उत्तराखंड में शामिल होने के कारण योगी सरकार द्वारा मुक्ति धाम ब्रजघाट को धार्मिक पर्यटक नगरी के रूप में विकसित कराने को लेकर बड़े स्तर पर कवायद की जा रही है, जिसके तहत यहां करोड़ों की लागत से मल्टी लेवल पार्किंग बनाई जानी भी प्रस्तावित है। जिनमें हजारों वाहन खड़े होने की क्षमता है। परंतु बरसात के इस मौसम में जलभराव होने के कारण दोनों पार्किंग तालाब के रूप में तब्दील चल रही हैं। जिससे बाहरी प्रांतों से आने वाले गंगा भक्तों को अपने कीमती वाहन सड़कों के किनारे के साथ ही इधर उधर खुले स्थानों पर खड़े करने को मजबूर होना पड़ रहा है। पूर्व जिला शासकीय सहायक अधिवक्ता सीएस यादव का कहना है कि हरिद्वार के उत्तराखंड में जाने के कारण योगी सरकार द्वारा सदियों से उपेक्षित ब्रजघाट गंगानगरी को धार्मिक पर्यटन नगरी के रूप में विकसित कराने को लेकर बड़े स्तर पर कवायद की जा रही है, जिसके तहत करोड़ों की लागत से मल्टी लेवल पार्किंग बननी भी प्रस्तावित है। परंतु इसके बाद भी ब्रजघाट गंगानगरी को जलभराव के साथ ही टूटी सड़क और जगह जगह रास्तों पर कूड़े की समस्या से मिजात मिल पानी संभव नहीं हो पा रही है। पार्किंग ठेके समेत अन्य मदों से पालिका प्रशासन को ब्रजघाट गंगानगरी में प्रतिवर्ष करोड़ों की आय होती है, परंतु इसके बाद भी जन समस्याओं का निस्तारण न होने से गंगा भक्तों समेत स्थानीय जनता को दिक्कत होने के साथ ही योगी सरकार की मंशा पर भी पानी िर रहा है। पालिका ईओ पवित्र त्रिपाठी का कहना है कि मल्टी लेवल पार्किंग का निर्माण करने वाली कंपनी के इंजीनियर से सलाह मशविरा लेकर पार्किंग स्थल में होने वाले जलभराव की समस्या से प्रभावी ढंग में राहत दिलाई जाएगी।

# भाजपा नेता पर लगाया आश्रम पर कब्जा जमाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुद्रेश्वर।** दिव्यांग दलित महंत ने भाजपा नेता समेत उसके दबंग गुर्गों पर आश्रम की संपत्ति पर कब्जा जमाने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए अपनी जानमाल की सुरक्षा कराने की गुहार लगाई।

ब्रजघाट गंगानगरी के वन विभाग रोड पर स्थित सीताराम कुटी आश्रम के संचालक सुधीर दास ने सीओ को पत्र देकर अपनी जानमाल की सुरक्षा कराए जाने की गुहार लगाई है। महंत का कहना है कि भाजपा नेता संजीव यादव के संरक्षण में कई दबंग लोग पिछले काफी दिनों से उसकी हत्या कर आश्रम की संपत्ति पर नाजायाज ढंग में कब्जा जमाने का प्रयास करते आ रहे हैं। महंत का कहना है कि वह अपने गुरु भगवतदास का शिष्य और आश्रम का इकलौता उत्तराधिकारी है। परंतु अनुसूचित जाति से संबंधित होने के कारण भाजपा नेता संजीव यादव और उसके गुर्गे लगातार उसे बेदखल करने का प्रयास करते आ रहे हैं, जिसको लेकर उसके द्वारा कई बार शिकायत भी की जा चुकी है, परंतु स्थानीय पुलिस द्वारा मनमाने ढंग में उसकी शिकायतों का निस्तारण करते हुए किसी भी कार्रवाई से पल्ला झाड़ लिया जाता है। महंत का आरोप है कि भाजपा नेता एक प्रभावशाली किस्म का व्यक्ति है, जो प्लाट पर कब्जा करने और अवैध हथियार रखने के साथ ही कई अन्य संगीन अपराधों में जेल भी काट चुका है। सीओ वरुण घमिश्रा का कहना है कि आश्रम महंत की शिकायत पर जांच पड़ताल कराई जा रही है, जिसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई कराई जाएगी।

# केवाईसी अपडेट कराने के नाम पर 1.94 लाख रुपये ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नई आबादी खाई बाजार कोटला युसूफ निवासी जावेद के साथ साइबर ठगों ने क्रेडिट कार्ड की केवाईसी अपडेट कराने के नाम पर 1.94 लाख रुपये की ठगी कर ली। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जावेद अली ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पास एक नंबर से फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को बैंक प्रतिनिधि बताते हुए उसके क्रेडिट कार्ड की केवाईसी अपडेट करने की बात कही। आरोपी ने झांसे में लेकर कुछ औपचारिकता पूरी करने के नाम पर जानकारी मांगी। इसके बाद साइबर ठग ने उनके खाते से चार बार में 194800 रुपये निकाल लिए। सीओ जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।ोन के आधार पर साइबर ठग तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

# बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़

**बाइक चोर को लगी गोली, दो साथी गिरफ्तार**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-58 क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। सेक्टर-62 के पास रात में चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक मोटरसाइकिल सवार को रुकने का इशारा किया। वह नहीं रुका और भागने लगा।

पीछा करने पर बदमाश ने पुलिस टीम पर गोली चला दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश की पहचान बुलंदशहर के थाना कोतवाली देहात के ग्राम इमलिया के रहने वाले सो. हनपाल उर्फ सोनू (25) के रूप में हुई।

नोएडा के एडिशनल डीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि मुठभेड़ में घायल बदमाश सोहनपाल से एक चोरी की स्प्लेंडर बाइक एक तमंचा .315 बोर, एक खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुई। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया। एटा के शुभम (24) और फिरोजाबाद के निखिल (21) दोनों नोएडा के सेक्टर 68 में किराये के मकान में रहते थे।

तीनों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने सेक्टर-57 से एक स्प्लेंडर बाइक चोरी की थी। इस संबंध में थाना सेक्टर-58 में मुकदमा दर्ज है। दूसरी बरामद बाइक भी कुछ दिन पहले नोएडा से चोरी की गई थी, जिसकी जांच की जा रही है।

## खेलकूद के लिए जगह नहीं, कमरों में कैद रहते हैं बच्चे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सोसाइटी में खेलकूद की व्यवस्था न होने के कारण बच्चे घरों में कैद हो रहे हैं। इससे उनकी शारीरिक गतिविधि नहीं हो पा रही है। लिफ्टों में कैमरा नहीं हैं। जलभराव की समस्या बनी हुई है। लिफ्ट भी खराब रहती है। लिहाजा निवासियों को सीढ़ियों का सहारा लेना पड़ता है जबकि लाखों रुपये देकर फ्लैट खरीदा था। ये कहना है ग्रेनो वेस्ट की आम्रपाली गोल्फ होम्स एंड किंग्सवुड्स सोसाइटी के निवासियों का।

रविवार को सोसाइटी में हुए संवाद कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि गेट पर सुरक्षा गार्डों के साथ अप्रूवल लेने की व्यवस्था तक नहीं है। सोसाइटी में देर रात लोगों का आना-जाना लगा रहता। ऐसे में महिलाएं असुरक्षित महसूस करती हैं।

## 13 सितम्बर को आयोजित होगा राष्ट्रीय लोक अदालत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में 13 सितंबर 2025 को मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष तैयारियां की जा रही है।

जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उप्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के क्रम में आगामी 13 सितंबर 2025 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, पारिवा. रिक मामलें, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामले, बिजली व पानी से संबंधित मामले, धारा 138 एनआई एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा संबंधित मामले एवं प्री-लिटीगेशन मामलों के साथ-साथ सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद, जिनमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन संधि के लिए इच्छुक हो वह मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किये जायेंगे।




गौरतलब हो कि लोक अदालत द्वारा जारी किए गए फैसले को दीवानी अदालत के डिक्री का दर्जा प्राप्त होता है। यह फैसले बाध्यकारी होते हैं और इनके खिलाफ अपील नहीं की जा सकती। राष्ट्रीय लोक अदालत का कोई न्यायालय शुल्क नहीं लगता। यदि न्यायालय शुल्क का भुगतान पहले ही कर दिया गया है, तो लोक अदालत में विवाद का निपटारा होने पर राशि वापस कर दी जाती है।

वहीं राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक ऋण मामलों को अधिक से अधिक से चिन्हित करने तथा चिन्हित मामलों में पक्षकारों को नोटिस आदि भिजवाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए गए है। इसके साथ-साथ राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के अपने-अपने बैंक शाखाओं पर बैनर, पोस्टर, स्टीकर आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने को भी निर्देश दिये गये हैं।

## यूपी के स्केटरों ने 10 स्वर्ण झटके

**नोएडा।** राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग स्केटिंग चौंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के स्केटरों का दबदबा जारी है। रविवार को सेक्टर-46 और 132 में खेले गए रोड रेस और रिंक रेस में 10 स्वर्ण पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में यूपी नंबर वन पर काबिज है। एक दिन पहले यूपी ने 11 स्वर्ण पदक अपने नाम किए थे। चार दिनों से खेली जा रही प्रतियोगिता के मुकाबले बारिश के प्रभावित रहे। लिहाजा देर रात तक स्पर्धाएं आयोजित की जा रही है। दूसरे स्थान पर छह स्वर्ण जीतकर दिल्ली बना हुआ है। प्रतियोगिता के आखिरी दिन सोमवार को भी कई मुकाबले खेले जाएंगे। यूपी के खिलाड़ियों के लगातार बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए ओवरऑल चैंपियन बनने की उम्मीद है।

# सीवर टैंक में डूबने से दो सफाईकर्मी की मौत

**बिना सुरक्षा उपकरण के उतरे थे टैंक में, दोनों भाईयों**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-115 में बने सीवेज पंपिंग स्टेशन में सीवर टैंक की सफाई करने उतरे दो चचेरे भाईयों की मौत हो गई। हादसा शनिवार शाम हुआ। सूचना पर पहुंची सेक्टर-113 थाना पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया। मृतकों के भाई की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करते हुए ठेकेदार समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



अलीगढ़ के रहने वाले थे दोनों भाई अलीगढ़ के महुआखेड़ा गांव निवासी 26 वर्षीय विकास और उसका चचेरा भाई 24 वर्षीय खुशहाल दोनों प्राइवेट सफाई कर्मचारी थे। दोनों परिवार के साथ सेक्टर-49 क्षेत्र स्थित बरौला गांव में किराए पर रहते थे। दोनों सफाई ठेकेदार पुष्पेंद्र और सुपरवाइजर अजीत के अधीन सीवर टैंक और नाली सफाई का काम करते थे।

ठेकेदार के बुलावे पर गए थे टैंक सफाई करने शनिवार दोपहर ठेकेदार पुष्पेंद्र ने दोनों को सेक्टर-115 स्थित सीवेज पंपिंग स्टेशन पर बुलाया। यहां सीवर टैंक की सफाई की जिम्मेदारी सौंप दी। सीवर टैंक साफ करते समय दोनों उसमें गिर गए। पानी में डूबने से दोनों की मौत हो गई। काफी देर तक दोनों की लाश सीवर टैंक में ही पड़ी रही। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने किसी तरह दोनों के शवों को बाहर निकलवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ठेकेदार और सुपरवाइजर पर रिपोर्ट दर्ज खुशहाल के भाई ब्रजेश कुमार ने ठेकेदार और सुपरवाइजर पर लापरवाही बरतने का मुकदमा दर्ज कराया। ब्रजेश का आरोप है कि इस मामले में ठेकेदार की बड़ी लाप. रवाही सामने आई है। दोनों के पास सुरक्षा के कोई उपकरण नहीं थे। बिना रस्सी बांधे ही उसके भाईयों को सीवर टैंक साफ करने के लिए उतार दिया गया। यदि उनके पास सुरक्षा उपकरण होते तो हादसा नहीं होता।

दोनों की पत्नी हैं गर्भवती ब्रजेश ने बताया कि खुशहाल की छह वर्ष पूर्व शादी हुई थी। उसकी दो बेटी हैं। पहली बेटी पांच वर्ष और दूसरी दो वर्ष की है, जबकि विकास की शादी पांच वर्ष पूर्व हुई थी। उसकी चार वर्ष की एक बेटी है। दोनों की पत्नी गर्भवती हैं। दोनों की मौत की खबर सुनकर परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## एक नजर

### जिले में डेंगू के दो नए मरीज मिले

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** मलेरिया विभाग ने डेंगू के दो नए मरीजों की पुष्टि की। अब मरीजों की संख्या 37 हो गई है। इस महीने से मरीजों की संख्या बढ़ने की आशंका है, जिसे देखते हुए मलेरिया विभाग ने निरीक्षण शुरू कर दिया है। मच्छरों के लार्वा मिलने, जलभराव और लार्वा के संभावित स्थान मिलने पर विभाग 50 से अधिक नोटिस जारी कर चुका है।

### किसान विरोधी नीतियों से लोग परेशान

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** दादरी कस्बे में रविवार को आम आदमी पार्टी की ओर से एक किसान सभा आयोजित की गई। इसमें राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि लोग सरकार की किसान विरोध नीतियों से परेशान हैं। गन्ना किसानों का समय पर भुगतान न होना, सिंचाई के लिए पानी की किल्लत होने, खाद और बीज न मिलने से किसान त्रस्त हैं। प्रदेश अध्यक्ष अशोक कमांडो ने कहा कि किसान के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### छात्र की खुदकुशी के मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन पर केस दर्ज

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** बीटेक की पढ़ाई कर रहे छात्र शिवम की खुदकुशी के मामले में पुलिस ने शारदा विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इससे पहले बीडीएस की छात्रा की खुदकुशी के मामले में विश्वविद्यालय के छह प्रोफेसर के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। नॉलेज पार्क थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मूलरूप से पूर्णिया बिहार का रहने वाला शिवम शारदा विश्वविद्यालय से बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। शिवम नॉलेज पार्क स्थित निजी छात्रावास में रह रहा था। उसने 15 अगस्त की रात अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। शनिवार को शिवम के पिता कार्तिक चंद डे ने इस प्रकरण में एक लिखित शिकायत दी थी। पिता ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर छात्र की अनुपस्थिति की जानकारी न होने का आरोप लगाया था। उनका आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा लगातार फीस ली जा रही थी, लेकिन छात्र 2023 से विश्वविद्यालय नहीं गया था। यह जानकारी विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा परिजनों को नहीं दी गई।

### मिलेनियम में गूंजे आजादी के तराने

**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्य अजय कुमार एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम, कोऑर्डिनेटर शालिनी चौहान व सतेंद्र कुमार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यार्थियों देशभक्ति गीत, नृत्य, कविताएं एवं नाटक प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान और देश की एकता के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन संचिता वर्मा, वैशाली कश्यप, बालेश कुमार, कृष कुमार ने किया।

### पदाधिकारियों को वितरित किए प्रमाण पत्र

**शिवाला कलां।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिवाला कला व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर व्यापारियों की समस्या पर चर्चा हुई तथा संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी युवा तसलीम अहमद इदरीसी, महिला मोर्चा भी उपस्थित रहे। प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा यदि कोई ऐसा करता है, तो उसका विरोध संगठन द्वारा किया जाएगा। नगर अध्यक्ष हाजी रियाजुद्दीन, नगर महामंत्री राजन कुमार, नगर प्रभारी सचिन राजपूत व अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

### जनता बाल निकेतन में कार्यक्रम

**नजीबाबाद।** जनता बाल निकेतन जूनियर हाई स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मनमोहन लिया। ध्वजारोहण मुख्य अतिथि रिजवान अहमद ने किया। माजिद अहमद, सुनीता गुप्ता, इस्लामी फंड के मैनेजर नफीस खान, आदिल अख्तर, रुश्दा हाशमी, शमशाद अहमद, मास्टर हाफिज, दिलशाद अहमद, मौहम्मद शाहिद मौजूद रहे। सांस्कृतिक एवं देश भक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को पुरुस्कृत किया गया। इस मौके पर सेवानिवृत्ति तहसीलदार शमीम अहमद ने कहा कि देश की आजादी में स्वतंत्रता सेनानियों की बहुत बड़ी कुर्बानी है।

## लाल साड़ी में दिखाया गुस्सा मांगा बिजली कनेक्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कुलेसरा, लखनावली और सुथ्याना गांव के डूब क्षेत्र के निवासियों ने रविवार को बिजली कनेक्शन और आपूर्ति की समस्याओं के समाधान न होने पर रैली निकाली। महिलाओं ने लाल साड़ी पहनकर इसमें हिस्सा लिया। उनका कहना है कि संघर्ष के प्रतीत के रूप में लाल साड़ी पहनी। आरोप है कि प्राधिकरण और प्रशासन ने कॉलोनी काटने वालों को नहीं रोका। अब उनका कनेक्शन देने पर रोक लगा रहा है।

हिंडन नदी के डूब क्षेत्र में लाखों मकान बन चुके हैं। अभी भूमाफिया कॉलोनी काट रहे हैं लेकिन प्राधिकरण और प्रशासन अवैध निर्माण नहीं रोक पा रहे हैं। इस पर सरकार ने डूब क्षेत्र में बिजली के कनेक्शन देने पर रोक लगा दी है। रविवार को सुथ्याना, कुलेसरा और लखनावली गांव के डूब क्षेत्र के रहने वाले लोगों ने एकता संघर्ष समिति के बैनर तले रैली निकाली।

लखनावली की श्याम विहार कॉलोनी से रैली शुरू हुई और जय हनुमान कॉलोनी, परशुराम विहार, पवन एंक्लेव, मयूर कुंज, न्यू फ्रेंड्स, श्रीराम, राम जानकी नगर समेत अन्य कॉलोनियों से गुजरी। लोगों का कहना है कि 10 अगस्त को डीएम से मिलने पहुंचे लेकिन उन्होंने व्यक्ति को मिलने बुलाया। जबकि सैकड़ों की संख्या में निवासी पहुंचे थे। इस कारण वो डीएम से नहीं मिले।

## अनियमितता का आरोप लगा निर्माण कार्य रुकवाया

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण द्वारा गांव मोहम्दाबाद खेड़ा में कराए जा रहे निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने कार्य को रुकवा दिया। लोगों ने इसकी शिकायत प्राधिकरण के सीईओ से करने की बात कही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्राधिकरण ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य में मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। आरा. `प लगाया कि निर्माण कार्य में घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। हाल ही में बनाया गया नाला सड़क से कुछ फिट गहरा है और बारिश में चलते कीचड़ से भर गया है। अब पानी आगे जाने की बजाय लोगों के घरों के आगे रुका हुआ है।

## विद्या सेतु कार्यक्रम से नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ की आय होगी दोगुनी, जिम्स ने शुरू किए कई कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** राजकीय और विज्ञान संस्थान (जिम्स) की ओर से विद्या सेतु कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। डॉक्टर, नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ के लिए विद्या सेतु कार्यक्रम वरदान साबित होगा। इसके तहत युवाओं को भविष्य के लिए तैयार किया जाएगा। उन्हें शॉर्टटर्म कोर्स के माध्यम से स्किल, एजुकेशन और ट्रेनिंग देकर परिपक्व किया जाएगा। निजी से लेकर सरकारी अस्पताल में काम करने वाले डॉक्टर, नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ को इसका फायदा मिलेगा। कम योग्यता होने के कारण उन्हें अभी बेहतर सैलरी नहीं मिल पाती है। इस कोर्स को पूरा करने के बाद उनकी आय दोगुनी होने की संभावना है।

> जिम्स विद्या सेतु कार्यक्रम के तहत डॉक्टर, नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ के लिए कई शॉर्टटर्म कोर्स शुरू किए गए हैं। उन्हें कई फिल्ड में प्रशिक्षित किया जाएगा जिससे उनकी आय दोगुनी हो सके।
> **- डॉ. राकेश गुप्ता, निदेशक, जिम्स**

इन्क्यूबेशन सेंटर के सीईओ डॉ. राहुल सिंह ने बताया कि इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस हेल्थ केयर स्किल सेंटर जिम्स की ओर से प्राइमरी रिस्पांस इन केयर एंड मैकेनिकल वेंटिलेशन ट्रेनिंग कार्यक्रम तीन महीने में कर सकते हैं। सर्टिफिकेट यूपी सरकार की ओर से सर्टिफाइड होगा। एक से तीन महीने के लिए नर्सिंग मॉड्यूल तैयार किए गए, जिसमें विभिन्न प्रकार की तकनीक बताई जाएगी। इमरजेंसी मेडिकल टेक्निक्स, जेनेटिक केयर असिस्टेंट, डायबिटिक असिस्टेंट सहित कई अन्य कोर्स 2 से 6 महीने में कराए जाएंगे। 12वीं पास से लेकर डिप्लोमा धारक भी यह कोर्स कर सकेंगे।

**कोर्स करने के बाद बनेंगे स्वावलंबी:** शॉर्टटर्म कोर्स करने के बाद निजी से लेकर सरकारी संस्थानों में काम कर रहे नर्स पैरामेडिकल स्टाफ की आय भी बढ़ जाएगी। उनके पास डिग्री होने से उनकी वैल्यू भी बढ़ जाएगी। स्टाफ www-gims-ac-in पर अधिक जानकारी हासिल कर पाएंगे। 500 से लेकर 10 हजार रुपये में शॉर्टटर्म कोर्स किए जा सकेंगे।

## भारतीय किसान यूनियन में सैकड़ों किसान हुए शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन मंच ने गणेश्वरम रेस्टोरेंट सेक्टर 45 नोएडा सदरपुर में संगठन का विस्तार और मीडिया से किसानों की समस्या ओर समाधान पर संवाद किया। भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल त्यागी ने बताया कि आज भारतीय किसान यूनियन मंच में सैकड़ो किसानों ने सदस्यता ग्रहण की यह सभी किसान पूर्व में भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति में पदाधिकारी थे। भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधीर चौहान ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन मंच का परिवार बढ़ रहा है। भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय महासचिव मनविंदर भाटी कहा कि भारतीय किसान यूनियन मंच जल्द ही भारत के सभी प्रदेशों में अपने पदाधिकारी बनाएगा और उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में जिला अध्यक्ष व उनकी कार्यकारिणी गठित कर किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करेगा। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन मंच के संरक्षक सुरेंद्र प्रधान,प्रमोद त्यागी, सूरज प्रधान, चरण सिंह प्रधान, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान सहित सैकड़ो किसान व पदाधिकारी मौजूद रहे।



## चाचा-भतीजे को कुचलने वाले चालक पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट में सात महीने पहले हुए सड़क हादसे में कार चालक के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ। कार चालक ने चाचा और भतीजे को टक्कर मारकर घायल कर दिया था। ग्रेनो वेस्ट के रोजा जलालपुर गांव में रहने वाले ओमवीर ने न्यायालय को बताया कि वह गोलगप्पे की ठेली लगाते हैं। 7 जनवरी 2025 को उन्होंने गैलेक्सी गोल चक्कर के समीप ठेली लगा रखी थी। ठेली के पास में उनका छोटा भाई प्रेम सिंह, चचेरा भाई भूपेंद्र और भतीजा खड़े थे।

रात 10:00 बजे एक बेकाबू कार ने इन सभी को टक्कर मार दी। हादसे में छोटे भाई प्रेम सिंह और भतीजे को गंभीर चोट आई। दोनों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

प्रेम सिंह का अब भी अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के समय उन्होंने मौके पर पकड़े गए आरोपी चालक और कार को नजदीक की पुलिस चौकी में पुलिस के सुपुर्द कर दिया। आरोप है कि पुलिस ने उनकी शिकायत नहीं ली। मजबूरन कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अब न्यायालय के आदेश पर बिसरख कोतवाली पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पिस्तौल के साथ बदमाश गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** वारदात की फिराक में घूम रहे आरोपी को सेक्टर-113 थाने की पुलिस ने रविवार को एफएनजी पुश्ता रोड के पास से दबोच लिया। उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। आरोपी की पहचान मैनपुरी के खरगजीत नगर निवासी देवांश यादव उर्फ हनी के रूप में हुई। वर्तमान में वह किराये का कमरा लेकर सर्फाबाद गांव में रह रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि देवांश शातिर किस्म का अपराधी है। रविवार को वह वारदात करने की फिराक में घूम रहा था, तभी मुखबिर की सूचना पर उसे गिरफ्तार किया गया।

# निवेश के नाम पर बुजुर्ग से 68 लाख ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने एक बुजुर्ग को शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर 68 लाख से अधिक की ठगी की। जालसाजों ने व्हाट्सऐप ग्रुप से जोड़कर ठगी की वारदात को अंजाम दिया। आठ बार में निवेश के लिए रकम ट्रांसफर कराई गई। छह करोड़ रुपये मुनाफा होने का दावा किया गया। इसे प्राप्त करने के लिए 20 प्रतिशत रकम की मांग की गई। ठगी का अहसास होने पर बुजुर्ग ने साइबर अपराध थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।




सेक्टर-128 स्थित जेपी विशटाउन की किलिप्सो कोट सोसाइटी निवासी जैयश जगदीश पटेल ने पुलिस को बताया कि वह कारोबारी हैं। शेयर बाजार में भी रुचि रखते हैं। 16 जुलाई को उनके मोबाइल नंबर पर व्हाट्सऐप पर मैसेज आया। मैसेज करने वाले ने एक वेबसाइट पर जुड़ने के लिए कहा। दावा किया गया कि इस ग्रुप पर जुड़ने के बाद जितनी रकम निवेश किया जाएगा, उससे कई गुना अधिक फायदा होगा। पीड़ित ने विश्वास कर 22 जुलाई को पहली बार 50 हजार रुपये अपने आईसीआईसीआई बैंक के बचत खाते से ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद धीरे-धीरे आठ अगस्त तक आठ बार में कुल 68 लाख 77 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। यह रकम आरोपी के तमिलनाडु स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के बैंक खाते में ट्रांसफर की गई थी। यह रकम निवेश करने के बाद जालसाजों ने बताया कि उन्हें पांच करोड़ रुपये से ज्यादा का लाभ हुआ है। यह केवल कागज पर था। पीड़ित को एक भी रुपया वापस नहीं मिला। पीड़ित ने जब रुपये वापस निकालने की मांग की तो उन्होंने कहा कि उनके पांच करोड़ 99 लाख 74 हजार 558 रुपये हो गए हैं। इसका उन्हें 20 प्रतिशत शुल्क जमा कराना होगा। जालसाजों ने 20 प्रतिशत रकम के रूप में एक करोड़ छह लाख 19 हजार 511 रुपये ट्रांसफर करने के लिए कहा। तब जाकर पीड़ित को ठगी होने का अहसास हुआ। पीड़ित का कहना है कि उसके बाद से आरोपी लगातार व्हाट्सऐप पर मैसेज करके उन्हें परेशान कर रहे हैं। साइबर सेल की डीसीपी प्रीति यादव का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## अधिवक्ता को घर के सामने युवकों ने पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-15 स्थित नयाबांस गांव में घर के सामने हुड़दंग कर रहे युवकों को टोकना एक अधिवक्ता को भारी पड़ गया। आरो. पियों ने अधिवक्ता की पिटाई कर धारदार हथियार से हमला किया। सोने की चेन और नकदी छीनकर ले गए। पीड़ित की शिकायत पर फेज-वन थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। यश यादव ने पुलिस को बताया कि वह अधिवक्ता हैं और किरायेदारी का भी काम करते हैं। 12 अगस्त को उनकी कार का तेल खत्म हो गया था। उन्होंने पड़ोस के युवकों से तेल मंगवाया था। इसी बीच कुछ लोग कार के पास खड़े होकर हुड़दंग कर रहे थे। उन्होंने युवकों से वहां से हटने को बोल दिया था। वह जैसे ही कार में तेल डालने के लिए चले तो काली एक युवक ने उनके ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया और मारपीट शुरू कर दी। तभी दो-तीन युवक और आए और उन्होंने जमीन पर पटक दिया। आरोप है कि उनकी 22 ग्राम की सोने की चेन और 20 हजार रुपये भी छीनकर ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित को अस्पताल पहुंचाया।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा,
जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email :
parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# बिना कृष्ण के जीवन में आनंद संभव नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राम सेवा समिति शामली द्वारा आयोजित मद् भागवत कथा के पंचम दिन वृंदावन धाम से पधारे आचार्य मृदुलकांत शास्त्री ने नंद बाबा के महल में आयोजित उत्सव और भगवान की बाल लीलाओं का मनोहारी वर्णन किया। जिसे सुनकर समस्त भक्त जन आनंद से भाव विभोर होकर मंत्र मुग्ध हो गए।

रविवार को शहर के माजरा रोड स्थित एक बारातघर में आचार्य ने कहा की नंद बाबा के घर में साक्षात आनंद का ही प्रकट हुआ है जिसका मन नंद बाबा जैसा बड़ा होगा उसी के घर में आनंद हो सकता है। इसलिए धर्म सेवा राष्ट्र सेवा और समाज सेवा के लिए अपना मन हमेशा बड़ा रखें। जितना हो सके सभी का भला करने का प्रयास करें और गौ माता की निरंतर सेवा करें तो भगवान कृष्ण की कृपा और घर में प्रतिदिन आनंद ही आनंद होगा। बताया कि कंस ने पूतना आदि अनगिनत राक्षस भेजे, लेकिन भगवान ने हंसते-हंसते सभी का उद्धार किया। सीखने की बात की है कि जीवन में विपत्तियां कितनी भी आए लेकिन आप अपनी हंसी और मुस्कुराहट मत छोड़िए। मुस्कुराते हुए समस्याएं अपने आप कोसों दूर हो जाती है। गोपी अपने अपने घरों में प्रतिदिन ताजा माखन निकलते हुए प्रार्थना करती थी। कृष्ण हमारे घर में भी माखन का भोग लगाएं और संस्कृत में चिकनाई को स्नेह कहते हैं इसलिए भगवान ने गोपियों के स्नेह का ही भोग लगाया। आचार्य विस्तार से कालिया नाग मर्दन लीला, वेणु गीत, चीर हरण का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि दुनिया का हर देव पूजनीय है लेकिन गिर्रिज ऐसे देव हैं जिन्हें स्वयं भगवान कृष्ण ने पूजा ह। कृष्ण ने स्वयं कहा है कि गिर्रिज की पूजा परिक्रमा दर्शन वस्तुतः मेरा ही दर्शन पूजन है।







**शामली।** देर रात्रि शहर के बुढाना रोड स्थित शिव बलभद्र मंदिर कृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व बड़े हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक तजेंद्र निर्वाल रहे। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। राधा कृष्ण की भव्य झांकियां प्रस्तुत की गई। सोमवार को मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। मौके पर अध्यक्ष संदीप सांगल, राहुल तायल, अमित बंसल, अनिल गोयल, विनीत गोयल, कृष्ण कुमार, गौरव संगल, आकाश गुप्ता, राजीव राणा, कृष्ण शर्मा, राहुल बंसल, मोहित बंसल आदि मौजूद रहे।

**झिंझाना।** कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर बाजार में खूब चहल पहल रही। जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा कृष्ण व लड्डू गोपाल की मूर्ति तो कहीं उनकी सुंदर वेशभूषा की जमकर खरीदारी की गई। जन्माष्टमी पर कस्बे व क्षेत्र के मंदिरों का सजाया गया

कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर जहां बाजारों में चहल-पहल रही, वहीं कस्बे के थाना परिसर मंदिर, ताडतला मंदिर, रामश्याम मंदिर सहित कस्बे के विभिन्न मंदिरों को सजाया गया। श्रद्धालुओं द्वारा मंदिरों में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर भगवान का गुणगान किया गया। भगवान कृष्ण के बाल रूप में नन्हे मुन्ने खुश नजर आए। सुरक्षा को लेकर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार शर्मा द्वारा बाजार एवं मंदिर के बाहर फोर्स तैनात की गई, वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेशपाल



कश्यप द्वारा पंचायत कर्मियों को नगर में साफ एवं स्वच्छ रखने के कड़े निर्देश दिए गए हैं।




**कैराना।** हनुमान मंदिर सेवा समिति कैराना के तत्वावधान में जन्माष्टमी महोत्सव इस वर्ष बड़े ही भव्य और श्रद्धामय वातावरण में मनाया गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने मंदिर प्रांगण को कृष्णमय बना दिया।

शनिवार की शाम 7:30 बजे राधा-कृष्ण की सुंदर झांकियों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी झालरें ,आकर्षक विद्युत सजावट और फूलों से अलंकृत किया गया। झांकियों में भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं, माखन चोरी, रासलीला और गोवर्धन धारण जैसे दिव्य .श्य जीवंत होते नजर आए। इन्हें देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और हर कोई ष्हरे कृष्ण, जय राधेष के जयकारों में मग्न हो गया। मध्यरात्रि 12 बजे मंदिर में




भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जैसे ही घंटे-घड़ियाल और शंखनाद के बीच आरती प्रारंभ हुई, वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर आरती में भाग लिया। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया,जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर अपने को धन्य महसूस किया।कार्यक्रम में पंडित ओम प्रकाश नोटियाल के सानिध्य में विधिवत पूजा-अर्चना हुई। समिति से जुड़े समाजसेवियों और गणमान्य व्यक्तियों ने भी आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर राहुल बंसल, आर्यन बंसल,आशु मित्तल, कार्तिक मित्तल, सचिन सिंघल, सुनील बंसल, अंशुल गोयल, अंकित जिंदल, कुलदीप मित्तल, राकेश सैनी, अनमोल मित्तल, सुशील सिंघल, शगुन मित्तल, संजय सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

# कृष्ण जन्माष्टमी पर बच्चों ने धारण की सुंदर वेशभूषा

**थानाभवन।** नगर व ग्रामिण क्षेत्र में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धार्मिक रिति रिवाज के साथ हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया मंदिरो को विशेष रूप से सजाया गया तथा झांकियों से सुसज्जित किया गया घर परिवारो मे लड्डू गोपाल की पूजा अर्चना, स्नान आदि के पश्चात आरती उपरान्त देर रात्री भोग लगा उपवास खोला गया इस अवसर पर पूर्व कैबनेट मंत्री सुरेश राणा ने भी मंदिर मंदिर जाकर भगवान के दर्शन किए कृष्ण जन्माष्टमी महापर्व पर मराठा कालिन मंदिर जस्सुवाला, आश्रम पचतीर्थी, शिव मंदिर मोहल्ला मुजावरान, शिव मंदिर मोहल्ला राजो की मोरी, सदा. शिव मंदिर पुलिस चौकी, शिव मंदिर थाना परिसर, बाला जी धाम, मंदिर ठाकुर द्वारा, आदि मंदिरो को विशेष रूप से सजाया गया तथा आकर्षक मनमोहक झांकियो से सुसज्जित किया गया देर रात्री तक श्रद्धालु नर



नारियो ने बड़ी संख्या मे भगवान के दर्शन कर कृष्ण पालने को झुलाया पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने भी मंदिरो मे पहुंच दर्शन किए नगर के चौक बाजार मे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वाधान मे ढोल नगाडो की धुन पर स्वयं सेवको ने डाडिया खेलते हुए हांड़ी फोड़ कार्य क्रम मनाया देर रात्री तक गली मोहल्लो मे हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की का उद्घोष होता रहा दर रात्री 12:05 पर मंदिरो से शंख की ध्वनी के गुजायमान होते ही आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

# विद्यार्थियों ने श्री कृष्ण के नटखट रूप धारण कर मटकी फोड़कर दही हाण्डी प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में दही हाण्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसमें छात्र-छात्राओं ने श्री भगवान कृष्ण के नटखट रूप धारण कर गगनचुंबी हाण्डी को तोड़ा और सखाओं के साथ माखन चुराने के साथ नृत्य गीत, नाटिका, कायकर्मो के माध्यम से सबका मन मोह लिया।

सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल प्रागण में दही हाण्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ सरस्वती वंदना कर श्री भगवान कृष्ण के जीवन से सम्बंधित नृत्य नाटिका का मंचन किया गया। दही हाण्डी प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने श्री कृष्ण के नटखट रूप धारण कर मटकी फोड़कर दही हाण्डी प्रतियोगिता जिती।

इस दौरान चारो सदनो के विद्यार्थियों ने नृत्य गीत नाटिका भाषण प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य रूपेश कुमार सैनी ने विद्यार्थियों को जनमाष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री भगवान कृष्ण का जीवन कर्म तथा योग पर आधारित था। उन्होने गीता उपदेश के माध्यम से संसार को जीने का रास्ता दिखाया हैं।



# सिंभालका में चला पौधारोपण अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पर्यावरण संतुलन, हरियाली संवर्धन एवं सामाजिक जागरूकता के उद्देश्य से कात्यायनी देवी ट्रस्ट द्वारा रविवार को क्षेत्र के गांव सिंभालका में एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 42 पौधे रोपित किए गए, जिनमें फलदार, छायादार और औषधीय पौधों की विविध प्रजातियां शामिल रही। कात्यायनी देवी ट्रस्ट द्वारा पिछले वर्ष 2024 में 311 पौधे विभिन्न क्षेत्रों में रोपित किए गए थे। इस वर्ष संस्था ने अपने संकल्प को और आगे बढ़ाते हुए 351 पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया। इस आयोजन में कई समाजसेवी और पर्यावरण प्रेमियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर इसे सफल बनाया। इस अवसर पर अतुल, रो. बिन,नंदकिशोर, रवि, अंकित, अमन, गगन, पियूष, आदि मौजूद रहे।




# विव्रत सागर ने गुरुदेव के मंगलकारी उपदेशों को साझा किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को शहर के जैन धर्मशाला में 108 विव्रत सागर मुनिराज अपने पूज्य गुरुदेव के मंगल. कारी उपदेशों को साझा किया। कहा कि जिन्होंने अपनी आत्मा की शांति को प्राप्त किया है और शिष्यों व भक्तों के लिए शांति का उपदेश दिया करते हैं। मुनिराज उनके आशीर्वाद की कामना करते हैं।

श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि मनुष्य स्वभाव से ही शांति चाहता है और जन्म से ही शांत रहना चाहता है। जीव का प्रत्एक प्रयास शांति के लिए होता है। स्वामी जी बताते हैं कि लोक में सबसे आसान शांति है, क्योंकि सृष्टि में सभी वस्तुएं अपने आप में शांत हैं। अशांति का कारण केवल जीव ही है, जो स्वयं भी अशांत है और शांत वस्तुओं को भी अशांत करता है। उदाहरण के लिए, एक शांत सभा में कुर्सियां और स्टूल तब तक शांत रहते हैं जब तक कोई व्यक्ति उन पर बैठने नहीं आता। जैसे ही कोई जीव बैठने के इरादे से आता है और कुर्सी खिसकाता है, शोर होने लगता है। इस अशांति का कारण स्वयं जीव ही है। लोग कहते हैं कि चार बर्तन होंगे तो खटरपटर तो होगी, लेकिन असल में बर्तन स्वयं कभी खटरपटर नहीं करते। वे रात भर शांत रहते हैं। जब जीव उन बर्तनों के बीच पहुंचता है, तभी खटरपटर शुरू होती है। दोष बर्तनों का नहीं, बल्कि जीव का है। दीप प्रज्वलन एवं चित्र अनावरण अखिलेश जैन, दीपक जैन, पाद प्रक्षालन मनीष जैन, सविता जैन, डॉक्टर अनीता जैन, आदेश जैन द्वारा एवं शास्त्र भेंट मोहित जैन, सुनीता जैन द्वारा किया गया।





# श्रद्धा के साथ मनाया श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व

## मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी, श्री कृष्ण व राधा रानी समेत विभिन्न झांकियां आकर्षण का रहीं केंद्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर नगर के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही। मंदिरों में सजी श्री कृष्ण और राधा रानी समेत विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। ठाकुर जी और राधा रानी के भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे।

मेन बाजार स्थित सिद्धपीठ श्री पंचायती ठाकुरद्वारा मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी की धूम रही। मंदिर में सजी सुंदर झांकियां देखने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री बृजेश सिंह, पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता और जिला को आपरेटिव बैंक के अध्यक्ष चौधरी राजपाल सिंह ने मंदिर पहुंच ठाकुर जी का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर मंदिर समिति अध्यक्ष विनोद प्रकाश



गुप्ता, राकेश अग्रवाल, अशोक गुप्ता, राजीव गुप्ता, ऋषिपाल कश्यप आदि मौजूद रहे। श्री विष्णु भगवान मंदिर कायस्थवाड़ा में श्री विष्णु भगवान मंदिर सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में लड्डू गोपाल का सुंदर झूला सजाया गया।

### ठाकुर जी और राधा रानी के भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे

भगवान विष्णु, मां लक्ष्मी, मां दुर्गा, अन्नपूर्णा, शिव परिवार, हनुमान जी, खाटू श्याम आदि देव प्रतिमाओं का श्रृंगार भी किया गया। महिलाओं ने सुंदर भजनों से सबका मन मोह लिया। रितेश बंसल, राकेश सिंघल, अजय बंसल, विनय बंसल, सुनील बंसल, अजय टंडन मौजूद रहे। सिद्धपीठ श्री राधा वल्लभ मंदिर कायस्थवाड़ा में भी राज्य मंत्री बृजेश सिंह ने पहुंच भगवान श्री कृष्ण का आशीर्वाद लिया। नगर समेत देहात के मंदिरों में भी आधी रात तक भजन कीर्तन जारी रहा।

# किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**कैराना।** पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी युवक को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। विगत 21 जून को कैराना कोतवाली पर नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। रविवार को एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार महिला अपराधों में लिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी मोहित निवासी ग्राम अहमदपुर थाना नानौता जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को चालान करके जेल भेज दिया है।

# पंडित सतेंद्र शर्मा का भाकियू तोमर का संरक्षक बनाए जाने पर पटका पहनाकर किया स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) का श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित सतेंद्र शर्मा को राष्ट्रीय संरक्षक बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं ने फूल माला और पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। भारतीय किसान यूनियन (तोमर) की आयोजित बैठक में भारतीय किसान यूनियन तोमर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने पंडित सतेंद्र शर्मा को राष्ट्रीय संरक्षक बनाने की घोषणा करते हुए कहा कि उनके संरक्षक बनने से संगठन में नई ऊर्जा का संचार हुआ। पंडित सतेंद्र शर्मा ने कहा कि आमजन कि नि:स्वार्थ भाव से सेवा करना ही उनका उद्देश्य है। भाकियू तोमर संगठन में जुड़कर किसानों की सेवा करने का काम करुंगा। इस मौके पर पवन त्यागी, दीपक तोमर, हनी बालियान, पवन त्यागी, अशोक त्यागी, चंदन त्यागी, रजत शर्मा, रहीस मलिक, राव सलीम, नौशाद आदि किसान युनियन कार्यकर्ता शामिल रहे।

# देश के विभाजन के दौरान शहीद भारतीयों को अर्पित की श्रद्धांजलि

**देवबन्द।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सभा में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित हुआ । इसमें देश के विभाजन के दौरान मारे गए भारतीयों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सभा में हुए कार्यक्रम में पंजाबी समाज के संरक्षक सेठ कुलदीप कुमार ने कहा कि आजादी की कीमत लाखों लोगों ने अपनी जान देकर चुकाई है । कहा कि आजादी के समय हुए देश विभाजन के दौरान पंजाब के लाखों लोगों को अपना घर बार छोड़ना पड़ा। सतीश गिरधर व गुरजोत सेठी ने कहा कि धर्म के नाम पर विभाजित हुए देश पाकिस्तान में विभाजन के समय हिंद.



ुओं व सिखों की आबादी 23 प्रतिशत थी जो आज दो प्रतिशत पर सिमट गई है । इसी से पाकिस्तान में कट्टरवाद का अंदाजा लगाया जा सकता है । कहा कि बुजुर्गों की कुर्बानियों व संघर्ष के कारण ही आज पंजाबी समाज सम्मान से जीवन यापन कर पा रहा है । इस दौरान डोक्यूमेंट्रि फिल्म दिखाकर भावी पीढी को इतिहास से अवगत कराया गया । ज्ञानी गुरदयाल सिंह ने मृतकों की आत्मिक शांति के लिए अरदास की । इस दौरान डा. रवि प्रकाश खोराना, श्याम लाल भारती, हेमंत गिरधर, अवनीश भारती, जितेंद्र मल्होत्रा, चन्द्रदीप सिंह, कुणाल गिरधर, योगेश कोहली, विपिन नारंग, संदीप सिंह, युवराज अरोड़ा आदि मौजूद रहे ।

# हमारी शान है यारों, यही पहचान है यारों, वतन का यह तिरंगा ही हमारी जान है यारों

**देवबन्द।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित शेरी नशस्ति में शायरो ने अपना अपना कलाम सुनाकर श्रोताओं से खूब वाहवाई लूटी।

मोहल्ला लाल मस्जिद पर आयोजित शेरी नशस्ति का शुभारंभ दिलशाद खुशतर की नात-ए-पाक से हुआ। उस्ताद शायर शमीम किरतपुरी ने कहा..बहुत हमने तुझे ऐ दिल यह समझाया इशारे में, गजब की आग होती है मोहब्बत के शरारे में। युवा शायर तनवीर अजमल ने पढ़ा..हमारी शान है यारों, यही पहचान है यारों, वतन का यह तिरंगा ही हमारी जान है यारों सुनाकर खूब दाद बटोरी। दिलशाद खुशतर ने पढ़ा..अब कोई शाहंशाह है, न इंसाफ का हामी, क्या फायदा अद्ल की जंजीर हिला के। फिरोज खान फिरोज ने कुछ यूं कहा.. दीवानगी का मुझको भी होने लगा यकीं, आता है उनके घर से जो पत्थर कभी-कभी। मुंबई से आए शायर राशिद बदर ने पढ़ा..बह रहा है नशीली आंखों से, थोड़ा काजल उधार दे दो ना। डॉ. काशिफ अख्तर ने कुछ यूं कहा..दिल के आतिश दान को मैंने यूं सुलगाया सारी रात, उसकी सारी तहरीरों को खूब जलाया सारी रात। आजम साबरी ने पढ़ा..वो कहते हैं अदावत की है मैंने, फना उस पर मोहब्बत की है मैंने सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। अध्यक्षता दिलशाद खुशतर व संचालन काशिफ अख्तर ने किया। इस मौके पर मो. नदीम, यूसुफ साबरी, ईशान, गाजी, जमाली, दानियाल आदि लोग शामिल रहे।

# मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** रविवार को डीआईजी सहारनपुर के कुशल नेतृत्व में पुलिस की ओर से परिक्षेत्र के अंतर्गत मादक पदार्थों, नशे के अवैध कारोबार, प्रति. बंधित दवाओं की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेष अभियान ऑपरेशन सवेरारूनशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर चलाया गया, जिसके मद्देनजर कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी मोहम्मद शाहरुख निवासी मोहल्ला इमामबाड़ा जुलाहों वाली मस्जिद कस्बा कैराना से 900 ग्राम अवैध गांजा तथा मुनव्वर निवासी ग्राम पावटीकलां से 39 ग्राम स्मैक बरामद हुई है।

# बरसाती पानी ने लोगों का जीना किया दुशवार

**देवबन्द।** बारिश के चलते एवं उत्तराखंड की नदियों और नालों से आ रहा बरसाती पानी क्षेत्र की आबादी में पहुंचने और निकासी का प्रबंध नहीं होने के कारण क्षेत्र के निचले क्षेत्रो में बरसाती पानी के भर जाने से लोगो को भारी असुविधा हो रही हैं। वहीं बरसाती पानी गन्ने के खेतों एवं चारे सहित क्षेत्र के फलो के बागो को भी प्रभावित कर रहा है। रविवार को भले ही सुबह से दोपहर तक मात्र 16 एमएम बारिश हुई हो लेकिन रास्तम बास्तम के रास्ते क्षेत्र के देव. बंद रास्तम मार्ग की आबादी में बनी नवनिर्मित सड़क लगभग 500 मीटर तक दो से ढ़ाई फीट पानी में डूबी हुई है।


आलम यह है कि उत्तराखंड से आ रहा बरसाती पानी लोगों के घरों में भी पहुंच गया है। जबकि किसानों के खेतों में दो ढ़ाई फीट पानी भरने से गन्ना और पशुओं के लिए चारे को पानी खराब कर रहा है। दो वर्ष पूर्व भी उत्तराखंड से आए कैमिकलयुक्त पानी से देवबंद क्षेत्र में आडू, लीची सहित अन्य फलो के पेड़ सहित गन्ने की फसल कई दिनों तक पानी के भराव से खराब हो गए थे। उत्तराखंड के नदियों और नालो के रास्ते आ रहा पानी रास्तम, बास्तम के रास्ते करंजाली से होते हुए देवबंद की मदनी कॉलोनी के घरो में घुसे पानी से परेशान लोग अपने घरों को छोड़ कर जाने को मजबूर हो रहे हैं।

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट में पिता का नाम HAKIM SYED MASRUR ALI दर्ज है, जबकि उनका सही नाम SYED MASRUR ALI है।
SYED MANNAWAR ALI
S/O SYED MASRUR ALI
निवासी 788 खानकाह,
देवबंद, सहारनपुर।

# एक ही रात में आधा दर्जन से अधिक किसानों के नलकूपों पर चोरी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव डांगरौल व भभीसा के आधा दर्जन से अधिक किसानों के नलकूपों पर चोरों ने धावा बोलते हुए ताले एवं दीवार तोड़कर नलकूपों से हजारों के उपकरण चोरी कर लिए पीड़ित किसानों ने पुलिस के प्रति रोष व्यक्त करते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव डांगरौल एवं भभीसा के किसानों ने अपने खेतों पर खड़ी फसलों में पानी देने के लिए नलकूपों के निर्माण कर रखे हैं। किसान पवन, जितेंद्र, कवरपाल, परमिंद्र, अंकुश, चंदन, सहित आदि किसानों का कहना है कि शनिवार की रात्रि में चोरों ने उनके खेतों पर बने नलकूपों के कमरों की दीवार व ताले तोड़कर स्टार्टर,केबिल, सहित बिजली का अन्य सामान चोरी कर लिया। पीड़ित किसान रविवार की सवेरे जैसे ही अपने खेतों पर कार्य करने के लिए पहुंचे तो उन्होंने चोरी की घटना की जानकारी हुई। एक रात में आधा दर्जन से अधिक किसानों के खेतों पर बने नलकूपों पर चोरी होने की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही मोके पर पुलिस भी पहुंच गई और पीड़ित किसानों से घटना की जानकारी ली , घटना की जानकारी करने के बाद पुलिस ने जंगलों में चोरों की तलाश की मगर कहीं सुराग नहीं लगा। पीड़ित किसानों का कहना है कि हर वर्ष किसानों के नलकूपों पर चोरी की घटना होती है मगर पुलिस कोई भी कार्रवाई नहीं करती। पीड़ित किसानों ने प्रदेश सरकार से गुहार लगाते हुए मुआवजे की मांग की है। पुलिस आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की तलाश में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि किसानों के नलकूपों पर चोरी की घटना की जानकारी हुई है तहरीर आने पर अभियोग दर्ज किया जाएगा जल्दी चोरों को पकड़कर खुलासा कर दिया जाएगा।

## साप्ताहिक बंदी बेहसर, बाजारों में खुली रही दुकानें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर में साप्ताहिक बंदी में व्यापारियों की दुकानदारी बेखौफ खुली रही। श्रम विभाग की उदासीनता के चलते कुछ व्यापारी अपनी मनमानी के चलते साप्ताहिक बंदी की धज्जियां उड़ा रहे हैं। बाजार से लेकर मंडी तक भी दुकाने खुलने से श्रमिक अवकाश के दिन भी कार्य करने को मजबूर है।

रविवार को शामली शहर में साप्ताहिक बंदी घोषित है। ताकि श्रमिकों को सप्ताह में एक दिन राहत मिल सके, लेकिन यहां साप्ताहिक बंदी कागजों में सिमट कर रह गई है। शहर के बडा बाजार, गांधी चौक, कबाडी बाजार, दिल्ली रोड, माजरा रोड, शिव चौक पर दुकानदार अपनी दुकाने खोले बैठे रहे, जहां साप्ताहिक बंदी में भी दुकानें खुली रहने से श्रमिकों में रोष व्याप्त है। इसके अलावा शहर के रेलवे रोड पर भी दिनभर दुकाने खुली रही।

# राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में अब लगाएंगे निशाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज के छात्र और छात्रा ने मंडल स्तर की प्रतियोगिता में सटीक निशाना लगाया और विजेता बनकर उभरे। अब ए छात्र और छात्रा राज्य स्तर की होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगे। रविवार को छात्र-छात्राओं को अध्यक्ष सुशील गर्ग, प्रबंधक राजीव संगल, एनके कंसल, प्रधानाचार्य अनिल शर्मा ने मैडल पहनाकर सम्मानित किया और आगामी प्रतियोगिता में उनको विजेता होने की शुभकामनाएं दी। व्यायाम प्रशिक्षक फूल कुमार ने बताया कि माध्यमिक विद्यालयो की मंडल स्तरीय राईफल शूटिंग प्रतियोगिता सनातम धर्म इंटर कॉलेज, मुजफ्फरननगर में सम्पन्न हुई थी, जिसमें छात्रा तेजस्वी अन्डर-17 तथा छात्र रूद्र चौधरी अंडर-19 ने सटीक निशाने लगाएं और राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनीत हो गए। राज्य स्तर की प्रतियोगिता अक्टूबर माह में जिला वाराणसी में आयोजित होगी। इस अवसर पर सतीश आत्रैय, धनश्याम सारस्वत, अनिल कुमार कश्यप, रामनाथ, शिवकुमार, महेश नारायण गौड, साकेत निर्वाल, राहुल सिंघल, सचिन सिंघल आदि मौजूद रहे।



शामली। गोरखनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। छाया शाह टाइम्स

# शिव गोरखनाथ मंदिर में पूजा अर्चना व विशाल भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मौहल्ला रेलपार स्थित शिव गोरखनाथ मंदिर में 24वां गोगा नवमी जाहरवीर महोत्सव धूमधाम एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शोभायात्रा भी निकाली गई जिसका जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। दोपहर के समय मंदिर में भंडारे का भी आयोजन किया गया।

शहर के मौहल्ला रेलपार स्थित शिव गोरखनाथ मंदिर में रविवार को 24वां गोगा नवमी जाहरवीर महोत्सव व छडी पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह के समय मंदिर में पं। आनंद प्रकाश व विनोद शर्मा ने हवन पूजन संपन्न कराया। इसके बाद मंदिर प्रांगण से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा मौहल्ला रेलपार, पंजाबी कालोनी, सुभाषनगर, शिव विहार, गुरुद्वारा तिराहा से होते हुए वापस मंदिर में जाकर संपन्न हुई। शोभायात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत भी किया गया। दोपहर के समय मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें सैंकडों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के प्रधान रामकुमार उपाध्याय ने बताया कि गोगा नवमी जाहरवीर के जन्मोत्सव के रूप में मनाई जाती है। कुछ लोग छडी पर नीला कपडा बांधकर बांगड द्धराजस्थानत्र भी जाते हैं तथा परिक्रमा करते हुए मन्नतें मांगते हैं। उन्होंने बताया कि यह भाद्रपद की नवमी को पूरे धूमधाम के साथ मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि मंदिर में पिछले 31 सालों से लगातार अखंड धूना व ज्योत जागृत है। जो भी श्रद्धालु लगातार 40 दिन तक सच्चे मन से पूजा अर्चना करता है, भगवान जाहरवीर उसकी हर मनो. कामना पूर्ण करते हैं। इस अवसर पर कैलाश उपाध्याय, दुष्यंत गौर, केपी भट्टी, वीरपाल, मनोज उपाध्याय, धर्मेन्द्र नागवान, रोहित, रामसिंह भगतजी, रामपाल उपाध्याय, सुरेश निर्वाल, हितेश, आरव, शिवा, रामकिशन उपाध्याय, रवि हुड्डा आदि भी मौजूद रहे।

## दो मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**कांधला।** सलेमपुर मार्ग नशा तस्करों का गढ़ बन चुका है सलेमपुर मार्ग पर आए दिन नशेड़ियों का जमावड़ा एवं मादक पदार्थ बेचने वाले तस्करों की चांदी कट रही है। नशे के सौदागरों ने अपनी कमाई में चार चांद लगाते हुए आलीशान कोठी एवं कई स्थानों पर प्रॉपर्टी खरीद कर छोड़ दी है। नशा तस्करी के मामले में सलेमपुर मार्ग हमेशा चर्चाओं में रहता है। शनिवार की रात्रि प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने पुलिस टीम के साथ गंगेरू मार्ग पर गस्त कर रहे थे, पुलिस टीम ने गस्त के दौरान सलेमपुर मार्ग निवासी इंतजार पुत्र रियासत को पकड़ लिया जिसके कब्जे से 250 ग्राम चरस बरामद हुई। दूसरी और कैराना मार्ग स्विमिंग पूल के निकट से बिलाल पुत्र कामिल निवासी सलेमपुर मार्ग को गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से 200 ग्राम चरस बरामद करने का दावा किया।

## जाट महासभा ने दी पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को अखिल भारतीय जाट महासभा की एक बैठक शहर के मुजफ्फरनगर रोड़ पर आयोजित की गई, जिसमें पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। रविवार को शहर के मुजफ्फरनगर रोड़ पर अखिल भारतीय जाट महासभा की एक बैठक आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष अमरदीप लाठियान के नेतृत्व में सभी पदा. धिकारियों द्वारा पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया, जिसके बाद दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद महासभा के सभी पदाधिकारी मुजफ्फरनगर के लिए रवाना हुए, जहां वह पचेड़ा रोड प्लैटिनम रिसोर्ट में पूर्व राज्यपाल डॉक्टर सतपाल के श्रद्धांजलि सभा में सम्मलित हुए। उन्होने जाट समाज में जो कुर्तियां फैली है उनको दूर करने का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर अनुज मलिक, गौरव धामा, मोहित खाटियान, सौरभ चौधरी, लोकेंद्र, तुषार बालियान, हर्ष हुड्डा, विजय हिंदुस्तानी आदि मौजूद रहे।

# आधा दर्जन से अधिक मकानों में आई दरार, मचा हड़कंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान में आधा दर्जन से अधिक मकानों में दरार आ गई दरार आ जाने से परिवार के लोगों में हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची नगर पालिका परिषद की टीम ने रेस्क्यू कर क्षतिग्रस्त लाइन को ढूंढ कर मरम्मत का कार्य शुरू किया। मोहल्ले के दर्जनों लोगों ने उपजिला. धिकारी और पालिका अध्यक्ष को शिकायती पत्र देकर निस्तारण की मांग की है। रविवार को मोहल्ला शेखजादगान निवासी अरशद,प्रदीप, अब्दुल्ला, वारिस, शाहनवाज, आरिफ,मिंटू, इनाम, विकास, कासिम ,इकराम,सहित आदि लोगों ने उपजिलाधिकारी कैराना एवं पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम के नाम एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि तीन दिन पूर्व उनके मकान में हल्की-हल्की दरार आ गई थी। रविवार को अचानक से दरारे काफी फैल गई और मकानों के गिरने का डर सताने लगा। आधा दर्जन से अधिक मकानों में दरार आ जाने से परिवार के लोगों में हड़कंप की स्थिति बन गई। सभी लोगों ने शिकायती पत्र देकर निस्तारण की मांग की। पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने नगर पालिका की टीम को निस्तारण के निर्देश दिए। मौके पर जलकल विभाग के बाबू अकरम अंसारी अपनी टीम के साथ पहुंचे और जेस. ीबी मशीन लगाकर खुदाई कराई। खुदाई के दौरान नगर पालिका परिषद की टीम ने वरीस अहमद के निजी समरसेबल का पाइप क्षतिग्रस्त पाया जिस कारण सभी मकानों में पानी आ जाने के कारण दरार आ गई। नगर पालिका परिषद की टीम ने रेस्क्यू कर मरम्मत कार्य किया तब जाकर मकान स्वामियों ने राहत की सांस ली। मामले में पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम का कहना है कि पालिका की कोई भी पाइपलाइन क्षतिग्रस्त नहीं मिली एक व्यक्ति के मकान में लगे समरसेबल का पाइप क्षतिग्रस्त पाया गया था मरमत कार्य करा दिया गया है।



## एक नजर

### ऑपरेशन सवेरा से होगी नशा तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र के गांव अंबेहटा में थाना प्रभारी ने नशा कारोबार को लेकर ग्रामीणों के साथ एक बैठक का आयोजन किया। युवा पीढी नशे की लत में पड़कर अपना भविष्य बर्बाद करने में लगे हुए है। नशा कारोबारी अपनी जेब भरने के लालच में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है। थाना क्षेत्र में भी कुछ नशा कारोबारी पूरी तरह से सक्रिय है। रविवार को थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने क्षेत्र के गांव अंबेहटा में ग्रामीणों के साथ बैठक की। थाना प्रभारी ने कहा कि कुछ लोग अपने लालच में पड़कर युवा पीढी को बर्बाद करने में लगे हुए है। थाना प्रभारी ने नशा कारोबारियों के बारे में सूचना देने की अपील की । थाना प्रभारी ने कहा कि नशा कारोबारियों के खिलाफ ऑपरेशन सवेरा शुरू किया गया है। किसी भी नशा कारोबारी को बक्शा नहीं जाएगा। ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को ऑपरेशन सवेरा में कंधे से कंधा मिलाकर साथ देने का आश्वाशन दिया है। इस दौरान दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

### यमुना में बढ़ा जलस्तर, भड़ी में मिट्टी कटान के चलते ग्रामीणों में दहशत



**चौसाना।** लगातार हो रही बारिश के कारण यमुना का जलस्तर एक बार फिर बढ़ना शुरू हो गया है।पहाड़ों पर हो रही लगातार वर्षा के कारण जलस्तर के बढ़ने का सिलसिला लगातार जारी है।बारिश के बाद रविवार सुबह से ही तेजी के साथ यमुना में पानी बढ़ते देखा गया है। जिसके कारण यमुना के तेज बहाव ने भडी गांव में भूमि का कटाव कर दिया और गांव से तीन से चार मीटर की दूरी पर बह रही यमुना के तेज बहाव से लोग दहशत में है। चौसाना क्षेत्र में यमुना नदी में बड़े जलस्तर को देखते हुए नदी किनारे के गांव में दहशत बनी हुई है। रविवार को सुबह के समय यमुना नदी में पानी का बहाव तेज हो गया था, अचानक जलस्तर बढ़ जाने से कटाव होने लगा। भड़ी गांव के ग्रामीणों ने बताया कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया किंतु कोई संपर्क नहीं हो पाया है। जिसके चलते ग्रामीणों ने अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने खुद मिटटी कटान रोकने के लिए खेतो से पेडो को काटकर कटान वाले स्थान पर तार रस्सी आदि की मदद से बांधे जिससे कटाव रोकने में मदद मिली। मंगलौरा निवासी अमित ने बताया कि यमुना नदी के किनारे के गांव मंगलौरा, नाई नगला, ऊदपुर के ग्रामीण जलस्तर पर नजर बनाए हुए है और रात्रि में जलस्तर बढ़ने के खतरे से दहशत में रहते है।

### पुलिस की आम नागरिकों से सक्रिय योगदान की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** जनपद शामली पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सवेरा को सफल बनाने की अपील की है। पुलिस ने जनपद के नागरिकों से अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेकर योगदान देने की अपील की है। शामली पुलिस ने अपने संदेश में कहा है कि श्वह जनपद के सभी नागरिकों से अपील करती है कि इस अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। श्नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर बढ़ते हुए हम सब मिलकर जनपद शामली को नशामुक्त बनाने का संकल्प लें।

## दिव्य योग संस्थान ने किया पौधारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण किया गया। संस्थान द्वारा अलग अलग स्थानों पर करीब 10 पौधे लगाए गए। दिव्य योग संस्थान द्वारा प्रत्एक रविवार को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। रविवार को भी संस्थान के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा व मनोज शर्मा ने डिफेंस कालोनी सहित अनेकों स्थानों पर पौधारोपण किया। इस दौरान संस्थान के पदाधिकारियों ने करीब 10 पौधे लगाए और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। उन्होने बताया कि संस्थान द्वारा अभी तक हजारों पौधे लगाए जा चुके है।

# झिंझाना मेले में हिंडोला, ट्रैन, चकरी, नाव, काला जादू, मिक्की माउस का जलवा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** हजरत इमाम नासीरुद्दीन के 859वे उर्स में छोटे बच्चों से लेकर महिला पुरुषों के लिए मेले में छोटा बड़ा हिंडोला, ट्रैन, चकरी, नाव, काला जादू, मिक्की माउस में खूब मस्ती की, वहीं भीड़ को देखते हुए मेला इंचार्ज एसआई राघवेंद्र ने मेले में पुलिस की गस्त बढ़ा दी है।

हजरत इमाम नासीरुद्दीन की मजार पर प्रति वर्ष उर्स का आयोजन बड़े धूमधाम के साथ किया जा रहा है। उर्स में कस्बा व देहात से प्रतिदिन भीड़ बढ़ती ही जा रही है, जिसमे छोटे बच्चों से लेकर महिला पुरुषों के लिए मेले में छोटा बड़ा हिंडोला, ट्रैन, चकरी, नाव, काला जादू, मिक्की माउस में खूब मस्ती की। मेले में भीड़ को देखते हुए पुलिस ने कड़ी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम को लेकर मेला इंचार्ज राघवेंद्र सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ मेले में गश्त बढ़ा दी है, वहीं मेला कमेटी की ओर की से पूरे मेले में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। हजरत इमाम नासीरुद्दीन के सज्जादा नशी अमजद अल्वी ने बताया कि छोटे बच्चों से लेकर बड़े महिला पुरुष मेले में बड़े उत्साह से आ रहे हैं। कमेटी के सफदर अल्वी ने बताया कि मेले में सोमवार की देर रात कॉमेडी नाइट्स कार्यक्रम होगा।

# व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष ने व्यापारियों को पढ़ाया एक जुटता का पाठ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ने एक प्रेस नोट के माध्यम से बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष की प्रदेश दौरे का कार्यक्रम गत 11 जुलाई से शामली जनपद से शुरू करते हुए शामली जिले की 14 नगर इकाइयों सहारनपुर जिले की 16 नगर इकाइयों तथा मुजफ्फरनगर जिले की 18 नगर इकाइयों में समीक्षा बैठक करते हुए बिजनौर, अमरोहा ,मुरादाबाद ,संभल, रामपुर ,बदायूं ,पीलीभीत , शाहजहांपुर शाहजहांपुर जिलों में दौरा करते हुए बरेली जनपद में पहुंचकर व्यापारियों के साथ समीक्षा बैठक की उन्होंने बताया कि बरेली जनपद के व्यापारियों के द्वारा बरेली के करौली मोड स्थित पराग डेयरी रेस्टोरेंट की सभागार में आयोजित सभा में बरेली के सैकड़ो व्यापारियों का नेतृत्व कर रहे प्रदेश प्रभारी युवा सुनील खत्री व रवि गुप्ता व सक्षम सक्सेना वअन्य पदाधिक. ारीयों द्वारा उनका व उनके साथ प्रदेश दौरे पर चल रहे प्रदेश संगठन मंत्रीएसपी वर्मा का फूलमलाए पहनाकर व पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने सभागार में उपस्थित बरेली के व्यापारियों को संबोधित करते हुए एकजुट रहने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि हमारी शक्ति व्यापारियों की एकजुटता है व्यापारी एकजुट रहेगा तो उनकी हर समस्या का समाधान स्वत ही हो जाएगा उन्होंने बताया कि 14 सितंबर रविवार को गाजियाबाद में होने वाले चुनावी महासम्मेलन में पूर्व में निर्धारित चुनाव अधिकारियों की देखरेख में लोकतांत्रिक तरीके से प्रांतीय कार्यकारिणी का गठन होगा उन्होंने सभी उपस्थित व्यापारियों को प्रांतीय सम्मेलन में भाग लेने का आह्वान किया कहा कि सम्मेलनों में आकर व्यापारियों को अपने संगठन की ताकत दिखानी होगी तभी सरकार हम व्यापारियों की व्यापारियों के लिए पेंशन योजना लागू करने व्यापारी को स्टॉक का बीमा सरकारी स्तर पर करने तथा व्यापारियों का जीवन दुर्घटना बीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख करने आदिमांगों व अन्यसमस्याओं का समाधान करेगी।

उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि आज प्रदेश का अधिकारी निरंकुश हो गया है।

वह सरकार को बदनाम करने की मनसा से व्यापारियों का उत्पीडनकरने पर आमादा है मगर व्यापारी का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा क्योंकि व्यापार मंडल व्यापारी का सुरक्षा कवच है यदि अधिकारी व्यापारी का सम्मान नहीं करेंगे तो व्यापारी भी उन्हें मुंह तोड़ जवाब देने से पीछे नहीं हटेगा उन्होंने सभी जिलो व नगर इकाइयों के चुनाव कराकर उनका पुनर्गठन किया आगे प्रदेश दौरे का कार्यक्रम जारी रखते हुए नोएडा ,ग्रेटर नोएडा, खुर्जा, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा, आगरा, मैनपुरी ,फिरोजाबाद आदि के साथ-साथ मोदीनगर, गाजियाबाद, हापुड, पिलखवा, बागपत, बड़ोत के बाद लखनऊ मंडल में रहकर पूर्वांचल के जिलों हरदोई, सीतापुर, रायबरेली, उन्नाव, कानपुर लखीमपुर खीरी, अयोध्याजी आदि जिलो का दौरा करते हुए 4 सितंबर को लखनऊ में प्रदेश दौरे का कार्यक्रम का समापन करते हुए व्यापारीयों से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों के मंत्रियों से मिलेंगे तथा माननीय मुख्यमंत्री को व्यापारियों की प्रमुख मांगों का 11 सूत्रीय ज्ञापन सौपेंगे प्रदेश दौरे में हर जिले में जिले के जिला अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष के साथ समीक्षा बैठक में शामिल रहे।

**आवश्यकता है**


दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र को मुख्य कार्यालय शामली में रिपोर्टिंग स्टाफ व विज्ञापन प्रतिनिधि के साथ-साथ गढ़ीपुख्ता, एलम, बाबरी, बनत, बिडोली में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी आवेदक को वरीयता दी जाएगी।

**नसीम सैफी**
**जिला प्रभारी**
**शामली**
मो. 9027988482
E-mail: shahtimesshamli4@gmail.com
पता: ओम प्लाजा मार्किट, निकट इंडियन बैंक जनपद शामली।

# भारत ने वर्ल्ड गेम्स में जीते तीन पदक

● **भारत ने चीन के चेंगदू में आयोजित प्रतियोगितामें एक रजत और दो कांस्य पदक जीते**

**चीन, वार्ता।** भारत ने वर्ल्ड गेम्स 2025 का समापन रविवार को रिकॉर्ड तीन पदकों के साथ किया। भारत ने चीन के चेंगदू में आयोजित प्रतियोगिता में एक रजत और दो कांस्य जीते। पदकों की संख्या के लिहाज से यह वर्ल्ड गेम्स में भारत का शानदार प्रदर्शन है। इससे पहले भारत ने जर्मनी के कार्लजुए में 1989 में पावरलिफ्टिंग में दो पदक जीते थे। ऋषभ यादव ने व्यक्तिगत पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी में कांस्य जीतकर भारत को 2025 वर्ल्ड गेम्स की पदक तालिका में दर्ज कराया। इसके बाद नम्रता बत्रा ने महिलाओं की सांडा 52 किग्रा स्पर्धा में रजत पदक जीता, जो कि वर्ल्ड गेम्स में वुशु में भारत का पहला पदक था। आनंदकुमार वेलकुमार ने भी अपनी लय को बरकरार रखते हुए पुरुष 1000 मीटर स्प्रिंट इनलाइन स्पीड स्केटिंग ट्रैक स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने इस मल्टी स्पोर्ट द्विवार्षिक प्रतियोगिता में देश के लिए पहला रोलर स्पोर्ट्स पदक जीता। कुछ करीबी मुकाबले भी हुए, जिनमें भारत पदक जीतने से चूक गया। अभिषेक वर्मा मेंस कंपाउंड व्यक्तिगत कांस्य पदक मुकाबले में ऋषभ से हारकर पोडियम पर जगह नहीं बना सके। इसके अलावा, भारतीय बिलियर्ड्स खिलाड़ी शिवम अरोड़ा को मिक्स्ड हेबॉल पूल कांस्य पदक मैच में चीन के तांग चुनशियाओ से 5-4 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, आर्यनपाल सिंह घुमन मेंस 200 मीटर टाइम ट्रायल इनलाइन स्पीड स्केटिंग ट्रैक स्पर्धा में 0-083 सेकेंड से कांस्य पदक से चूक गए।




# सूर्यकुमार यादव ने फिटनेस टेस्ट पास किया

● **एशिया कप में भारत की कप्तानी करेंगे, 19 अगस्त को टीम सिलेक्शन में होंगे शामिल**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टी-20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। अब वे 9 सितम्बर से शुरू हो रहे एशिया कप में भारतीय टी-20 टीम की कप्तानी करेंगे। 34 साल के सूर्यकुमार 19 अगस्त को मुंबई में चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर के साथ मिलकर 15 सदस्यों वाली भारतीय टीम का सिलेक्शन करेंगे।

सूर्यकुमार यादव ने जून 2025 में जर्मनी के म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया (लोअर-राइट एब्डामेन) की सर्जरी करवाई थी। इसके बाद उन्होंने बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में अपना रिहैब प्रोग्राम पूरा किया और अब उन्हें पूरी तरह फिट घोषित कर दिया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन खत्म होने के बाद वे विशेषज्ञ से सलाह लेने के लिए यूनाइटेड किंगडम भी गए थे। उन्होंने सर्जरी के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा था कि लाइफ अपडेट, निचले-दाएं पेट में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हुई। सर्जरी सुचारू रही और मैं रिकवरी की राह पर हूं। जल्द ही मैदान पर वापसी की उम्मीद है। आईपीएल 2025 में दूसरे टाप रन स्कोरर सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस के लिए शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सीजन में 717 रन बनाए और मुंबई इंडियंस के लिए एक सीजन में 600 से ज्यादा रन बनाने वाले सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे बल्लेबाज बने। पूरे टूर्नामेंट में वे दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, केवल गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन (759 रन) उनसे आगे रहे। भारत का पहला मैच यूएई से भारत, पाक, ओमान और यूएई को एक ही ग्रुप में रखा गया है। श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हान्ग कान्ग ग्रुप-बी में हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी। भारत 10 सितम्बर को यूएई, 14 को पाक और 19 को ओमान से भिड़ेगा। भारत और पाक ने अगर सुपर-4 स्टेज में जगह बनाई तो दोनों टीमें फिर एक बार 21 सितम्बर को आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट का फाइनल 28 सितम्बर को खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान ने सुपर-4 स्टेज में टाप किया तो दोनों के बीच टूर्नामेंट में तीसरा मैच भी हो सकता है।



## देविका ने जीता मलेशिया इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन 2025 का खिताब

**मलेशिया, वार्ता।** भारतीय शटलर देविका सिहाग ने रविवार को मलेशिया इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन 2025 टूर्नामेंट में हमवतन ईशारानी बरुआ को हराकर महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। यहां 25 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में बैडमिंटन रैंकिंग में 100वें स्थान पर काबिज देविका ने पांचवीं वरीयता प्राप्त ईशारानी को 15-7, 15-12 से हराया। देविका सिहाग के करियर का पहला अंतर्राष्ट्रीय चैलेंज खिताब है। इससे पहले उन्होंने 2024 में इंटरनेशनल सीरीज लेवल पर स्वीडिश ओपन और पुर्तगाल इंटरनेशनल खिताब जीते थे। इससे पहले मलेशिया इंटरनेशनल चैलेंज 2025 के सेमीफाइनल मुकाबले में देविका ने पूर्व जूनियर विश्व नंबर वन व चौथी वरीयता प्राप्त मीर को रौंदा।

# एशियाई युवा पैरा खेलों के 'लोगो' का अनावरण

● **एशियाई युवा पैरा गेम्स में एशियाभर के 45 देशों के लगभग 1500 युवा पैरा एथलीट 11 खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे**

**दुबई, वार्ता।** दुबई 2025 एशियाई युवा पैरा खेलों की आयोजन समिति ने एपीसी सम्मेलन और आम सभा के दौरान अपने लोगो का अनावरण किया, जो इस क्षेत्र के सबसे समावेशी खेल आयोजनों में एक और रोमांचक मील का पत्थर साबित होगा।

दुबई 2025 एशियाई युवा पैरा गेम्स में एशिया भर के 45 देशों के लगभग 1500 युवा पैरा एथलीट 7 से 14 दिसंबर तक 11 खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। नया लॉन्च किया गया लोगो, जिसमें चार प्रमुख तत्व शामिल हैं, पैरा खेलों की जीवंत भावना को दर्शाता है और साथ ही दुबई की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान को एक गौरवशाली मेजबान शहर के रूप में दर्शाता है। डिज़ाइन के प्रत्येक तत्व का एक विशेष अर्थ है:

**दुबई:** मेजबान शहर, नवाचार और समावेशिता का प्रतिनिधित्व करता है। **ज्वाला:** गति, जुनून और ऊर्जा का प्रतीक - ऐसे गुण जो युवाओं और खेल दोनों को परिभाषित करते हैं। एथलीट और व्हीलचेयर मोशन आइकॉन: पैरा एथलीटों की सक्रियता और युवाओं की गतिशील भावना का प्रतिनिधित्व। **पाम जुमेराह:** दुबई का एक विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त स्थल, जो स्थानीय पहचान को भव्यता और आधुनिकता के साथ सुदृढ़ करता है। इस बीच, इस कार्यक्रम में 'बॉर्न टू राइज' स्लोगन का भी अनावरण किया गया - यह स्लोगन पूरे एशिया के युवा पैरा-एथलीटों के उत्साह, दृढ़ संकल्प और लचीलेपन को दर्शाता है।

एशियाई पैरालंपिक अध्यक्ष माजिद रशीद ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि यह एशियाई पैरालंपिक परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। एशियाई युवा पैरा खेल लचीलेपन, प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का उत्सव हैं, और हमारे एथलीट हमारे मिशन के केंद्र में हैं। यह घोषणा सभी प्रतिभागियों के लिए खेलों की तैयारी के दौरान स्पष्टता भी प्रदान करती है। हम स्थानीय आयोजकों को खेलों की दूसरी बार मेजबानी की तैयारी में उनके समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए तहे दिल से धन्यवाद देते हैं। एशियाई युवा पैरा खेल, युवा सशक्तिकरण के एपीसी के मिशन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और हम दुबई में एक और शानदार आयोजन की दिशा में हो रही प्रगति को देखकर रोमांचित हैं। रशीद ने आगे कहा कि हमें विश्वास है कि सुलभता और नवाचार पर अपने जोरदार ध्यान के साथ, दुबई एशिया के युवा पैरा एथलीटों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक आदर्श मंच प्रदान करेगा। दुबई क्लब फॉर पीपल ऑफ डिटरमिनेशन के अध्यक्ष और खेलों के स्थानीय आयोजक, थानी जुमा बेरेगाड ने एक वीडियो संदेश में कहा कि लोगो का अनावरण करना हमारे लिए गर्व का क्षण है। समय की कमी के कारण हमें जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा, उसके बावजूद, इन चैंपियनशिप के उद्देश्य और युवा प्रतिभाओं को तराशने में उनकी भूमिका में हमारे गहरे विश्वास ने हमें इस चुनौती को एक अवसर में बदलने की प्रेरणा दी।

# चोटिल अनाहत एनएसडब्ल्यू स्क्वैश बेगा ओपन में रहीं उपविजेता

● **चौथे गेम में 4-10 से पिछड़ने के बाद टखने की चोट से जूझ रहीं अनाहत को रिटायर होना पड़ा**

**ऑस्ट्रेलिया, वार्ता।** दूसरी वरीयता प्राप्त चोटिल भारतीय किशोरी अनाहत सिंह रविवार को एनएसडब्ल्यू स्क्वैश बेगा ओपन 2025 के महिला एकल वर्ग में रिटायर होकर उपविजेता रहीं।




यहां खेले गए फाइनल मुकाबले में अनाहत चोटिल होकर रिटायर हुई और उन्हें मिस्र की हबीबा हानी के खिलाफ 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। यह पहली बार है जब वह पीएसए कॉपर-स्तरीय प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रही है। भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत ने पहला गेम 11-9 से जीतकर शानदार शुरुआत की, लेकिन हानी ने वापसी करते हुए अगले दो गेम अपने नाम कर लिए। चौथे गेम में 4-10 से पिछड़ने के बाद टखने की चोट से जूझ रही अनाहत को प्रतियोगिता से रिटायर होना पड़ा। सेमीफाइनल में, दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने अपनी चोट से जूझते हुए मिस्र की नूर खफागी को 3-2 (10-12, 11-5, 11-5, 10-12, 11-7) से हराया। अनाहत ने राउंड ऑफ 16 में ऑस्ट्रेलिया की सारा कार्डवेल को 3-0 (11-3, 11-3, 11-4) से हराने के बाद क्वार्टरफाइनल में दक्षिण अफ्रीका की हेले वार्ड को 3-0 (11-4, 11-9, 14-12) से हराया। इससे पहले उन्हें शुरुआती दौर में बाई मिली थी। इस बीच, हबीबा हानी ने सेमीफाइनल में भारत की पाँचवीं वरीयता प्राप्त आकांक्षा सालुंखे को 3-1 (11-9, 7-11, 12-10, 11-6) से हराया था।

# ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने इंडिया 'ए' को हराया

● **एलीसा हीली ने नाबाद 137 रन और विल्सन ने 59 रनों की पारी खेली, तालिया ने तीन विकेट लिए**

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** तालिया मैक्ग्रा (तीन विकेट) के बाद एलिसा हीली (नाबाद 137) और तालिया विल्सन (59) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम ने रविवार को तीसर एकदिवसीय मुकाबले में इंडिया ए को 133 गेंदे शेष रहते नौ विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में स्वयं का सुपड़ा साफ होने से बचा लिया।




इंडिया ए यह सीरीज 2-1 से जीती है। 217 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ए के लिए तालिया विल्सन और एलिसा हीली की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 137 रन जोड़े। 17वें ओवर में राधा यादव ने तालिया विल्सन 51 गेंदों में 59 रन को आउटकर इंडिया ए को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी रेचल ट्रेनामैन ने एलिसा हीली के साथ दूसरे विकेट के लिए 85 रनों की अविजित साझेदारी कर अपनी टीम को 27-5 ओवर में एक विकेट पर 222 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया। इंडिया ए की ओर से एकमात्र विकेट राधा यादव को मिला। इससे पहले आज यहां इंडिया ए टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया ए के लिए शेफाली वर्मा और नंदिनी कश्यप की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करे हुए पहले विकेट के लिए 86 रन जोड़े। 19वें ओवर में तालिया मैक्ग्रा ने शेफाली वर्मा (52) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। अगले ही ओवर में एला हेवर्ड ने नंदिनी कश्यप(28) को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया ए को दूसरी सफलता दिलाई। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे इंडिया के बल्लेबाजी क्रम लड़खड़ा कर विकेट गंवाता चला गया। तेजल हसबनिस (एक) और राघवी बिष्ट (18) रन बनकर आउट हुई। तेजल हसबनिस (42), तनुश्री सरकार (17), मिन्नू मनी (पांच), कप्तान राधा यादव (18), साइमा ठाकोर (शून्य) पर आउट हुई। 48वें ओवर में सियाना जिंजर ने तनुजा कंवर (15) को आउटकर इंडिया ए की पारी का 216 के स्कोर पर अंत कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ए की ओर से तालिया मैक्ग्रा ने आठ ओवर में 40 रन देकर तीन विकेट लिये। सियाना लजजर, एला हेवर्ड और अनिका लीरॉइड को दो-दो विकेट मिले। लूसी हैमिल्टन ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## अपने अंतिम समय में भी, मैक्सवेल जीत सकते हैं एक और विश्व कप

**केर्न्स, वार्ता।** द. अफ्रीका के खिलाफ निर्णायक टी20 मैच से पहले, मैक्सवेल से पूछा गया कि क्या वनडे से संन्यास लेने के बाद उन्हें अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर की समाप्ति तिथि पर विचार करने का मौका मिला है। उन्होंने उत्साह से कहा, 'नहीं।' अगर वह चाहें, तो अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाला टी-20 विश्व कप इस प्रारूप के महान खिलाड़ियों में से एक के लिए एक उपयुक्त शुरुआती बिंदु होगा। यह विश्वास करना मुश्किल है कि वह दो साल और खेल पाएंगे, जबकि 2028 का विश्व कप ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। शनिवार शाम को उन्होंने बल्ले से दिखाया कि वह अब भी क्या कर सकते हैं, 36 गेंदों में नाबाद 62 रनों की शानदार पारी खेलकर एक अनिश्चित लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम को जीत की ओर ले गए।

# पाक की एशिया कप टीम से बाबर-रिजवान बाहर



**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान ने अनुभवी खिलाड़ियों बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को एशिया कप के लिए टी-20 टीम में शामिल नहीं किया है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चयनकर्ताओं ने यूएई में होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला और एशिया कप के लिए सलमान आगा की अगुवाई वाली 17 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। इन दोनों सीरीज के लिए बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को टीम में जगह नहीं मिली है। बाबर ने आखिरी बार पाकिस्तान के लिए अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में दिसंबर 2024 में प्रतिनिधित्व किया था। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2025 में उन्होंने पेशावर जलमी के लिए सात मैच खेले थे जिसमें नाबाद 56, नाबाद 53 और 94 का स्कोर शामिल है। हाल ही में वह विंडीज में हुई एकदिवसीय सीरीज टीम का भी हिस्सा थे। इस सीरीज में उन्होंने 47, शून्य और नौ रन बनाए थे। इसी के साथ रिजवान भी पाक की टी-20 टीम से बाहर चल रहे है। उन्हें भी विंडीज और बांग्लादेश के खिलाफ हुई टी-20 सीरीज से बाहर रखा गया था। हालांकि रिजवान अभी भी वेस्टइंडीज के साथ हुई एकदिवसीय सीरीज में टीम के कप्तान थे। जहां उन्होंने पहले मैच में 53 रन बनाए थे लेकिन उसके बाद 16 और शून्य का स्कोर किया था।

# ज्वेरेव को हरा अल्काराज फाइनल में

**सेमीफाइनल में अल्काराज ने जर्मनी के ज्वेरेव पर 6-4-, 6-3 से जीत दर्ज की**



**अमेरिका, वार्ता।** स्पेन के स्टार कार्लोस अल्काराज ने सिनसिनाटी ओपन में अस्वस्थ एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर लगातार सातवें टूर-लेवल फाइनल में जगह बना ली जहां उनका मुकाबला उनके प्रबल प्रतिद्वंद्वी जैनिक सिनर से होगा। शनिवार रात खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में अल्काराज ने जर्मनी के अस्वस्थ चल रहे ज्वेरेव पर 6-4, 6-3 से जीत दर्ज की। शुरुआती सेट का निर्णय अल्काराज के शानदार प्रदर्शन से हुआ। लेकिन पसीने से लथपथ ज्वेरेव को दूसरे सेट में शारीरिक रूप से संघर्ष करना पड़ा। शुक्रवार को बेन शेल्टन के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में अपनी प्रभावशाली जीत के दौरान फिजियो द्वारा उपचार प्राप्त करने वाले जर्मन खिलाड़ी को दूसरे सेट में 2-1 के स्कोर पर मेडिकल टाइमआउट के लिए कोर्ट छोड़ना पड़ा और मैच के बाकी हिस्से में उनकी स्थिति स्पष्ट रूप से कमजोर रही। मैच के बाद अल्काराज ने कहा कि किसी ऐसे व्यक्ति के खिलाफ खेलना कभी आसान नहीं होता जिसके बारे में आपको पता हो कि वह पूरी तरह से स्वस्थ नहीं है। यह और भी मुश्किल हो जाता है जब यह पता हो कि वह शानदार खिलाड़ी है और कोर्ट के बाहर इतना अच्छा इंसान है। हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। दूसरे सेमीफाइनल में सिनर ने फ्रांस के टेरेंस एटमैन को 7-6 (7-4), 6-2 से हराया, जिससे उनकी हार्ड-कोर्ट जीत का सिलसिला 26 मैचों तक पहुंच गया। ये दोनों युवा सितारे इस खेल की सबसे कड़ी नई प्रतिद्वंद्विता के रूप में उभरे हैं, और सिनर ने विंबलडन में अपने पिछले मुकाबले में जीत हासिल की थी। दोनों ने अपने सेमीफाइनल मुकाबलों की कठिनाई को स्वीकार किया।

# नायब सैनी को कबड्डी के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र मिला

**यह प्रतिष्ठित सम्मान हरियाणा के पंचकुला में आयोजित कबड्डी प्रदर्शनी कार्यक्रम में सबसे बड़ी भागीदारी के आयोजन के लिए प्रदान किया गया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन (हिप्सा) ने आज हरियाणा भवन, नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी को कबड्डी के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाणपत्र प्रदान किया।

हिप्सा अध्यक्ष कांथी डी-सुरेश और जीआई-पीकेएल के संस्थापक कार्तिक दम्मू ने हरियाणा के मुख्यमंत्री को यह प्रमाणपत्र प्रदान किया।

यह प्रतिष्ठित सम्मान हरियाणा के पंचकूला में आयोजित कबड्डी प्रदर्शनी कार्यक्रम में सबसे बड़ी भागीदारी के आयोजन के लिए प्रदान किया गया, जिसने इस पारंपरिक भारतीय खेल के लिए एक नया वैश्विक मानक स्थापित किया। इस वर्ल्ड रिकॉर्ड कार्यक्रम में पूरे क्षेत्र के एथलीटों, युवाओं और खेल प्रेमियों की व्यापक भागीदारी देखी गई, जिसने कबड्डी के गढ़ के रूप में हरियाणा की विरासत को और मजबूत किया। हाल ही में पंचकूला के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में शुरू हुए छठे राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कबड्डी मैच की शुरुआत करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया और प्रतिभागी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। सैनी ने विश्वास व्यक्त किया कि हरियाणा के खिलाड़ी 2036 के ओलंपिक में भारत के लिए सर्वाधिक पदक जीतेंगे और वैश्विक मंच पर देश का नाम रोशन करेंगे।

शाह टाइम्स

## सम्पादकीय

सोमवार, 18 अगस्त 2025

# शब्दों की जादूगिरी

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) को लगभग 11 हजार करोड़ रुपये की सौगात दी। उन्होंने दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया, प्रधानमंत्री मोदी अपने शब्दों की जादूगिरी से विपक्ष को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। इस अवसर पर एसआईआर विवाद के बीच पीएम मोदी ने विपक्ष पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि आज भाजपा की सरकार दिल्ली के चारो तरफ है। यह दिखाता है जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है। यही आशीर्वाद कुछ लोग बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। वे जनता से दूर हो चुके हैं। जमीन से दूर हो चुके है। एक तरफ मोदी अपने वैचारिक इकोसिस्टम को खाद-पानी देने की कोशिश कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ देश के समक्ष ठोस चुनौतियों से निपटने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, इनमें से एक की सफलता दूसरे की कीमत पर ही संभव है। प्रसंगवश बताते चलें कि लालकिले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लगातार 12वां स्वाधीनता दिवस संबोधन न सिर्फ इसलिए उल्लेखनीय था कि इसने राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को खास तवज्जो दी, बल्कि इसलिए भी कि इसने देश के सामने सांप्रदायिक रंगत वाले जनसांख्यिकीय खतरे पर जोर दिया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तारीफों के पुल बांधते हुए मोदी ने अपना पुराना राग दोहराया और कहा कि एक नये संकट के बीज बोये जा रहे हैं। उन्होंने जिसे देश की जनसांख्यिकी बदलने की सोची- समझी साजिश करार दिया, उससे निपटने के लिए उच्चाधिकार-प्राप्त जनसांख्यिकी मिशन का गठन, विभिन्न समुदायों के बीच जनसंख्या वृद्धि की अलग -अलग दरों और पड़ोसी देशों से दस्तावेज-विहीन प्रवासियों की घुसपैठ की ओर इशारा करके देश का धार्मिक आधार पर ध्रुव.ीकरण करने की एक बेपर्दा कोशिश से ज्यादा कुछ नहीं है। हालांकि, भाषण में ठोस मुद्दों पर भी बात की गयी, जिसमें अर्थव्यवस्था, रक्षा व प्रौद्योगिकी, और युवा सशक्तीकरण समेत सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता पर काफी फोकस था। मोदी ने बीते साल में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास परिख्रश्य में आये बदलावों का भी लेखा-जोखा पेश किया, और आगे क्या आसार हैं, इस पर बात की। मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए सशस्त्र बलों को सराहा और कहा कि इसने भारत की रक्षा क्षमताओं और स्वदेशी हथियारों की प्रभावशीलता का प्रदर्शन किया। उन्होंने इस मौके का इस्तेमाल भारत के दुश्मनों, खासकर पाकिस्तान, को चेतावनी देने के लिए करते हुए, आतंकवाद और सीमा-पार हमलों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति को रेखांकित किया। माओवादी विद्रोह के खिलाफ लड़ाई में मिली हालिया कामयाबी का भी जिक्र हुआ। जैसा कि मोदी ने ऐलान किया, एक पूर्ण स्वदेशी रक्षा प्रणाली मिशन सुदर्शन चक्र'को साल 2035 तक विकसित व तैनात किया जायेगा। ज्यादा ब्योरा तो नहीं था, पर उन्होंने इसे एक शक्तिशाली हथियार प्रणाली बताया जो न सिर्फ दुश्मन के हमलों को निष्प्रभावी करेगी, बल्कि दुश्मन पर कई गुना ज्यादा पलटवार भी करेगी। वैश्विक शक्ति समीकरणों में तेजी से बदलाव के बीच, मोदी के स्वाधीनता दिवस संदेश का निशाना अमेरिका भी था जिसने कई भारतीय उत्पादों पर 50 फीसदी के भारी टैरिफ का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री मोदी के शब्दों की जादूगिरी अभी तक विपक्ष के हमलों का माकूल जवाब देने में नाकाम नहीं, तो कोई खास असर भी नहीं दिखा पाई है।

## सबको अंतरात्मा की आवाज सुननी चाहिए



चुनाव आयोग का एक सही और साहसिक कदम देश की अनंत पीढ़ियों का भविष्य और कल्याण सुनिश्चित कर सकता है, चुनाव आयोग को सुधार ही नहीं, आमूलचूल परिवर्तन की अपरिहार्यता है, आज लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक दायित्व चुनाव आयोग के कंधों पर है, माना उनके ऊपर कई प्रकार के अवांछित दबाव काम कर रहे हैं, लेकिन वो ये न समझें कि वो अकेले हैं, जब चुनाव आयोग सही रास्ते पर चल निकलेगा, तो करोड़ों भारतवासियों का साथ उसका रक्षा कवच बन जाएगा, सत्य के मार्ग पर चलने वालों के साथ जनता और जन विश्वास स्वयं चलने लगता है, सबको अंतरात्मा की आवाज सुननी चाहिए।

**-अखिलेश यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष, सपा**

# निर्वाचन आयोग की प्रेस कान्फ्रेंस, जवाब 'NEXT'






पवन सिंह

क्या यही बहुत प्रचारित प्रेस कॉन्फ्रेंस थी। आज जब सनसनाते हुए सवाल आने लगे तो जुबान ही चली गई। लगा कि यह प्रेस कॉन्फ्रेंस थी ही नहीं। यह तो वोट चोरी पर जस्टीफिकेशन था। मैं बेशक यह लिख सकता हूं कि केन्द्रीय चुनाव आयोग की यह प्रेस कांफ्रेंस बैक फायर कर गई है।

आम जनता के सुलगते सवालों पर कोई जवाब ही नहीं था। सीधे-सीधे सपाट शब्दों में लिखूं तो आयोग ने उल्टा ही अपने ऊपर और गहरा संदेह ओढ़ लिया। जनता के सवालों/संदेहों से आयोग के अधिकारियों के चेहरों से हवाई उड़ रही थी। इससे तो बेहतर होता आज प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुलेआम सारा सच खोलकर इस्तीफा दे देते। इतिहास में अमर हो जाते। कितने दिनों तक और जियोगे। 10-15-20 साल। यह कलंक और लोकतंत्र की हत्या का बोझ लेकर। यह प्रेस कांफ्रेंस वही कर सकता था जो जमीर और आत्मा दोनों निकाल चुका हो।

आपने तो CCTV फुटेज पर ऐसा बेहूदा तर्क दिया कि क्या महिलाओं की वीडियो दिखानी है? पोलिंग बूथ के अंदर क्या महिलाएं स्नान करती हैं? क्या कपड़े बदलती हैं? क्या अंत:वस्त्र पहनती हैं। पोलिंग बूथ के अंदर फुटेज मांगने पर यह सड़कछाप तर्क रखने के लिए यह छपरीनुमा प्रेस कांफ्रेंस की थी क्या? ऐसा क्या है पोलिंग बूथ के फुटेज के भीतर कि आपको यह बेहूदा तर्क देना पड़ा?

डिजिटल वोटर रोल पर किस बात की गोपनीयता? क्या कोई सेना की तैनाती या गोपनीय जानकारी साझा करने को आपसे कह रहा है? आपकी ही भाषा में सवाल है कि क्यों चोक ले रही है आपकी? क्या जनता का मतदाता का यह अधिकार नहीं है कि वह डिजिटल वोटर लिस्ट देख सके? जब छपी हुई लिस्ट पहले से सार्वजनिक पटल पर है, तो उस लिस्ट का डिजिटल संस्करण दिखाने में दिक्कत क्यों हो रही है। SIR प्रक्रिया पर बेहूदगी से कन्नी काटकर निकल गए। हजारों जिंदा लोगों को मृत दिखा दिया और इस खेल में जो भी शामिल हैं सबको बचाया जा रहा है। जब परंज्वाय सीनियर पत्रकार ने निर्वाचन आयोग से एक सीधा व सपाट सवाल किया तो आयोग के अधिकारी सीधे सवाल से ही भाग निकले।

जब सवालों के जवाब देने की हैसियत ही नहीं थी और सच बताने का साहस ही नहीं था तो प्रेस कांफ्रेंस क्यों की थी और अगर की थी तो केवल पानी के बताशे टाइप्स मीडिया जुटा लेते। ऐसे NEXT कह कर भागना तो न पड़ता। निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी सीधे जनता के प्रति है और स्वस्थ लोकतंत्र को बचाने के प्रति है। अगर यही प्रेस कांफ्रेंस थी तो इसे नहीं करना चाहिए था। फिर से आप एक्सपोज हो चुके हो। शर्मनाक था तुम्हारा NEXT, आयोग जाने-अनजाने देश को ऐसे संघर्ष के दोषी और साक्षी बनेगा। जिसे कोई नागरिक देखना नहीं चाहता। समूची प्रेस कांफ्रेंस शर्मनाक रही। पूरे देश खासकर हिंदी बेल्ट में मतदाताओं की संख्या आश्चर्यजनक रूप से झोलझाल है। उदाहरण स्वरूप बनारस, मतदान केंद्र संख्या -206, कन्या प्राइमरी, शंकुलधारा, कश्मीरीगंज की एक लिस्ट में एक आदमी ने 13 साल में ही, एक कमरे में, इकलौती बीबी से 43 बच्चे पैदा कर डाले और सब के सब मेल। बिहार में जिन 17 को मरा दिखाया वह सब जिंदा निकले, बेंगलूर सेंट्रल में म.नं.-791 में 43 वोटर, मुजफ्फरपुर में एक ही पते पर 269 वोटर, जमुई में एक ही पते पर 267 वोटर, बिना पते के 2.92 वोटर, गोमतीनगर, लखनऊ में तमाम मृत लोगों के नाम की भी पर्चियां, खंदौली, आगरा में एक ही पते पर 510 वोट, कर्नाटक के एक ही मकान में 80 वोटर। सवाल प्रेस कॉन्फ्रेंस में उठे तो कन्नी काट कर भाग गए। शाम 5 बजे के बाद आश्चर्यजनक रूप से वोटिंग और जवाबदेही पर टका सा छतरी खोल टाइप उत्तर-NEXT, यहां सवाल किसी राजनी.तिक दल के हारने व जीतने का है ही नहीं। यहां सवाल निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता और लोकतंत्र के प्रति निष्ठा का है। आयोग ने अपनी विश्वसनीयता शून्य कर ली है। जो इस देश के लो.कतंत्र के लिए भयावह साबित होगा। अब जनता उन नेताओं के वो कान्फिडेंस से भरे उद्गारों को को-रिलेट कर रही है कि अब की बार। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश के खेल को जो तमाम तरह के संदेह से भरे हैं। मुझे याद है महाराष्ट्र में चुनाव परिणामों के बाद आम जनता ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया था और सोशल मीडिया पर उसकी जबरदस्त चर्चा हुई थी। मामला न्यायालय गया, लेकिन इसे खारिज कर दिया गया। हालांकि तमाम वीडियो वायरल हुए जिसमें सड़कों पर हजारों लोगों की भीड़ को नारेबाजी करते देखा जा सकता है। ये लोग ईवीएम हटाओ, देश बचाओ के नारे लगा रहे हैं। सोशल मीडिया पर इस वीडियो को शेयर करते हुए दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो महाराष्ट्र का है, जहां भारी संख्या में लोग ईवीएम के खिलाफ सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। मेन स्ट्रीम मीडिया को इसे कवर नहीं करना था तो उसने नहीं किया। फिलहाल, चुनाव आयोग की साख पर बुरी तरह से बट्टा लग चुका है और यह एक बहुत बड़े आंदोलन का सबब बन सकता है। यह प्रेस कांफ्रेंस बैक फायर कर गई है।

**डिजिटल वोटर रोल पर किस बात की गोपनीयता? क्या कोई सेना की तैनाती या गोपनीय जानकारी साझा करने को आपसे कह रहा है? आपकी ही भाषा में सवाल है कि क्यों चोक ले रही है आपकी? क्या जनता का मतदाता का यह अधिकार नहीं है कि वह डिजिटल वोटर लिस्ट देख सके? जब छपी हुई लिस्ट पहले से सार्वजनिक पटल पर है, तो उस लिस्ट का डिजिटल संस्करण दिखाने में दिक्कत क्यों हो रही है। SIR प्रक्रिया पर बेहूदगी से कन्नी काटकर निकल गए। हजारों जिंदा लोगों को मृत दिखा दिया और इस खेल में जो भी शामिल हैं सबको बचाया जा रहा है। जब परंज्वाय सीनियर पत्रकार ने निर्वाचन आयोग से एक सीधा व सपाट सवाल किया तो आयोग के अधिकारी सीधे सवाल से ही भाग निकले।**

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आपदाओं से त्रस्त देवभूमि उत्तराखंड

**चाहे बादल फटे या लैंडस्लाइड हो, देवदार के पेड़ मलबा- पानी को नीचे नहीं आने देते थे क्योंकि हिमालय की उत्पत्ति के बाद से ही इसको मजबूत बनाए रखने में देवदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसके जंगल काफी सघन होते हैं और इसके नीचे के हिस्से में बांज जैसी घनी झाड़ियां होती हैं जो बादल फटने पर भी हिमालय की मिट्टी को जकड़ कर रखती हैं जिससे ऐसी त्रासदी की सम्भावनाएं नगण्य रहती हैं, इसीलिए हिमालयवासी देवदार को भगवान की तरह पूजते हैं। किन्तु 19 वीं सदी में विल्सन के समय से जो इन पेड़ों को काटने का सिलसिला प्रारंभ हुआ आज तक अनवरत रूप से जारी है। समय की मांग है कि उच्च हिमालई क्षेत्र में देवदार के कटान पर पूर्णतरू रोक लगाई जाय और देवदार के जंगलों को फिर से विकसित किया जाए।**



डा. चंद्रप्रकाश शर्मा

भारत भूमि का उत्तर भाग जो वनाच्छादित व हिमाच्छादित रहा है तथा अनेक नदियों का उद्गमस्थल व झील-झरनों से परिपूर्ण है। यहां की शांति, एकांत व प्राकृतिक वातावरण प्राचीन काल से ऋषि, मुनियों,संतों व महापुरुषों को जप, तप व ध्यान हेतु अपनी ओर आकर्षित करता रहा है। उत्तराखंड तपोभूमि होने के साथ देव भूमि भी है क्योंकि पावन गंगा का उद्गमस्थल गंगोत्री और यमुना का उद्गमस्थल यमुनोत्री के साथ भगवान बद्रीनाथ की तपोस्थली बद्रीनाथ तथा आदि शंकराचार्य की निर्वाण स्थली व भगवान शिव की पवित्र भूमि केदारनाथ यहीं अवस्थित है। प्रश्न उठता है कि देवों की भूमि और ऋषि -मुनियों की तपोस्थली आज आपदाओं से त्रस्त क्यों है?


आज मानव का दृष्टिकोण बदला है। अब लोग देव दर्शन या साधना के निमित्त कम, पर्यटन की दृष्टिकोण से पहाड़ों की ओर अधिक गमन कर रहे है। देव दर्शन में संयम और श्रद्धा के साथ सीमित संसाधन का उपयोग करते हुए जप-तप और साधना पर ध्यान केंद्रित होता है जबकि पर्यटन में लोगों का आहार- विहार और व्यवहार पश्चात संस्कृति से प्रभावित होता है और मौज मस्ती उनका उद्देश्य होता है। इसी दृष्टि से प्रतिवर्ष लाखों पर्यटक विभिन्न तीर्थ की यात्राएं करते हैं। उनकी सुविधाओं के दृष्टिगत ऑल वेदर रोड, सुरंग युक्त रेल परियोजनाएं, रोपवे,होटल, रिजॉर्ट्स और अन्य निर्माण कार्य बिना सही भूगर्भ जांच और पर्यावरण अध्ययन के सतत जारी है जिससे पहाड़ लगातार कमजोर हो रहे हैं।

अनियोजित, अवैज्ञानिक विकास कार्यो ने आपदाओं को बढ़ावा दिया है।हमें प्रकृति की संवेदनशीलता को समझना होगा क्योंकि पहाड़ों का एक पारितंत्र है,अगर हम उसका दोहन, उत्पीड़न व शोषण करेंगे तो उससे उसका पारितंत्र छिन्न-भिन्न होगा और उसका परिणाम हमें पर्वतीय क्षेत्रों में बार-बार होने वाली बाढ़ ,भूस्खलन, बादल फटना, अत्यधिक वर्षा, भूकंप, जंगल की आग आदि त्रासदियों के रूप में भुगतना पड़ेगा क्योंकि हमने केदारनाथ की जल प्रलय से कोई सीख नहीं ली और उसी का परिणाम है कि 5 अगस्त को धराली की जलप्रलय का हमें सामना करना पड़ा। इसके साथ ही बादल फटने से पर्यटन स्थल हर्षिल में भी तबाही हुई। खीर गंगा नदी में आई बाढ़ से 34 मिनट में धराली गांव जमींदोज हो गया। धराली-जल प्रलय से हमें प्रकृति के संदेश को समझना होगा कि यदि हमने नदियों के क्षेत्र का अतिक्रमण करते हुए होटल ,रेस्टोरेंट और आवास बनाए तो उसके गंभीर परिणाम हमें भुगतने होंगे। खीर गंगा के जलग्राही क्षेत्र में हमने जिस तरह निर्माण किया, उसी से आपदा ने विकराल रूप धारण किया क्योंकि गाद से बनी समतल भूमि जो नदी का प्राकृतिक बहाव क्षेत्र थी ,पर हमने मकान, होटल और रेस्टोरेंट बना दिए और खीर गंगा के प्राकृतिक बहाव को मोड़ते हुए घुमावदार धारा के साथ बंध बना दिए जिससे यह स्थान सुरक्षित रहे किंतु सैलाब आने पर वह हमेशा अपने पुराने प्राकृतिक मार्ग से होकर ही गुजरता है।

इसी कारण इस बार कीचड़ और मलबे का तेज बहाव उन मजबूत बंध को तोड़कर उस समतल भूमि पर फैल गया जहां हमने नदी क्षेत्र पर अतिक्रमण करके आधुनिक धराली गांव बसा लिया था जिसे प्रकृति ने अपने बहाव के लिए सुरक्षित रखा था।हमें नदियों के जलग्राही क्षेत्रों में निर्माण करने से बचना होगा क्योंकि धराली का मूल गांव आज भी सुरक्षित है लेकिन बाजार-होटल धाराशाई हो गए। हमें जल प्रलयकारी आपदाओं से बचने हेतु नदियों के किनारे -किनारे और उनके घुमावदार मार्ग से दूर मानव बसावट करनी होगी।जल और वृक्ष पहाड़ों की धरोहर है। धराली आपदा को देवदार के पेड़ रोक सकते थे क्योंकि धराली से ऊपर गंगोत्री वाले हिमालय क्षेत्र में देवदार पेड़ों की संख्या पहले बहुत अधिक थी और उत्तराखंड का उच्च हिमालई क्षेत्र देवदार के जंगलों से परिपूर्ण था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# घड़ियाल संरक्षण के 50 सालः क्या हम सफल हुए



18 जून को विश्व मगरमच्छ दिवस पर मगरमच्छ संरक्षण परियोजना की शुरुआत की स्वर्ण जयंती मनाई गई। भारत सरकार ने 1975 में जब घड़ियालों के संरक्षण के लिए व्यापक राष्ट्रीय कार्यक्रम की शुरुआत की थी, तब यह उम्मीद थी कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सरकारी संसाधनों के साथ यह मछलीभक्षी मगरमच्छ कृ जिसे वैज्ञानिक भाषा में गैवियालिस गैंजेटिकस कहा जाता है कृ फिर से भारतीय नदियों में आबाद हो सकेगा। लेकिन आज, इस प्रयास के 50 साल बाद, हमें खुद से यह कठिन सवाल पूछना होगारू क्या हम वाकई घड़ियाल को बचा पाए हैं?

जब घड़ियाल की बात होती है, तो अक्सर उसे एक विलुप्तप्राय जलचर के रूप में देखते हैं - एक ऐसा जीव, जो अपने अस्तित्व की अंतिम लड़ाई लड़ रहा है। लेकिन घड़ियाल सिर्फ एक प्रजाति का नाम नहीं है। उसकी उपस्थिति खुद में एक संकेत है, नदी की सेहत, पारिस्थितिकी संतुलन और जैव विविधता के प्रति हमारी संवेदनशीलता का।

घड़ियाल, अपनी पतली लंबी थूथन और मछलियों पर निर्भरता के कारण नदी पारिस्थितिकी का एक अनूठा जीव है। 20वीं सदी के आरंभ तक यह प्रजाति सिंधु, गंगा, ब्रह्मपुत्र, महानदी और इरावदी जैसे विशाल नदी तंत्रों में व्यापक रूप से पाई जाती थी। लेकिन 1940 के दशक में इसकी संख्या मात्र 5-10 हजार के बीच रह गई और 1970 के दशक तक यह 98 फीसदी से अधिक क्षेत्र से गायब हो चुकी थी। इसी संकट को देखते हुए, 1975 में भारत सरकार ने संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन द्धथ्।व्क्ष् और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्धन्छक्च्क्ष् के सहयोग से क्रोकोडाइल कंजर्वेशन प्रोजेक्ट की शुरुआत की थी। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य देश की तीन दुर्लभ घड़ियाल (मगरमच्छ) प्रजातियों, मगर और खारे पानी के मगरमच्छ को संरक्षित करना था। यह परियोजना 'पालन और पुन:प्रक्षेपण' विधि का उपयोग करके, बंदी अवस्था में मगरमच्छों को पालने और फिर उन्हें प्राकृतिक आवासों में छोड़ने पर केंद्रित थी। इसके अंतर्गत देश भर में 16 मगरमच्छ पुनर्वास केंद्र और 11 मगरमच्छ अभयारण्यों की स्थापना की गई। इनमें नेशनल चंबल सैंक्चुरी, कटर्नियाघाट, सतकोसिया, सोन घड़ियाल अभयारण्य और केन घड़ियाल अभयारण्य मुख्य है।

हाल की वार्षिक गणनाओं के अनुसार, आज भारत में वयस्क घड़ियालों की संख्या मात्र 650 के आसपास है, जिनमें से 550 नेशनल चंबल सैंक्चुरी में ही सीमित हैं। सवाल उठता है कि आधी सदी चले इस विशाल संरक्षण कार्यक्रम का परिणाम इतना सीमित क्यों है?

इसका जवाब संरक्षण की मूल रणनीति में निहित है कृ हमने बार-बार बंदी प्रजनन और पुन:प्रक्षेपण पर बल दिया, लेकिन उनकी प्राकृतिक निवास कृ नदियां कृ निरंतर संकट में रहीं। घड़ियाल की मौजूदगी यह भी दर्शाती है कि वह नदी अब भी जीवित है, उसमें प्रदूषण नहीं फैला है, उसमें प्रवाह बचा है, और उसमें जीवन पल रहा है। इसलिए वैज्ञानिक घड़ियाल को एक 'जैव संकेतक' मानते हैं - एक ऐसा जीव जो हमें बिना कुछ कहे यह बता देता है कि नदी कितनी स्वस्थ है।

घड़ियालों के जीवित रहने का पूरा दारोमदार नदियों पर है। वे खुले, बहावयुक्त नदी प्रवाह, रेत के टीलों और मछलियों की पर्याप्त उपलब्धता वाले वातावरण में ही पनप सकते हैं। लेकिन इन पांच दशकों में भारतीय नदियां बेतहाशा रेत खनन, बांधों, बैराजों, प्रदूषण और अवैध मछली पकड़ने के कारण क्षतिग्रस्त हुई हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, चंबल जैसे क्षेत्रों में अत्यधिक और अवैध रेत खनन ने घड़ियालों के घोंसले बनने वाली रेत पट्टियों को नष्ट कर दिया है। कई क्षेत्रों में तो घोंसले लगभग समाप्त हो चुके हैं। घड़ियालों की 90 फीसदी से अधिक मौतें मॉनसून के बाद पहले तीन महीनों में होती हैं यह दिखाता है कि केवल अंडे देना और बच्चे निकलना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका जीवित रहना ही असली चुनौती है। घड़ियाल का संरक्षण अपने आप में रेत खनन पर नियंत्रण की मांग को जन्म देता है, जो बाढ़ नियंत्रण से लेकर जलप्रवाह की गुणवत्ता तक, कई प्राकृतिक संतुलनों को बनाए रखने में सहायक होता है। मद्रास क्रोकोडाइल बैंक ट्रस्ट द्वारा 2008 में शुरू किए गए घड़ियाल इकॉलॉजी प्रोजेक्ट के प्रमुख अन्वेषक प्रो. जेफरी लैंग के अनुसार हअब जरूरत है कि हम नदी पारिस्थितिकी की संपूर्णता पर ध्यान दें। घड़ियाल संरक्षण के प्रयास तब तक सार्थक नहीं होंगे जब तक कि नदियां अपने प्राकृतिक रूप में मुक्त बहने वाली न हों, उनमें बांध बैराज न्यूनतम हों और रेत खनन नियंत्रित हो। इसी तरह, नेचर कंजर्वेशन सोसाइटी के सचिव राजीव चौहान कहते हैं, हबंदी प्रजनन और पुनर्वास केवल एक 'बैंड-ऐड' उपाय है। जब तक हम प्रवाह, मत्स्य पालन और रेत खनन पर सख्त नियंत्रण नहीं रखते, तब तक मगरमच्छों के पुनर्वास के प्रयास व्यर्थ है। ओडिशा ही एकमात्र राज्य है, जहां तीनों मगरमच्छ प्रजातियां - खारे पानी के मगर (भितरकनिका), घड़ियाल (सतकोसिया) और मगरी (सिमलीपाल) - पाई जाती हैं। पश्चिम बंगाल में सुंदरबन के बाद भितरकनिका भारत का दूसरा सबसे बड़ा मैंग्रोव वन है।

दोनों क्षेत्र भारत में खारे पानी के मगरमच्छों के तीन गढ़ों में से हैंय तीसरा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह है। वर्ष 2025 की जनगणना में 1826 खारे पानी के मगर, 16 घड़ियाल और लगभग 300 मगरी गिने गए। हालांकि यह संरक्षण की सफलता दर्शाता है, लेकिन हाल ही में भितरकनिका और उसके आसपास के इलाकों में इंसानों और मगरमच्छों के बीच संघर्ष बहुत बढ़ गया है। पिछले साल जून और अगस्त के बीच पार्क और उसके आसपास मगरमच्छों के हमलों में एक 10 वर्षीय लड़के सहित छह लोगों की मौत हो गई थी। वहां अब इन इलाकों में बाड़बंदी और चेतावनी प्रणाली जैसे उपाय लागू किए जा रहे हैं। एक ताजा अध्ययन में पाया गया है कि आने वाले दशकों में जलवायु परिवर्तन से घड़ियालों के लिए उपयुक्त क्षेत्र 36 फीसदी से 145 फीसदी तक बढ़ सकता है - विशेषतरू उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार, असम, उत्तराखंड जैसे राज्यों में। वहीं ओडिशा और राजस्थान जैसे राज्य शायद अपनी उपयुक्तता खो बैठेंगे। अध्ययनकर्ताओं ने सिफारिश की है कि ब्रह्मपुत्र और महानदी घाटियों में संभावित क्षेत्रों का मैदानी सर्वेक्षण किया जाए, उन्हें संरक्षित क्षेत्र घोषित किया जाए और स्थानीय समुदायों को संरक्षण प्रक्रिया में सहभागी बनाया जाए। घड़ियाल संरक्षण के 50 वर्षों का अनुभव हमें यही सिखाता है कि सिर्फ प्रजाति पर केंद्रित नीतियां नाकाफी है। जब तक हम नदियों को, उनके प्रवाह को, उनकी जैव विविधता को, उनके किनारे के समुदायों को संरक्षण नीति का हिस्सा नहीं बनाएंगे, तब तक घड़ियाल जैसे जीव केवल सरकारी आंकड़ों में ही जीवित रहेंगे।

**-स्रोत फीचर्स**

## संक्षिप्त समाचार

### पाक में बंदूकधारी हमलावरों ने सात को उतारा मौत के घाट

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पिकनिक से लौट रहे दोस्तों के एक समूह पर अज्ञात बंदूकधारियों ने घात लगाकर हमला कर दिया। हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। हमले में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल बताया जा रहा है। पुलिस ने रविवार को बताया कि पीड़ितों पर शनिवार देर रात पेशावर से लगभग 65 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में कोहाट जिले के उपनगरीय इलाके रेगी शिनो खेल में हमला किया गया। वे टांडा बांध से अपने पैतृक गांव खरा घारी मुहम्मद जई लौट रहे थे।

### रूस की 2036 से पहले शुक्र ग्रह पर दोबारा जाने की योजना

**व्लादिवोस्तोक।** रूस 2036 से पहले शुक्र ग्रह पर फिर से जाने के लिए अपने वेनेरा-डी अंतरग्रहीय मिशन के प्रक्षेपण की योजना बना रहा है और इसकी तैयारियां जोरों पर हैं। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने रविवार को दी। तास समाचार एजेंसी ने रूसी विज्ञान अकादमी के अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान में ग्रह भौतिकी विभाग के प्रमुख ओलेग कोराबलेव के हवाले से कहा कि यह मिशन अब देश के नए राष्ट्रीय अंतरिक्ष कार्यक्रम का हिस्सा है और मिशन पर प्रारंभिक डिजाइन का काम जनवरी 2026 में शुरू होगा।

### इराक ने आईएस के दो ठिकानों पर हवाई हमले किए

**बगदाद।** इराकी सुरक्षा बलों ने इस्लामिक स्टेट (आईएस) के ठिकानों पर दो हवाई हमले कर वहां छिपे कुछ आतंकवादी मार गिराये हैं। इराकी संयुक्त अभियान कमान (जेओसी) ने यह जानकारी दी है। जेओसी ने एक बयान में कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर, पहला हमला मंगलवार को एफ-16 विमानों से सलाहुद्दीन प्रांत में आईएस के एक महत्वपूर्ण ठिकाने को निशाना बनाकर किया गया, जिससे वहां मौजूद आतंकवादी मारे गए। दूसरा हमला उत्तरी किरकुक प्रांत में आईएस के एक और ठिकाने को निशाना बनाकर गुरुवार को किया गया।

### उत्तरी चीन में अचानक आई बाढ़ से आठ लोगों की मौत

**होहोट।** उत्तरी चीन के आंतरिक मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र में शनिवार देर रात अचानक बाढ़ आने से आठ लोगों की मौत हो गई और चार अन्य लोग लापता हो गये। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उराद रियर बानेर के जनसंपर्क विभाग के अनुसार यह आपदा शनिवार रात लगभग 10 बजे बयानूर शहर के उराद रियर बानेर में नदी के ऊपरी क्षेत्र में आई जिसमें 13 शिविरार्थी लापता हो गए। रविवार सुबह 10 बजे तक एक व्यक्ति को बचा लिया गया, आठ लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और चार लोग लापता हैं।



जम्मू-कश्मीर। अनंतनाग जिले के पहलगाम में 'तिरंगा रैली' में भाग लेते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्य।

# अमेरिका को लगता है, वो मनमानी कर लेगा

## मशहूर अर्थशास्त्री जेफ्री सैक्स ने भारत पर टैरिफ लगाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को लताड़ा

**वॉशिंगटन।** मशहूर अर्थशास्त्री जेफ्री सैक्स ने भारत पर भारी भरकम टैरिफ लगाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को जमकर लताड़ लगाई है। सैक्स ने ट्रम्प की टैरिफ नीति को बेवकूफी भरा बताया और कहा कि इससे अमेरिका को कुछ हासिल नहीं होगा।

■ **यह हमारी राजनीतिक व्यवस्था के लिए भी खराब है, ट्रम्प की नीतियां असफल ही होंगी**



न्यूज एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में जेफ्री सैक्स ने कहा कि ट्रम्प का टैरिफ लगाने का फैसला साफ तौर पर उनकी ब्रिक्स संगठन के सदस्य देशों के प्रति दुश्मनी को दिखाता है। जेफ्री ने कहा इतना ज्यादा टैरिफ लगाने का कोई मतलब नहीं। ये सही नहीं है। इससे कुछ नहीं होगा। भारत पर टैरिफ लगाना हर लिहाज से बेवकूफी है। अर्थशास्त्री जेफ्री सैक्स ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रम्प भ्रम में जी रहे हैं। उन्होंने कहा अमेरिका ने लंबे समय तक इस दुनिया पर अपना प्रभुत्व बनाकर रखा और उन्हें अब भी लगता है कि वे दुनिया पर अपनी मनमानी चला सकते हैं। सैक्स के अनुसार, अमेरिका द्वारा भारत पर रूसी तेल खरीदने के लिए लगाया गया 50 फीसदी टैरिफ न सिर्फ अमेरिका की खुद की अर्थव्यवस्था के लिए को नुकसान पहुंचाएगा। सैक्स ने कहा टैरिफ में सबकुछ गलत है। यह अमेरिकी अर्थव्यवस्था को तबाह कर देगा और यह अंतर्राष्ट्रीय कानून व्यवस्था का भी उल्लंघन है। यह हमारी राजनीतिक व्यवस्था के लिए भी खराब है। ट्रम्प की नीतियां असफल ही होंगी। अर्थशास्त्री ने भारत को अमेरिका के प्रति सतर्क रुख करने की भी सलाह दी और कहा कि रक्षा और व्यापार के लिए अमेरिका पर निर्भरता भारत के दीर्घकालिक हितों के खिलाफ होगी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राजनेताओं को भारत की बिल्कुल भी परवाह नहीं है।

कृपया इसे समझें। चीन के खिलाफ क्वाड में अमेरिका का साथ देकर भारत को दीर्घकालिक सुरक्षा नहीं मिलेगी। भारत खुद एक महाशक्ति है जिसकी दुनिया में अपनी एक स्वतंत्र जगह है। सैक्स ने आश्चर्यजनक रूप से चीन, रूस और ब्राजील को भारत के सच्चे साझेदार देश बताया। सैक्स ने कहा कि भले ही भारत, अमेरिकी आपूर्ति में विविधता लाने में मदद करे, फिर भी उसे वाशिंगटन के साथ अच्छे व्यापारिक संबंधों की उम्मीद नहीं करनी चाहिए।

# टलेगी भारत-अमेरिका बिजनेस डील!

## छठे दौर की बातचीत के लिए ट्रम्प की टीम को भारत आना था, डेयरी प्रोडक्ट्स पर है विवाद

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर बातचीत टल सकती है। यह 25 से 29 अगस्त को होने वाली थी। अब यह बैठक बाद में होने की संभावना है। अब तक इस समझौते के लिए पांच दौर की बातचीत पूरी हो चुकी है, छठे दौर के लिए अमेरिकी टीम को भारत आना था। इससे पहले अमेरिका ने 6 अगस्त को भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा थी। अमेरिका कृषि और डेयरी क्षेत्रों में अधिक बाजार पहुंच की मांग कर रहा है, लेकिन भारत इससे इन्कार कर चुका है।

भारत ने साफ कहा है कि वह किसानों और पशुपालकों के हितों से समझौता नहीं करेगा। दोनों देश सितम्बर-अक्टूबर 2025 तक बीटीए के पहले चरण को पूरा करने की योजना बना रहे हैं। फरवरी में वाशिंगटन डीसी में मुलाकात के दौरान ट्रम्प और मोदी ने द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक दोगुना करने का लक्ष्य रखा था। अमेरिका चाहता है कि उसके डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, पनीर, घी को भारत में आयात की अनुमति मिले। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और इस सेक्टर में करोड़ों छोटे किसान लगे हुए हैं। भारत सरकार को डर है कि अगर अमेरिकी डेयरी उत्पाद



**अमेरिका कृषि और डेयरी क्षेत्रों में अधिक बाजार पहुंच की मांग कर रहा, भारत कर चुका है इन्कार**

भारत में आएंगे, तो वे स्थानीय किसानों को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके अलावा धार्मिक भावना भी जुड़ी हुई हैं। अमेरिका में गायों को बेहतर पोषण के लिए जानवरों की हड्डियों से बने एंजाइम (जैसे रैनेट) को उनके खाने में मिलाया जाता है। भारत ऐसी गायों के दूध को 'नान वेज मिल्क' यानी मांसाहारी दूध मानता है। भारत की शर्त है कि कोई भी डेयरी उत्पाद तभी भारत में बिक सकता है जब वह यह प्रमाणित करे कि वह पूरी तरह शाकाहारी स्रोत से बना हो। स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'स्वदेशी' उत्पादों को बढ़ावा देने और किसानों, मछुआरों और पशुपालकों के हितों की रक्षा करने का संकल्प दोहराया था। उन्होंने कहा कि भारत अपने किसानों और पशुपालकों के हितों से कोई समझौता नहीं करेगा। भारत और अमेरिका का लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 191 अरब डालर से बढ़ाकर 500 अरब डालर करना है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जुलाई 2025 में भारत का अमेरिका को निर्यात 21.64 प्रतिशत बढ़कर 33.53 अरब डालर हो गया, जबकि आयात 12.33 प्रतिशत बढ़कर 17.41 अरब डालर रहा। अमेरिका इस दौरान भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा, जिसके साथ 12.56 अरब डालर का व्यापार हुआ। अप्रैल से भारत का अमेरिका को निर्यात लगातार बढ़ रहा है। इसी बीच शुक्रवार देर रात को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बीच यूक्रेन मुद्दे पर अलास्का में बैठक हुई। इस बैठक से उम्मीद थी कि दोनों देशों के बीच तनाव कम होने से भारत पर अतिरिक्त शुल्क में राहत मिल सकती है। ट्रम्प ने कहा कि अगर मुझे प्रतिबंध लगाना पड़ा, तो मैं लगाऊंगा, लेकिन शायद मुझे ऐसा न करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि भारत रूस से लगभग 40 प्रतिशत तेल खरीदता है, भारत पर एक्स्ट्रा टैरिफ से रूस से अपना बड़ा ग्राहक खो दिया है।

### ट्रम्प 22 अगस्त तक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन के पक्ष में

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूरोपीय नेताओं से कहा है कि वह 22 अगस्त तक रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ एक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन आयोजित करना चाहते हैं। अमेरिकी मीडिया एक्सियोस ने शनिवार को यह जानकारी दी। ज़ेलेंस्की ने शनिवार को एक पोस्ट में कहा कि वह सोमवार को वाशिंगटन में ट्रम्प से मिलेंगे। एक्सियोस के अनुसार, ट्रम्प ने यूरोपीय नेताओं को सोमवार को व्हाइट हाउस में होने वाली बैठक में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित किया। उधर जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने शनिवार को कहा कि ज़ेलेंस्की और ट्रम्प के बीच सोमवार की बैठक के बाद एक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन होने की उम्मीद है। अभी तक, रूसी पक्ष ने सार्वजनिक रूप से त्रिपक्षीय बैठक के लिए कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई है।

# ट्रम्प ने वॉशिंगटन में नेशनल गार्ड की तैनाती बढ़ाई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प राजधानी वाशिंगटन डीसी में और ज्यादा गार्ड तैनात करने की तैयारी कर रहे हैं। उनके आदेश पर वेस्ट वर्जीनिया, साउथ कैरोलिना और ओहियो के गवर्नरों ने शनिवार को अपने राज्यों के नेशनल गाड्र्स को वाशिंगटन भेजने की घोषणा की है। वेस्ट वर्जीनिया से 300-400, साउथ कैरोलिना से 200 और ओहियो से करीब 150 नेशनल गार्ड आएंगे।

अभी वाशिंगटन में 800 नेशनल गाड्र्स तैनात हैं। इन्हें सीधा ट्रम्प कंट्रोल करते हैं। इन तीन राज्यों से लगभग 700 एक्स्ट्रा सैनिकों के आने से वाशिंगटन में नेशनल गार्ड की संख्या लगभग दोगुनी हो जाएगी। हालांकि नेशनल गाड्र्स की तैनाती को लेकर शनिवार को लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। इससे पहले 12 अगस्त को ट्रम्प ने वाशिंगटन को केंद्र सरकार के कंट्रोल में ले लिया था। उन्होंने कहा कि राजधानी में हालात काबू से बाहर हैं, राजधानी में बिगड़ी कानून व्यवस्था को फिर से पटरी पर लाना जरूरी है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान कहा था कि उन्होंने राजधानी में 'डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया होम रूल एक्ट की धारा 740' लागू कर दी है। इसका मतलब है कि डीसी मेट्रोपालिटन पुलिस अब सीधे केंद्र सरकार के नियंत्रण में काम करेगी। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में कहा कि हमारी राजधानी को हिंसक गिरोहों और अपराधियों ने घेर लिया है। 2024 में हिंसक अपराध 30 साल के निचले स्तर पर पहुंचे। हम नेशनल गार्ड की मदद से कानून और व्यवस्था बहाल करेंगे।



■ **तीन राज्यों से 700 सैनिक बुलाए, अमेरिकी राष्ट्रपति बोले थे: राजधानी में हालात काबू से बाहर**

# रूस ने 21 हजार यूक्रेनी बच्चों को किडनैप किया

**कीव।** यूक्रेन की सिक्योरिटी सर्विस (एसबीयू) ने दावा किया है कि जंग शुरू होने के बाद से रूस ने अब तक 21 हजार यूक्रेनी बच्चों को किडनैप किया है। इन बच्चों को अलग-अलग ठिकानों पर रखकर उन्हें यूक्रेन के खिलाफ जंग लड़ने के लिए ब्रेनवाश किया जा रहा है।

वहीं, येल यूनिवर्सिटी के रिसर्च ग्रुप ने पब्लिक डेटाबेस और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए ऐसे 8400 से ज्यादा बच्चों की पहचान की है, जिन्हें यूक्रेन से प्लानिंग के तहत रूस भेजा गया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कुछ अरसा पहले कहा था कि हम कम से कम 11,000 बच्चों के नाम तो जानते हैं, जिन्हें जबरन रूस भेजा गया है। एसबीयू ने ऐसी करीब 150 जगहों का पता लगाया है, जहां

**दावाः बच्चों को अलग-अलग ठिकानों पर रखकर ब्रेनवॉश करके यूक्रेन के खिलाफ ही जंग लड़ने भेजा जा रहा**

इन बच्चों को या तो कैम्पों में या उनके कथित दत्तक परिवारों के पास रखा गया है। कुछ बच्चों को मिलिट्री स्कूलों में भर्ती किया गया है। अब तक रूस ने सिर्फ 1200 यूक्रेनी बच्चों को ही वापस भेजा है। यूक्रेन युद्ध की वजह से अब तक 50 लाख से ज्यादा बच्चों को विस्थापित होना पड़ा है। पूर्वी यूक्रेन में रह रहे 16 लाख बच्चों को सबसे ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यूक्रेनी बच्चों की बड़ी आबादी ऐसे मानसिक तनाव से जूझ रही है, जिससे शायद वे कभी उबर नहीं पाएंगे। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) इन बच्चों की किडनैपिंग को वार क्राइम करार दे चुका है।

वहीं नीदरलैंड्स के हेग स्थित इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) इस मामले में रूसी राष्ट्रपति पुतिन को 'वार क्रिमिनल' घोषित करके उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर चुका है। बीते कुछ महीनों में ट्रम्प के साथ अपनी बातचीत में जेलेंस्की ने बार-बार गुमशुदा बच्चों का मुद्दा उठाया है। मई में अमेरिकी सीनेट के एक ग्रुप ने भी एक प्रस्ताव पेश कर कहा था कि रूस के साथ किसी भी शांति समझौते को अंतिम रूप देने से पहले सभी यूक्रेनी बच्चों की वापसी तय होनी चाहिए। जंग शुरू होने के बाद से अब तक 50 लाख यूक्रेनी बच्चे को पलायन करना पड़ा है।

### सूडान में आरएसएफ के हमले में 31 की मौत, 13 घायल

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान के अल फशर शहर में रैपिड सपोर्ट फोर्सेस के हमले में शनिवार को कम से कम 31 लोग मारे गए जिनमें सात बच्चे और एक गर्भवती महिला शामिल हैं। इस हमले में 13 अन्य लोग घायल हो गए। स्वयंसेवी समूह सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क ने एक बयान में कहा कि आरएसएफ ने अबू शौक विस्थापन शिविर को जानबूझकर तोपखाने से निशाना बनाकर जघन्य अपराध किया है। बयान में चेतावनी दी गई कि अल फशर की जारी घेराबंदी के कारण दवा, चिकित्सा कर्मचारियों एवं भोजन की भारी कमी हो गई है जिससे हजारों विस्थापित महिलाओं एवं बच्चों को धीमी मौत का सामना करना पड़ रहा है। अबू शौक आपातकालीन कक्ष ने एक बयान में कहा कि शनिवार को शिविर के उत्तरी हिस्से में भारी गोलाबारी हुई जिसके परिणामस्वरूप 30 से अधिक लोगों की मौत हो गई।

# पाक में बाढ़ से हालात हुए बेकाबू

## 327 लोग गंवा चुके हैं जान

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तरी क्षेत्र में बारिश और बाढ़ से तबाही मचा रखी है। हालात बेकाबू होते जा रहे हैं। पाकिस्तान में बाढ़ के चलते अब तक 327 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

जबकि मानसूनी बारिश के चलते 26 जून से अब तक 650 लोगों की मौत हो चुकी है। अब मौसम विभाग ने 17 अगस्त से 21 अगस्त तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। साथ ही उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों के लोगों से एहतियाती उपाय करने की अपील की है। पाकिस्तान के आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि मूसलाधार बारिश और बादल फटने के चलते अचानक आई बाढ़ ने खैबर पख्तूनख्वा में कम से कम 327 लोगों की जान ले ली है। अकेले बुनेर में ही 200 से अधिक लोग मारे गए हैं। कम से कम 137 लोग घायल हो गए। बाढ़ के चलते घर ढह गए और पानी के तेज बहाव में कई लोग, मवेशी और



■ **मानसूनी बारिश के चलते 26 जून से अब तक 650 लोगों की मौत हो चुकी सेना भी चला रही अभियान**

वाहन बह गए। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि दूरदराज के गांवों में कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। साथ ही कई लोग लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि लगभग दो हजार कर्मियों के साथ बचाव कार्य जारी है, लेकिन पुलों और संपर्क मार्गों सहित प्रमुख सड़कों के नष्ट होने से राहत कार्य प्रभावित हो रहा है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने चेतावनी दी है कि इस वर्ष सामान्य से पहले शुरू हुई मूसलाधार बारिश अगले दो सप्ताह तक और अधिक तीव्रता के साथ जारी रहने की उम्मीद है।

खैबर पख्तूनख्वा में काम कर रही बचाव एजेंसी के प्रवक्ता बिलाल अहमद फैजी ने कहा कि भारी बारिश, भूस्खलन और सड़कें बहने से बचाव कार्यों जैसे मशीनरी और एंबुलेंस के परिवहन में परेशानी आ रही है। कुछ इलाकों में मजदूरों को आपदा स्थलों तक पहुंचने के लिए लंबी दूरी पैदल चलने पर मजबूर होना पड़ रहा है। वे बचे हुए लोगों को निकालने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन बहुत कम लोग ही अपने रिश्तेदारों या प्रियजनों की मलबे में फंसकर हुई मौत के कारण वहां से निकल पा रहे हैं।

# ईरान-रूस बढ़ाएंगे आपसी सहयोग

**तेहरान।** ईरानी उपराष्ट्रपति मोहम्मद-रज़ा आरेफ़ और रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तीन ने शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के विस्तार का आह्वान किया। उपराष्ट्रपति कार्यालय के एक बयान के अनुसार, किर्गिस्तान के चोलपोन-अता में यूरेशियन आर्थिक संघ (ईएईयू) के सम्मेलन से इतर एक बैठक में, दोनों देशों ने साझा हित के क्षेत्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की।

आरेफ़ ने क्षेत्रीय मुद्दों से निपटने में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए रूस से द्विपक्षीय, बहुपक्षीय और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने ऊर्जा, पर्यटन, परिवहन और पारगमन गलियारों को लेकर आपसी सहयोग को आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि दोनों देशों को अपनी वैज्ञानिक और तकनीकी उपलब्धियां साझा करनी

■ **रूसी प्रधानमंत्री ने पिछले वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग में उल्लेखनीय वृद्धि की**

चाहिए और विदेशी हस्तक्षेप के बिना बहुपक्षवाद की रणनीति अपनाते हुए क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करनी चाहिए। ईरानी परमाणु कार्यक्रम के बारे में अरेफ़ ने कहा कि उन्होंने हमेशा बातचीत के माध्यम से अपनी परमाणु गतिविधियों के लिए विश्वास बनाने की कोशिश की है लेकिन कुछ पश्चिमी देश इसे एक राजनीतिक मुद्दे में बदल रहे हैं। रूसी प्रधानमंत्री ने पिछले वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग में उल्लेखनीय वृद्धि की सराहना करते हुए आपसी निरंतर एवं रचनात्मक राजनयिक संपर्कों पर प्रकाश डाला और विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यटन में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राइमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:-प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP® RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्र्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108